दैनिक जागरण
अभाव की स्थिति भी बहुत कुछ सिखाती है

## प्रधानमंत्री की चिंतन बैठक

प्रधानमंत्री की ओर से अपनी मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों के साथ दो दिवसीय चिंतन बैठक यह रेखांकित कर रही है कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श होने जा रहा है। इनमें से एक विकसित भारत के लिए आवश्यक कदमों पर अमल करना और सुधारों को आगे बढ़ाना है। इस बैठक में योजनाओं की प्रगति, नीतियों के क्रियान्वयन और मंत्रालयों के बीच तालमेल जैसे विषयों पर भी चर्चा संभावित है। जो भी हो, सरकार के कामकाज को और प्रभावी बनाना समय की मांग है। इसके लिए नौकरशाही को अपना रुख-रवैया बदलना होगा। इससे इन्कार नहीं कि मोदी सरकार की ओर से विकास और जनकल्याण संबंधी अनेक कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि इन कार्यों की गति और गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति करके ही 2047 तक देश को विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस लक्ष्य को आसान बनाने के लिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि सरकार एक साथ कई मोर्चों पर गंभीरता से ध्यान दे। इनमें एक मोर्चा है शहरों की सूरत संवारने का। चूंकि शहर आर्थिक विकास के इंजन हैं, इसलिए उनके ढांचे में सुधार के साथ नागरिक सुविधाओं में बेहतरी समय की मांग है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि समृद्धि बढ़ने के साथ एक ऐसा वर्ग उभर आया है, जिसे सब कुछ गुणवत्तापूर्ण चाहिए। इनमें नागरिक सुविधाओं से लेकर उपभोक्ता सामग्री एवं आमोद-प्रमोद के साधन भी शामिल हैं। ध्यान रहे कि देशों का वैभव उनके शहरों से भी प्रकट होता है। शहरों को साधन संपन्न बनाने का काम प्रमुखता से होना चाहिए, ताकि वे तनाव मुक्त जीवन का जरिया बन सकें।

शहरों की सूरत संवारने के साथ ही सरकार को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सेहत सुधारने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। यह ठीक नहीं कि तमाम प्रयासों के बाद भी कृषि की उत्पादकता बढ़ने का नाम नहीं ले रही है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है। एक अन्य मोर्चा शिक्षा का है। यह ठीक है कि नई शिक्षा नीति पर अमल हो रहा है, लेकिन सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना अभी भी एक चुनौती बना हुआ है। ऐसी ही चुनौती युवाओं को उपयुक्त कौशल से लैस करने की भी है। हमारे युवा डिग्री तो हासिल कर ले रहे हैं, लेकिन वे किसी कौशल से लैस नहीं हो पा रहे हैं। इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए, क्योंकि इससे ही रोजगार की चुनौती का सामना करने में मदद मिलेगी। किसी भी सरकार का लक्ष्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना और जीवन को आसान बनाना होता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तब आसानी से होती है, जब नियम-कानूनों का सही से पालन होता है।

## सख्ती आवश्यक

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में म्यूजिक सिस्टम की तेज आवाज से कक्षा दो की छात्रा की मौत के कथित मामले में तत्काल किसी निष्कर्ष पर सीधे पहुंचना कठिन है। यह तो जांच का विषय है और उसके आधार पर ही कुछ कहा जा सकता है। परिवार के लोगों ने चूंकि बच्ची का पोस्टमार्टम नहीं कराया, इसलिए मौत के कारण को लेकर संदेह बना रहेगा। वैसे स्कूल अवधि में जिस समय बच्ची की तबीयत बिगड़ी, वहां से म्यूजिक सिस्टम के गुजरने के साक्ष्य मिले हैं। विद्यालय में शिक्षकों और बच्चों ने तेज आवाज महसूस की। चिकित्सा विज्ञान कहता है कि अत्यधिक तेज ध्वनि से हार्मोन का स्तर बढ़ने से हार्ट अटैक की आशंका बनती है। अस्पताल, स्कूल, न्यायालय जैसे शांत क्षेत्र में विशेष प्रतिबंध लागू होते हैं। असुविधा तब होती है, जब ध्वनि मानक के ऐसे नियम कागजों पर रह जाते हैं। पुलिस-प्रशासन को इनका पालन सुनिश्चित कराने के साथ उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। समझना होगा कि आस्था की अभिव्यक्ति किसी दूसरे के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा न बने। हर व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि उसके परिवार में भी ऐसे लोग हो सकते हैं जो इतनी तेज आवाज को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। बलरामपुर में जहां विद्यालय संचालित है, वहां इसका अनुपालन विसर्जन करने वाला समूह कर रहा था या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। सार्वजनिक आयोजनों में तेज ध्वनि का प्रसारण चिंता का विषय है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ताजा घटना प्रशासन के लिए गंभीर चेतावनी है।

> नियम का जमीन पर दिखना भी आवश्यक है। ध्वनि मानकों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई हो

# अमेरिकी दबदबा बढ़ाने की कोशिश में ट्रंप



हर्ष वी. पंत

**संयुक्त राष्ट्र के मंच से ट्रंप के संबोधन ने यही दर्शाया कि अमेरिका अपने मित्र राष्ट्रों एवं प्रतिद्वंद्वियों पर रणनीतिक दबाव और बढ़ा सकता हैं**

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति का संबोधन एक अहम पड़ाव होता है कि यह महाशक्ति शेष विश्व को किस दृष्टि से देखती है। चूंकि राष्ट्रपति ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अपारंपरिक एवं अप्रत्याशित पहलुओं से भरा रहा है, इसलिए उनके संबोधन को लेकर उत्सुकता स्वाभाविक थी। ट्रंप का संबोधन उनके दूसरे कार्यकाल की विदेश नीति के आधारभूत तर्कों की एक स्पष्ट और सटीक अभिव्यक्ति साबित हुआ। इसमें ट्रंप ने यह दर्शाने का प्रयास किया कि अमेरिका केवल 'अपनी महानता की वापसी' की ओर ही नहीं लौट रहा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अपनी शर्तों के अनुसार नया स्वरूप देने के प्रति संकल्पित भी है। उनका मूल संदेश उनकी चिरपरिचित शैली के अनुरूप ही था कि किसी संस्थागत आम सहमति के बजाय अमेरिकी सैन्य एवं आर्थिक सामर्थ्य ही वैश्विक शांति की प्रमुख संरक्षक होगी। ट्रंप ने जिस तरह दुनिया को खतरों, कमजोर संस्थाओं और रणनीतिक होड़ से घिरे परिदृश्य के रूप में चित्रित किया, उसमें 'शक्ति के जरिये शांति' महज एक नारा नहीं, बल्कि वाशिंगटन के वैश्विक दृष्टिकोण को समझने का एक व्यावहारिक ढांचा बनकर उभरा।

ट्रंप के भाषण में ईरान का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। उन्होंने तेहरान को दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा प्रायोजक करार दिया और दोहराया कि अमेरिका किसी भी सूरत में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। हालांकि उनकी आक्रामक बयानबाजी ने कूटनीति और टकराव दोनों ही विकल्पों को खुला रखा। जहां उन्होंने दो-टूक कहा कि ईरान के सामने विकल्प एकदम स्पष्ट हैं कि या तो वह वाशिंगटन की स्वीकार्य शर्तों पर समझौता करे या फिर अप्रत्याशित सैन्य बल के प्रहार का सामना करने को तैयार रहे। इस तीखी बयानबाजी के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों से इतर अमेरिकी और ईरानी राजनयिकों में संवाद भी जारी रहा। यह ट्रंप की सौदेबाजी पर केंद्रित कूटनीति को ही उजागर करता है। उन्होंने पश्चिमी गोलार्ध को लेकर भी कड़ा रवैया दिखाया। वेनेजुएला, निकोलस मादुरो और तेल संसाधनों के आलोक में 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' सरीखे नजरिये से उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन इस क्षेत्र को ऐसे दायरे के रूप में देख रहा है, जहां अमेरिकी वर्चस्व न केवल स्थापित होना चाहिए, बल्कि उसे सख्ती से लागू भी किया जाना चाहिए। उन्होंने क्यूबा को एक विफल कम्युनिस्ट देश के रूप में चित्रित किया।



अवधेश राजपूत

कुछ समय से ट्रंप की छवि ऐसे व्यक्ति की बन गई है, जो अपनी पीठ स्वयं थपथपाने को लेकर कोई संकोच नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी उन्होंने यही दोहराया कि एक के बाद एक युद्ध, टकराव और तनाव दूर करने में उनकी कितनी अहम भूमिका रही। इस कड़ी में उन्होंने कंबोडिया-थाईलैंड, कोसोवो-सर्बिया, रवांडा-कांगो, भारत-पाकिस्तान, आर्मेनिया-अजरबैजान और गाजा के विवादों को ऐसे उदाहरणों के रूप में गिनाया, जिनका उनके शासनकाल में स्थायी समाधान हुआ या युद्धविराम संभव हो सका। आर्कटिक और ग्रीनलैंड ट्रंप की नई नीति में अंतर्निहित भू-राजनीतिक दृष्टिकोण के सबसे मुखर उदाहरण के रूप में सामने आए। अमेरिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने और डेनमार्क एवं ग्रीनलैंड के साथ नए सुरक्षा समझौतों पर ट्रंप का आग्रह आर्कटिक की बढ़ती सामरिक अहमियत का परिचायक रहा। स्पष्ट है कि अमेरिका के लिए यह क्षेत्र अब एक सीमांत परिधि से परे बृहद-शक्ति प्रतिस्पर्धा, समुद्री आवाजाही, संवेदनशील अवसंरचना और उत्तरी अमेरिका की संप्रभु रक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

ट्रंप का संबोधन शीतयुद्ध के बाद आकार लेने वाली वैश्विक व्यवस्था की स्थापित मान्यताओं पर एक तीखा प्रहार भी था। वे संयुक्त राष्ट्र को ऐसी संस्था मानते हैं, जो कट्टर वामपंथी एजेंडे के चंगुल में फंसी हुई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कराधान और साझा नियामक ढांचे थोपने से जुड़ी कोशिशों को भी आड़े हाथों लिया। वैश्विक कार्बन टैक्स का विरोध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ पर अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों को सिरे से खारिज करना उनकी उसी नीति को ही दर्शाता है कि ऐसे सभी मामलों में निर्णयन को लेकर वाशिंगटन की पूर्ण स्वतंत्रता अक्षुण्ण रहनी चाहिए, जिन्हें अमेरिका अपनी राष्ट्रीय शक्ति की धुरी मानता है। मानवाधिकार परिषद और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय पर ट्रंप के तीखे हमलों ने भी यह साफ कर दिया कि वे ऐसी संस्थाओं के प्रभाव एवं अधिकार को किस हद तक अस्वीकार करते हैं। उनके संबोधन में तेल संसाधनों, विवादों के समाधान और ड्रग कार्टेल्स पर नकेल कसने संबंधी कई दावे संदेहास्पद भी रहे। आखिर किसी संघर्ष के 'समाप्त' होने का एलान करने और एक स्थायी राजनीतिक समाधान निकालने के बीच का फर्क समझना जरूरी है। ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व के दावों को भी राजनीतिक बयानबाजी के बजाय वास्तविक वैश्विक भंडारों और उत्पादन के धरातल पर परखे जाने की जरूरत है।

कुल मिलाकर, इस संबोधन की अहमियत किसी एक दावे में नहीं, बल्कि उस समग्र दृष्टिकोण में निहित है, जिसने इसे आकार दिया। इसमें ट्रंप ने एक ऐसे अमेरिका की तस्वीर पेश की, जो अपनी सैन्य और आर्थिक ताकत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रति सशंकित भी। साथ ही किसी बाहरी बंदिश को स्वीकार करने को तैयार नहीं और अपने रणनीतिक हितों की पूर्ति के लिए पहले से कहीं अधिक तत्पर है। इस पूरे भाषण का मर्म अमेरिकी वर्चस्व की नए सिरे से पुनर्स्थापना पर केंद्रित रहा। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए इसके दूरगामी और गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका रणनीतिक दबाव को ही अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का प्राथमिक आधार समझता है। संभव है कि वह अपने मित्र राष्ट्रों, बहुपक्षीय मंचों और प्रतिद्वंद्वियों पर ऐसा दबाव और बढ़ाए। सवाल यह नहीं है कि क्या अमेरिका आज भी एक महाशक्ति है, बल्कि अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि वह अपनी शक्ति का एक सुदृढ़ एवं दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाने में कैसे उपयोग करेगा।

(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)
response@jagran.com

# यूपीआइ तंत्र के हित में है एमडीआर



अशोक चंद

**यूपीआइ भुगतान पर कुछ शुल्क लगने के बाद भी नकदी की तरफ लौटने का कोई खतरा नहीं दिख रहा हैं**

यूपीआइ यानी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस वह सिस्टम है, जिसकी वजह से हम मोबाइल से तुरंत किसी को भी पैसे भेज या मंगवा सकते हैं। इसे 2016 में एनपीसीआइ (नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया) ने शुरू किया था और तब सिर्फ 44 बैंक इससे जुड़े थे। आज 750 से अधिक बैंक इससे जुड़े हैं। शुरुआत में इसका इस्तेमाल बहुत कम था, लेकिन आज हर महीने 2,400 करोड़ से भी ज्यादा लेनदेन इसी के जरिये हो रहे हैं। यानी हर दिन करीब 80 करोड़ से अधिक बार लोग यूपीआइ से पैसे भेज या ले रहे हैं। यह बदलाव सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं। गांव की छोटी दुकान, ठेले वाला, आटो चालक आदि सब यूपीआइ क्यूआर कोड से जुड़ चुके हैं। इसने नकदी पर निर्भरता को कम किया है और बैंकिंग को उन लोगों तक पहुंचाया है, जिनके पास पहले कभी डेबिट-क्रेडिट कार्ड नहीं था। इसने छोटे व्यापारियों को बिना किसी भारी उपकरण या शुल्क के डिजिटल भुगतान अपनाने का मौका दिया। अर्थशास्त्र की दृष्टि से देखें तो यूपीआइ ने भुगतान की लागत को शून्य कर दिया, जिससे औपचारिक आर्थिकी का दायरा बढ़ा और वित्तीय समावेशन को नई गति मिली। यूपीआइ सिर्फ एक तकनीकी सुविधा नहीं, बल्कि भारत की डिजिटल आर्थिकी की रीढ़ है।

यूपीआइ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खूब सराहा गया है। आइएमएफ ने जून 2025 में यूपीआइ को दुनिया का सबसे बड़ा रीयल-टाइम भुगतान तंत्र बताया था, जो विश्व का करीब 49 प्रतिशत रीयल-टाइम डिजिटल लेनदेन संभालता है-ब्राजील, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से भी अधिक। आज भूटान, नेपाल, सिंगापुर, यूएई, फ्रांस, श्रीलंका, मारीशस और मालदीव समेत करीब एक दर्जन देश यूपीआइ को अपना चुके हैं और कई देश अपने डिजिटल भुगतान ढांचे को इसी माडल पर बनाने पर विचार कर रहे हैं। अब इसी मुफ्त सिस्टम में 15 अक्टूबर से मामूली शुल्क लगने जा रहा है, जिसे एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट कहा जाता है। एनपीसीआइ के इस फैसले ने हलचल पैदा की है, लेकिन असली तस्वीर समझने के लिए इसे आंकड़ों और अर्थशास्त्र की नजर से देखना जरूरी है। 2,000 रुपये तक के यूपीआइ भुगतान पूरी तरह मुफ्त ही रहेंगे और यही रकम कुल भुगतान (यानी जब किसी दुकानदार को यूपीआइ से पैसे दिए जाते हैं) का 95 प्रतिशत से भी ज्यादा हिस्सा है। मतलब सौ में से 95 से ज्यादा बार जब आप यूपीआइ से पैसे देंगे तो कोई शुल्क नहीं लगेगा।



यूपीआइ से वित्तीय समावेशन को मिली तेज गति। फाइल

यूपीआइ भुगतान पर शुल्क सिर्फ उन पांच प्रतिशत से भी कम लेनदेन पर लगेगा जो 2,000 से अधिक के होंगे और वह भी सिर्फ बड़े दुकानदारों-कारोबारियों पर। जो छोटे दुकानदार महीने में एक लाख रुपये तक यूपीआइ क्यूआर कोड से कमाते हैं, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उनके लिए सब कुछ पहले जैसा मुफ्त ही रहेगा। दर भी बहुत मामूली रखी गई है-सिर्फ 0.4 प्रतिशत और वह भी 75,000 या उससे अधिक के लेनदेन पर अधिकतम 300 तक। यह शुल्क ग्राहक से नहीं, बल्कि दुकानदार से लिया जाएगा यानी 3,000 की खरीदारी पर दुकानदार को सिर्फ 12 रुपये का एमडीआर देना होगा। 1,00,000 की खरीदारी पर 0.4% के हिसाब से 400 बनते हैं, लेकिन दुकानदार से अधिकतम 300 ही लिया जाएगा। रेलवे टिकट, बीमा प्रीमियम, बिजली-पानी बिल, पेट्रोल पंप और स्कूल-कालेज की फीस आदि पर तो और भी राहत है।

भारत में क्रेडिट कार्ड पर दुकानदारों को आमतौर पर 1.5 से 2.5 प्रतिशत तक शुल्क देना पड़ता है, जबकि डेबिट कार्ड पर यह करीब 0.9 प्रतिशत तक जा सकता है। इस हिसाब से यूपीआइ की 0.4 प्रतिशत दर अब भी सबसे सस्ती रहेगी-क्रेडिट कार्ड से चार-छह गुना कम और डेबिट कार्ड से भी काफी कम। इसका मतलब है कि दुकानदारों के पास डिजिटल भुगतान अपनाते रहने की वजह बनी रहेगी और नकदी की तरफ लौटने का खतरा नहीं बढ़ेगा। बाकी बड़े देशों से तुलना करें तो भारत की यह दर वाकई कम ठहरती है। चीन में अलीपे जैसे मोबाइल-वालेट दुकानदारों से 0.6 प्रतिशत तक शुल्क लेते हैं यानी यूपीआइ से भी ज्यादा, जबकि वहां भी लेनदेन की संख्या भारत जैसी ही बहुत बड़ी है। ब्राजील में डेबिट कार्ड पर एक प्रतिशत शुल्क है। अमेरिका में कोई सीमा तय नहीं है और क्रेडिट कार्ड की फीस अक्सर 2 से 3 प्रतिशत तक चली जाती है, जिसकी शिकायत वहां के छोटे दुकानदार बरसों से करते आए हैं। इन सबकी तुलना में भारत की 0.4 प्रतिशत दर बहुत ही कम बैठती है।

असली सवाल शुल्क की दर से ज्यादा उसकी वजह का है। यूपीआइ पर हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये खर्च सिर्फ सर्वर, साइबर सुरक्षा और तकनीकी ढांचे पर आता है। कोई भी सुविधा हमेशा मुफ्त नहीं चल सकती। जब कोई सुविधा बिल्कुल मुफ्त होती है तो अक्सर सिर्फ बड़ी कंपनियां ही लंबे समय तक घाटा झेल पाती हैं और नई-छोटी कंपनियों के लिए बाजार में टिकना मुश्किल हो जाता है। एक मामूली शुल्क इस बाजार में और प्रतिस्पर्धा ला सकता है और नई तकनीक में निवेश को बढ़ावा दे सकता है।

(लेखक पंजाब नेशनल बैंक के एमडी एवं सीईओ हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### मन के बोझ से मुक्ति

हर मनुष्य के भीतर एक अदम्य आकांक्षा सदैव विद्यमान रहती है कि अपनी वर्तमान अवस्था से उन्नत एवं श्रेष्ठ स्थिति की ओर अग्रसर होना है। यह आकांक्षा मनुष्यता का मूल स्वभाव है। विडंबना यही है कि यह ऊर्जा बाल्यावस्था में तो उन्मुक्त प्रवाह के साथ प्रवाहित होती है, परंतु आयु में वृद्धि के साथ-साथ क्षीण होती चली जाती है। जहां इसे समय के साथ प्रगाढ़ होना चाहिए था, वहां यह निस्तेज पड़ जाती है। इसका मूल कारण है-मन की चंचलता और उसका निरंतर भटकाव।

मनुष्य का मन एक अनियंत्रित अश्व के समान है, जो क्षण-प्रतिक्षण नवीन दिशाओं में दौड़ लगाता रहता है। यह कभी अतीत की स्मृतियों में उलझता है, तो कभी आशंकाओं में डूब जाता है। इस निरंतर भटकाव से मन पर एक अदृश्य भार संचित होता चला जाता है-चिंताओं का भार, असफलताओं की छाया का भार। यह भार इतना सूक्ष्म होता है कि हमें इसका आभास भी नहीं होता, किंतु यह हमारी संकल्प-शक्ति को कुंठित करता रहता है और जब यह भार असहनीय हो जाता है, तब हम किसी कार्य को आरंभ करने से पूर्व ही नकारात्मक विचारों के सघन कुहासे में विलीन हो जाते हैं। यहां एक शाश्वत सत्य उद्घाटित होता है कि हम किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति केवल उन्मुक्त मन से ही कर सकते हैं। जिस प्रकार आकाश में उड़ान भरने के लिए पक्षी को अपने पंखों को किसी बंधन से मुक्त रखना पड़ता है, उसी प्रकार जीवन के किसी भी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें अपने मन को पूर्वाग्रहों, भय और नकारात्मकता से मुक्त रखना होगा। जीवन की सार्थकता इसी में निहित है कि हम अपनी आंतरिक ऊर्जा को क्षीण न होने दें। उसे निरंतर प्रज्वलित रखें, ताकि हम उन्मुक्त भाव से सशक्त हुए मन के माध्यम से अपने प्रत्येक स्वप्न की पूर्ति में प्रयासरत हो सकें।

ममता कुशवाहा

## रोजगार में बदले ग्रामीण महिलाओं का हुनर

सीता

**ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना जरूरी हैं, ताकि उनकी आमदनी बढ़ सके**

देश के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि उनके श्रम की कोई कीमत नहीं है। दिन की शुरुआत घर के काम से होती है और एक बड़ा हिस्सा खेत, पशुओं और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच गुजर जाता है। सुबह से शाम तक काम करने के बावजूद उनके हाथ में अपनी कमाई नहीं होती है। वह परिवार की अर्थव्यवस्था को संभालने में लगातार योगदान देती हैं, लेकिन आर्थिक फैसलों में उसकी भूमिका लगभग शून्य होती है। राजस्थान में महिलाओं की शिक्षा की स्थिति भी इस तस्वीर को समझने में मदद करती है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर 58.75 प्रतिशत थी, जबकि पुरुषों की ग्रामीण साक्षरता दर 78.57 प्रतिशत थी। पिछले वर्षों में शिक्षा के अवसर बढ़े हैं, लेकिन ग्रामीण समाज के कई हिस्सों में लड़कियों की पढ़ाई आज भी परिवार की प्राथमिकताओं में पीछे रह जाती है। जब किसी महिला के पास अपनी आमदनी नहीं होती, तो रोजमर्रा की छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए भी उसे परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह निर्भरता केवल पैसे की कमी नहीं है। कई बार यह उसके अपने फैसले लेने की क्षमता को भी सीमित करती है। ऐसी स्थिति में अगर घर में उसके साथ हिंसा या किसी तरह का दुर्व्यवहार होता है, तो आर्थिक मजबूरी उसके सामने विकल्पों को और कम कर देती है। इसलिए ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना केवल परिवार की आय बढ़ाने का मामला नहीं है, बल्कि यह उन्हें अपने जीवन से जुड़े निर्णयों में अधिक भागीदारी देने और कठिन परिस्थितियों में अपने लिए आवाज उठाने की क्षमता देने का भी सवाल है।

विडंबना यह है कि गांवों की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान उन कामों में है, जिन्हें अक्सर काम ही नहीं माना जाता। महिलाएं खेतों में बीज बोने से लेकर निराई-गुड़ाई और फसल से जुड़े कई काम करती हैं। पशुपालन में चारा लाना, पशुओं की देखभाल, दूध निकालना और उससे जुड़े घरेलू कामों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की हालिया जेंडर रणनीति में भी ग्रामीण महिलाओं की कृषि और विशेष रूप से पशुपालन में बड़ी भागीदारी दर्ज की गई है। फिर भी इन कार्यों से होने वाली आय पर उनका नियंत्रण नहीं होता है। गांवों में महिलाओं के पास हुनर की कमी नहीं है और जिम्मेदारी उठाने की क्षमता भी कम नहीं है। कमी है तो ऐसे अवसरों की, जो उनके काम को पहचान दे और उसे बाजार से जोड़ सके। यदि गांव की महिला को उसके घर और गांव के आसपास ही सम्मानजनक रोजगार मिल सके, तो उसके लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह खुल सकती है।

(राजस्थान से जुड़ी लेखिका ग्रामीण आर्थिकी की जानकार हैं)

## मेलबाक्स

### नेता प्रतिपक्ष का अमर्यादित व्यवहार

'फूहड़ और विषाक्त होती राजनीति' शीर्षक से लिखे आलेख में राजीव सचान ने देश की वर्तमान राजनीति के गिरते स्तर और भाषाई मर्यादा के उल्लंघन पर जो चिंता व्यक्त की है, वह पक्ष-विपक्ष दोनों के लिए विचारणीय होनी चाहिए। इंदौर में नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में आचरण न तो उनकी पदेन गरिमा के अनुरूप था और न ही राष्ट्रीय दल कांग्रेस की मर्यादा के अनुकूल। राहुल गांधी ने न केवल संवैधानिक पद पर आसीन देश के प्रधानमंत्री का उपहास उड़ाया, अपितु उस मानवीय संवेदना पर भी कुठाराघात किया जो एक कार्यक्रम में मां जैसी बुजुर्ग महिला के प्रति प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने संस्कारवश सहज रूप से व्यक्त की गई थी। राहुल गांधी इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मर्यादा की सीमा रेखा लांघ चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कभी भी राहुल गांधी के अमर्यादित व्यवहार को लेकर टीका-टिप्पणी नहीं की। इससे राहुल गांधी का मनोबल बढ़ता गया और उन्होंने अपने फूहड़पन और अमर्यादित व्यवहार को ही कांग्रेस की राजनीति का पर्याय बना दिया। भारत के विपक्षी दल कांग्रेस के लिए यह अच्छी बात नहीं होगी कि उसके नेता को लोग गंभीरता से न लें।

डा.वीपी पाण्डेय, अलीगढ़

### महिला सुरक्षा का ध्यान

महज एक सप्ताह के भीतर बिहार के जमुई में कुछ मनचले युवकों द्वारा एक नाबालिग छात्र और छात्रा के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और अगवा करने का प्रयास न केवल निंदनीय है, बल्कि चिंता का विषय भी। क्या हमारी सड़कें और सार्वजनिक स्थल इतने असुरक्षित हो गए हैं कि आवाजाही भी खतरे में है? मनचले, शरारती तत्वों और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्हें कानून का भी कोई डर नहीं है? यह हमारी कानून, न्याय प्रणाली और सरकारी तंत्र की विफलता ही है जो आए दिन लड़कियों के साथ दुष्कर्म, छेड़खानी और हिंसा जैसे अपराध होते हैं। हाल ही में दिल्ली में नकली पुलिसकर्मी बन धमका कर कुछ युवकों ने एक नाबालिग से दुष्कर्म किया। ये घटनाएं बेटियों को निडर, निर्भर, बेबाक, चुस्त और सोच समझकर किसी पर विश्वास करने पर जोर देती हैं। पर सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की तैनाती आवश्यक है। महिलाओं से छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, हिंसा और दुष्कर्म जैसे मामलों में सख्त सजा का प्रविधान ऐसे कृत्यों में कमी ला सकता है।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

### संवाद की मर्यादा का पतन

बुधवार को 'फूहड़ और विषाक्त होती राजनीति' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में राजीव सचान ने सही कहा कि राजनीति में संवाद की मर्यादा का पतन और विरोधियों के प्रति बढ़ रही फूहड़ता केवल नेताओं या दलों का आपसी विवाद नहीं है, बल्कि यह पूरे लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए एक गंभीर संकट है। आज भारतीय राजनीति वैचारिक बहसों और नीतिगत विमर्शों से कोसों दूर जा चुकी है। संवाद की जगह अमर्यादित टिप्पणियों, व्यक्तिगत हमलों और फूहड़ता ने ले ली है। कांग्रेस और राहुल गांधी के मंचों पर स्टैंड-अप कामेडी के बहाने प्रधानमंत्री, उनकी विदेश नीति और यहां तक कि उनकी दिवंगत मां का उपहास किया जाना इस बात का प्रमाण है कि राजनीतिक दलों में अब शालीनता की कोई सीमा नहीं बची है। यह प्रवृत्ति किसी एक दल तक सीमित नहीं है। इंटरनेट मीडिया पर फर्जी खबरें, मार्फ्ड वीडियो और अभद्र पोस्ट के जरिये विरोधियों को नेस्तनाबूद करने की एक खतरनाक होड़ मची है। संसद से लेकर चुनावी रैलियों और डिजिटल मंचों तक भाषा का स्तर रसातल में जा रहा है। राजनीति में सामने वाले का चरित्र-हनन कर अंक अर्जित करना ही जैसे मुख्य हथियार बन गया है। यदि इस जहरीली संस्कृति पर लगाम नहीं लगाई गई, तो यह फूहड़पन हमारी पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को दीमक की तरह चाट जाएगा।

प्रमोद कुमार गोयल, मेरठ

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**1.23** लाख सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) फर्मों का जीईएम पर पंजीकरण हो चुका था 31 मार्च, 2026 तक उत्तर प्रदेश में, जबकि इस प्लेटफार्म पर पांच हजार से अधिक स्टार्टअप फर्म पंजीकृत थीं।



आजकल

# छोटे उद्यमों के लिए बढ़ता नया बाजार

**सरकार किसी देश की सबसे बड़े खरीदारों में से एक होती है। स्कूलों की किताबों से लेकर कार्यालयों के फर्नीचर तक-सरकारी जरूरतों का बाजार इतना बड़ा है कि यदि उसका एक हिस्सा भी छोटे कारोबारियों तक व्यवस्थित ढंग से पहुंच जाए तो वह लाखों उद्यमों के लिए कारोबार और रोजगार का आधार बन सकता है। इसमें समस्या यह थी कि इस विशाल बाजार तक छोटे उद्यमियों की पहुंच सीमित थी। इस जटिलता को आसान बना दिया गया है, जिसका लाभ अब लघु उद्यमियों को भी मिलने लगा है**



अनंत अमित
लोकनीति विश्लेषक



प्रतीकात्मक

दस वर्ष पहले शुरू हुए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने देश के लघु उद्यमियों के लिए व्यापक बाजार और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक उपलब्धि हासिल की है। अपने संचालन का एक दशक पूरा कर चुका जीईएम अब महज सरकारी खरीद का आनलाइन मंच नहीं रहा। अगस्त 2026 तक इसके माध्यम से 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संचयी कारोबार और 3.78 करोड़ से अधिक आर्डर दर्ज हो चुके थे। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस डिजिटल बाजार में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की भागीदारी लगातार बढ़ी है। ऐसे समय में जब रोजगार और उद्यमिता के लिए छोटे कारोबार को मजबूत करना आर्थिक नीति की प्राथमिकता है, जीईएम की दस वर्ष की यात्रा यह सवाल सामने रखती है कि क्या सरकारी खरीद वास्तव में छोटे उद्यमों के लिए बाजार और विकास का स्थायी आधार बन सकती है।

इस सवाल का जवाब केवल जीईएम पर दर्ज कारोबार के आकार में नहीं, बल्कि इस बात में छिपा है कि कितने छोटे उद्यम पहली बार बड़े संस्थागत खरीदारों तक पहुंचे, कितनों ने उत्पादन बढ़ाया और कितनों ने सरकारी मांग को स्थायी कारोबार में बदला। वस्तुतः सरकारी खरीद को अक्सर प्रशासनिक प्रक्रिया समझा जाता है, लेकिन इसका एक बड़ा आर्थिक पक्ष भी है। सरकार जितनी वस्तुएं और सेवाएं खरीदती है, वह बाजार देश के उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए मांग का बड़ा स्रोत बन सकता है। जीईएम ने इसी संभावना को डिजिटल मंच दिया है। अब किसी छोटे शहर का उद्यमी केवल अपने स्थानीय बाजार पर निर्भर रहने के बजाय सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों तक पहुंच बना सकता है। य

**उत्तर प्रदेश की उपलब्धि :** जहां तक बात उत्तर प्रदेश की है तो यहां सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) फर्मों का जीईएम पर पंजीकरण 31 मार्च, 2025 के 1,06,855 से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 1,23,075 हो गया। यानी एक साल में 16,220 फर्मों की वृद्धि हुई, जो लगभग 16 प्रतिशत है। यह वृद्धि बताती है कि उत्तर प्रदेश के छोटे उद्यम सरकारी संस्थानों की खरीद प्रक्रिया में उपलब्ध डिजिटल बाजार तक अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं। एमएसएमई को प्रोत्साहित करने और सरकारी खरीद में छोटे कारोबारियों की भागीदारी बढ़ाने वाली नीतियों के संदर्भ में यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। जीईएम पर महिला फर्मों के पंजीकरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई। 31 मार्च, 2025 को जहां 19,418 महिला फर्में पंजीकृत थीं, वहीं 31 मार्च, 2026 तक यह संख्या बढ़कर 23,407 हो गई। यानी एक वर्ष में 3,989 महिला फर्में जीईएम से जुड़ीं और इस श्रेणी में करीब 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सरकारी खरीद में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी उन्हें अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए व्यापक बाजार तक पहुंच बनाने का अवसर प्रदान करती है।

उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम की सक्रियता भी जीईएम के आंकड़ों में दिखाई देती है। 31 मार्च, 2025 को जीईएम पर 4,404 स्टार्टअप फर्में पंजीकृत थीं। 31 मार्च, 2026 तक यह संख्या बढ़कर 5,350 हो गई। यानी एक साल में 946 स्टार्टअप फर्में जुड़ीं और इस श्रेणी में करीब 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे नए उद्यमों को सरकारी संस्थानों तक अपने नवाचार, तकनीकी समाधान और सेवाएं पहुंचाने के लिए एक अतिरिक्त बाजार उपलब्ध होने की तस्वीर सामने आती है।

**छोटे कारोबारी के लिए बदलता बाजार :** लघु उद्यम की सबसे बड़ी समस्या अक्सर उत्पादन क्षमता नहीं, बल्कि बाजार तक पहुंच होती है। बड़ी कंपनियों के पास विपणन, बिक्री नेटवर्क और ब्रांड निर्माण के लिए पर्याप्त संसाधन होते हैं, जबकि छोटे उद्यमी स्थानीय बाजार में ही सीमित रह जाते हैं। जीईएम इस दूरी को कम करने का माध्यम बन सकता है। डिजिटल मंच पर पंजीकरण और उत्पाद सूचीबद्ध करने के बाद उद्यमी सरकारी खरीदारों तक पहुंच सकता है। इससे बाजार की भौगोलिक सीमा घटती है। उदाहरण के लिए किसी जिले में फर्नीचर, स्टेशनरी, वर्दी, विद्युत उपकरण, कार्यालय सामग्री या विभिन्न सेवाओं से जुड़ा छोटा व्यवसाय सरकारी खरीद की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करके बड़े ग्राहक समूह तक पहुंच सकता है। यहां 'सरकारी बाजार' का अर्थ केवल सरकारी विभागों को सामान बेचना नहीं है। नियमित संस्थागत मांग छोटे उद्यम को उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने, कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और कारोबार को औपचारिक बनाने के लिए प्रेरित कर सकती है। इस तरह सरकारी खरीद रोजगार और उद्यमिता की श्रृंखला को भी प्रभावित करती है।

केंद्र सरकार की सार्वजनिक खरीद नीति ने छोटे उद्यमों के लिए इस बाजार को और महत्वपूर्ण बनाया है। सार्वजनिक खरीद नीति के तहत केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। मौजूदा व्यवस्था में कुल वार्षिक खरीद का कम से कम 25 प्रतिशत एमएसई से करने का लक्ष्य है। इसमें महिला उद्यमियों के लिए तीन प्रतिशत और अनुसूचित जाति/ जनजाति के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए चार प्रतिशत उप-लक्ष्य निर्धारित हैं।

इसका महत्व केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यदि सरकारी खरीद में छोटे उद्यमों की भागीदारी बढ़ती है तो सरकारी मांग का एक हिस्सा स्थानीय उत्पादन और उद्यमिता को सहारा दे सकता है। इससे सार्वजनिक खर्च का प्रभाव केवल वस्तु या सेवा खरीदने तक सीमित न रहकर उत्पादन और रोजगार तक पहुंच सकता है। सरकारी खरीद में समावेशन का एक महत्वपूर्ण पक्ष महिला उद्यमिता है। वर्ष 2025-26 में केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के आंकड़ों में महिला स्वामित्व वाले उद्यमों से खरीद 9,079 करोड़ दर्ज की गई और 31,307 उद्यम इससे लाभान्वित हुए। इसी अवधि में अनुसूचित जाति/ जनजाति के उद्यमों से खरीद 3,986 करोड़ रही और 12,479 उद्यम लाभान्वित हुए।

**चुनौतियों का समाधान :** जीईएम छोटे उद्यमियों को बाजार का दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे से आगे बढ़ना आसान नहीं है। छोटे व्यवसाय की कार्यशील पूंजी सीमित होती है। बड़ा सरकारी आदेश मिलने पर कच्चा माल खरीदने, श्रमिक रखने और समय पर आपूर्ति करने के लिए अतिरिक्त धन की जरूरत पड़ती है। भुगतान में देरी होने पर वही आदेश कारोबार के लिए समस्या बन सकता है। इगुणवत्ता मानक, प्रमाणन, उत्पाद सूचीकरण और प्रतिस्पर्धी कीमत तय करना छोटे उद्यमियों के लिए चुनौती हो सकते हैं। इसलिए जीईएम को केवल डिजिटल बाजार नहीं, बल्कि उसके साथ सहायता तंत्र के रूप में विकसित करने की जरूरत है। सरकार ने इस दिशा में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्थाएं शुरू की हैं।

## स्थानीय उद्यमिता का राष्ट्रीय बाजार से जुड़ाव

अब इस नीति का अगला चरण यह होना चाहिए कि जीईएम पर केवल विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने के बजाय उनके कारोबार की गुणवत्ता और स्थायित्व पर ध्यान दिया जाए। जिला उद्योग केंद्रों और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) सहायता संस्थानों को स्थानीय उद्यमियों को यह समझाने की जरूरत है कि कौन-से सरकारी उत्पादों और सेवाओं में मांग है, गुणवत्ता मानक क्या हैं और प्रतिस्पर्धी बोली कैसे तैयार की जाए। इसके साथ बैंकिंग और कार्यशील पूंजी की व्यवस्था को भी सरकारी खरीद से जोड़ना उपयोगी होगा। समयबद्ध कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की व्यवस्था उस उद्यम की उत्पादन क्षमता को बढ़ा सकती है।

यहां एक और सावधानी जरूरी है। दरअसल सरकारी खरीद में केवल सबसे कम कीमत को प्राथमिकता देने से छोटे उद्यमों पर दबाव बढ़ सकता है। गुणवत्ता, आपूर्ति की क्षमता, नवाचार और कुल जीवन-चक्र लागत को भी पर्याप्त महत्व देना होगा। दूसरी ओर छोटे उद्यमियों को भी सरकारी संरक्षण के बजाय प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। सरकारी खरीद का विस्तार छोटे उद्योगों के लिए तभी स्थायी बाजार बनेगा जब पंजीकरण से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया छोटे उद्यमी के अनुकूल हो। आसान पंजीकरण, स्थानीय भाषा में प्रशिक्षण, गुणवत्ता प्रमाणन में सहायता, समय पर भुगतान, शिकायतों का त्वरित निपटारा और वित्त तक आसान पहुंच- ये सभी जीईएम की अगली सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं। आज सार्वजनिक खरीद में एमएसई की बढ़ती भागीदारी यह बताती है कि डिजिटल माध्यम सरकारी मांग और छोटे उद्यम के बीच की दूरी कम कर सकता है। वर्ष 2025-26 के आंकड़ों में केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की एमएसई खरीद 1.16 लाख करोड़ से अधिक पहुंचना इसी बदलाव का महत्वपूर्ण संकेत है।

असल लक्ष्य केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितने छोटे उद्यम जीईएम पर पंजीकृत हैं, बल्कि यह होना चाहिए कि कितने उद्यम वहां से नियमित कारोबार प्राप्त कर रहे हैं, कितने नए रोजगार पैदा कर रहे हैं और कितने स्थानीय कारोबार राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन रहे हैं। जीईएम ने छोटे उद्यमियों के सामने सरकारी बाजार का दरवाजा खोला है। अब जरूरत इस बात की है कि इस दरवाजे से गुजरने वाले उद्यमी केवल एक-दो सरकारी आदेश पाने तक सीमित न रहें, बल्कि गुणवत्ता, तकनीक और प्रतिस्पर्धा के बल पर स्थायी कारोबार खड़ा करें। सरकारी खरीद यदि छोटे उद्यम की उत्पादन क्षमता और बाजार पहुंच से जुड़ती है, तो जीईएम पोर्टल से आगे बढ़कर स्थानीय उद्यमिता को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने वाला आर्थिक सेतु बन सकता है।

(अनंत अमित)

खरी-खरी

## फर्जी डिस्काउंट

निर्मल गुप्ता

फेस्टिव सीजन आ गया है। घाघ दुकानदारों के लिए सबसे बड़ा त्याग का पर्व। दुकान के दरवाजे पर नीबू और मिर्ची वाले नजरिए के साथ बोर्ड झूल रहा है- ग्रैंड सेल, मेगा सेल, बंपर धमाका। ये ग्राहक को रिझाने के लिए जरूरी कीवर्ड हैं। 90 प्रतिशत तक की बेमिसाल छूट। ऐसा आफर जो न पहले कभी किसी ने सुना और न कभी पाया। मतलब साफ कि दुकानदार अपना घर-बार, बीवी के जेवर, बच्चों का टैब, फैंसी साइकिल आदि सब बेचने को तैयार है, बस कोई ग्राहक एक बार दुकान में आए तो। सेल वाले दुकानदार जितना बड़ा त्यागी तो ग्रंथों में वर्णित कोई मिथक पुरुष भी अभी तक नहीं हुआ।

त्योहार का मतलब ही यही है- शुभ और लाभ। शुभ ग्राहक के लिए, लाभ दुकानदार के लिए। शुभ फोटो के लिए, लाभ मिलावट के लिए। बड़े-बड़े ब्रांड कहते हैं- इस दिवाली दिलों को रोशन करो। मतलब जेब को खाली करो, दिल अपने आप रोशन हो जाएगा। ईएमआइ पर रोशनी बाजार में उपलब्ध है न। तमाम तरह की सुविधा और खुशियां आजकल एकमुश्त नहीं, बल्कि आसान किस्तों पर ही मिलती हैं।

और हमारे समय के महान डिजिटल इन्फ्लुएंसर आजकल ओवरटाइम कर रहे हैं। वो इस सीजन में सबसे ज्यादा व्यस्त प्राणी हैं। वो न शर्ट बेच रहा है, न मावा। वो सेल का वीडियो बना रहा है- मैंने इस दुकानदार की ईमानदारी देखी, 90 प्रतिशत डिस्काउंट में भी कैसे ये घर चला रहा है, सैल्यूट है। किसी की दुकान पर जाएगा तो कहेगा- देसी घी की खुशबू, बचपन की याद ताजा हो आई।

पहले त्योहार पर लोग घर लीपते-पोतते थे, अब दुकानदार दोनों हाथों से लाभ लपेटता है। पहले मिठाई में मावा होता था, अब मावे में मिठाई जैसी कोई चीज होती है। लगती है मिष्ठान जैसी पर सही सही किसी को नहीं पता कि वास्तव में ये होती क्या है। पहले डिस्काउंट दिल से दिया जाता था, अब कैलकुलेटर से दिया जाने लगा है। पर ग्राहक खुश है। उसे 90 प्रतिशत छूट मिल गई। उसे क्या पता, 90 प्रतिशत छूट के बाद भी वो 10 प्रतिशत लुट गया। इसी को कहते हैं- फेस्टिवल ब्लास्ट। ग्राहक के लिए धमाका, व्यापारी के लिए शुभ-लाभ।

X पोस्ट



पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के विचारों को सुनकर यही लगता है कि वे मूलतः मजहबी उपदेशक हैं, जिन्होंने बस सेना की वर्दी पहनी हुई है।
वेद प्रकाश मलिक@Vedmalik1

चुनाव आयोग से जुड़ी खबर इसका संकेत है कि नौकरशाही एक बार फिर मीडिया से रिश्ते साधने लगी है और सरकार के भीतर की खबरें बाहर पहुंचाने लगी है। अतीत के हर सत्ता-संक्रमण के दौर में यही दिखा है।
कल्लोल भट्टाचार्जी@janusmyth

चुनाव आयोग से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है 'मतभेद व असहमति' में फर्क है। आयुक्तों ने फैसलों पर टिप्पणी की हो, पर आदेश जारी करते समय असहमति नहीं जताई थी।
मिलिंद खांडेकर@milindkhandekar

अगर आप नियुक्तियों के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का क्रम देखें तो सीवीसी, सीबीआइ चीफ, ईडी निदेशक की नियुक्ति सरकार नहीं कर सकती, लेकिन हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति पूरी तरह से न्यायपालिका ही करती है।
अखिलेश मिश्रा@amishra77

मध्य प्रदेश डायरी



धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

# 21 वर्ष बाद सार्वजनिक परिवहन

मध्य प्रदेश के लिए 25 सितंबर का दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन राज्य के लोगों को 21 वर्ष बाद शासकीय परिवहन सेवा का लाभ मिल पाएगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के माध्यम से 25 सितंबर से राज्य में सरकारी बसें संचालित की जाएंगी। सरकारी कंपनी के माध्यम से चलने वाली इन बसों को कई चरणों में शुरू किया जाएगा। यह बस सेवा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल पर आधारित होगी, जिसमें नियंत्रण और मानिटरिंग सरकार के पास रहेगी, जबकि संचालन निजी आपरेटर करेंगे। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भोपाल से इसकी शुरुआत करेंगे और पहले दिन 351 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वर्ष 2005 में तत्कालीन बाबूलाल गौर सरकार के दौरान मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को घाटे के कारण बंद कर दिया गया था। तबसे लोग पूरी तरह से निजी बसों पर निर्भर थे। अब सरकार एक नए हाइब्रिड माडल के साथ इसकी वापसी कर रही है। इस सेवा को सुचारु रूप से चलाने और यात्रियों को सुरक्षित व आधुनिक सफर देने के लिए सरकार ने पूरा ब्लूप्रिंट तैयार किया है। सरकार का लक्ष्य अगले तीन से चार वर्षों में शुरुआती डेढ़ हजार बसों के नेटवर्क को बढ़ाकर 15 हजार बसों तक पहुंचाने का है। इस सेवा के शुरू होने से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निजी संचालकों की मनमानी और ओवरलोडिंग की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

सार्वजनिक परिवहन के अभाव में लाखों ग्रामीणों को न केवल रोजमर्रा के सफर में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, बल्कि सुरक्षा से समझौता करने के कारण कई बेगुनाह लोगों को सड़क हादसों में अपनी जान भी गंवानी पड़ी है।



शासकीय परिवहन सेवा के आरंभ से दूर-दराज की यात्रा करने वालों को होगी सुविधा। प्रतीकात्मक

सरकारी बसें बंद होने के बाद ग्रामीण इलाकों में मैजिक, आटो, जीप और अवैध वाहन ही एकमात्र सहारा बन गए। मुनाफे के चक्कर में इन वाहनों में क्षमता से तीन से चार गुना अधिक सवारियां भरी जाती हैं, जो अकसर बड़े हादसों का कारण बनती हैं। निजी बस संचालक केवल उन्हीं रूट पर बसें चलाना पसंद करते हैं जहां उन्हें अधिक मुनाफा या ज्यादा यात्री मिलते हैं। इसके कारण दूरदराज के छोटे गांव मुख्य सड़कों और शहरों से पूरी तरह कट गए। स्थिति यह बन गई थी कि ग्रामीणों को अस्पताल जाने, कोर्ट-कचहरी के काम या पढ़ाई के लिए शहरों तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था।

परिवहन विभाग और राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी इस बात की तस्दीक करते हैं कि मध्य प्रदेश में ग्रामीण सड़कों पर होने वाले हादसों में एक बड़ी संख्या उन यात्रियों की होती है जो मजबूरन असुरक्षित, ओवरलोडेड या खटारा निजी वाहनों में सफर कर रहे होते हैं। राज्य सरकार आर्थिक रूप से कम मुनाफे वाले रूट पर बसें चलाना अनिवार्य करेगी। इसके लिए निजी आपरेटरों को सरकार की तरफ से सब्सिडी या टैक्स में छूट दी जाएगी, ताकि वे गांवों तक बसें ले जाएं। ग्रामीण इलाकों में इस सेवा के बहाल होने से न केवल लोगों का पैसा और समय बचेगा, बल्कि हादसों और असमय मौतों पर काफी हद तक लगाम लगाई जा सकेगी।

मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को बंद करने का मुख्य कारण भारी वित्तीय घाटा और ऋण का बढ़ता बोझ था। तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर ने दो जनवरी, 2005 को इसके परिसमापन की आधिकारिक घोषणा की थी। उस दौर में इस बड़े फैसले के पीछे कई मुख्य कारण और परिस्थितियां जिम्मेदार थीं। इनमें 756 करोड़ रुपये का भारी घाटा भी एक बड़ी वजह था। उस दौर में निगम को हर महीने करीब पांच करोड़ रुपये का रनिंग लास हो रहा था, जिसे उठा पाना राज्य के खजाने के लिए मुश्किल हो रहा था।

अब मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का यह निर्णय वास्तव में मध्य प्रदेश के सार्वजनिक परिवहन के इतिहास में एक मील का पत्थर और अत्यंत संवेदनशील कदम माना जा रहा है। जहां पिछले दो दशकों से घाटे और कानूनी पेचीदगियों के डर से कोई भी सरकार इस क्षेत्र में हाथ डालने से कतरा रही थी, वहीं मुख्यमंत्री डा. यादव ने आम जनता, विशेषकर ग्रामीण और गरीब वर्ग की तकलीफों को प्राथमिकता दी।

डा. यादव ने साफ किया कि परिवहन सेवा केवल मुनाफा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि लोक-कल्याण का एक अनिवार्य माध्यम है। 21 साल के 'परिवहन वनवास' को खत्म कर 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' के रूप में राज्य को एक सुरक्षित और सुलभ तंत्र सौंपना निश्चित रूप से एक ऐसा फैसला है, जिसे प्रदेश की जनता लंबे समय तक याद रखेगी।

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या सरकार की चेतावनी के बाद विमान कंपनियां त्योहारी सीजन में टिकट के दाम में मनमानी से बाज आएंगी?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या चुनाव आयोग में खींचतान इस संस्था की साख पर सवाल उठाने वाली है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

**जनपथ**

चीटिंग हो एजाम में ओढ़ जाति का खोल,
अगर कहीं पकड़े गए जमकर हल्ला बोल।
जमकर हल्ला बोल यही है बड़ा सहारा,
कहां ज्ञान की पूछ फिर रहा मारा-मारा!
ले 'बाबा' का नाम पा रहे हैं एवरी थिंग,
अब न 'बाबा' कोय आज तक करके चीटिंग!!
-ओम प्रकाश तिवारी

हिमाचल प्रदेश डायरी



नवनीत शर्मा
राज्य संपादक, हिमाचल प्रदेश

# कब तक धीरज धरे धूलि धूसरित धरोहर

हिमाचल प्रदेश की एक प्रसिद्ध कहावत 'बालुए जो रोंदी थी, नक्के ते भी गई' यानी नाक के लौंग या बाली के लिए रोती थी, लेकिन नाक से ही हाथ धोना पड़ा...। पठानकोट-जोगेंद्रनगर रेलमार्ग ब्राडगेज करने की आवाजों के बीच जो नैरो गेज बचा था, वह भी रेलगाड़ियों से वंचित हो गया है। स्टेशन सुन्न हैं, पटरी पीड़ित है और राजनीति के दावे नित गूंजते हैं कि सर्वेक्षण अब हुआ कि तब हुआ।

यह बात शानन प्रोजेक्ट को बनाने वाले कर्नल बीसी बैट्टी, माल ढुलाई के लिए पठानकोट से जोगेंद्रनगर तक रेलमार्ग बिछाने वाले कार्य अधीक्षक ईबीएन टेलर और ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे के एक इंजीनियर नील की स्मृति को साक्षी रख कर कही जा सकती है कि हिमाचल प्रदेश के इस 164 किलोमीटर (सबसे लंबे) रेलमार्ग को एक अश्विनी वैष्णव न सही, कुछ समय पहले तक रेल राज्य मंत्री रहे रवनीत सिंह बिट्टू की बड़ी जरूरत थी। बिट्टू होना क्या है... यह इससे जाना जा सकता है कि पठानकोट वालों को लगा कि हिमाचल जाने वाली गाड़ियों के कारण शहर के व्यस्त क्षेत्रों में फाटक बंद हो जाते हैं और शहर बार-बार ठिठकता है। सो अब रेल चलेगी तो हिमाचल की सवारियों के लिए पठानकोट का अर्थ हिमाचल का अंतिम बिंदु डलहौजी रोड होगा। यानी मूल पठानकोट स्टेशन से दस किलोमीटर पहले। आइए देखें कि 1926 से 1929 के बीच बने, 990 पुलों, दो सुरंगों और 500 मोड़ों वाले इस रेलमार्ग के इतिहास में अब ऐसा मोड़ क्यों आया है कि धरोहर बनने के बिंदु पर खड़े इस मार्ग पर डरावना सन्नाटा है।

इंजीनियर नील को इसलिए याद किया, क्योंकि 'नील्स बाल टोकन सिस्टम' ने इकहरी पटरी वाले इस पहाड़ी रेलखंड में आज तक कोई दुर्घटना नहीं होने दी। यह सुनिश्चित करता है कि एक ही पटरी पर दो ट्रेनें आमने-सामने या एक-दूसरे के पीछे न टकराएं। जब तक रेलगाड़ी चालक के पास उस विशिष्ट रेल खंड का धातु का 'टोकन' (लोहे की गेंद) नहीं होगा, तब तक वह ट्रेन को उस सिंगल लाइन पर आगे नहीं ले जा सकता।

हुआ यूं कि चार साल पहले पठानकोट के पास पंजाब को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने वाला चक्की पुल ध्वस्त हुआ। उपलब्ध फोटो और आम समझ के अनुसार इसके पीछे अवैध खनन था, पर आधिकारिक रूप से ऐसा जोर शोर से तो नहीं, 'नाम न छापने की शर्त पर' ही माना गया। खैर, चार वर्ष तक रेल परिचालन ठप रहा। पुल बना तो चार जून, 2026 को रेल सेवा प्रारंभ हुई। कई सांसदों-विधायकों ने इसे हरी झंडी दिखाई। यह झंडी ब्राडगेज के लिए या पूर्ववत सात गाड़ियां चलाने की प्रसन्नता में नहीं, इसलिए दिखाई गईं कि दो रेलगाड़ियां चलेंगी। फिर जुलाई की बरसात आई, कुछ स्थानों पर मलबे गिरे और ये दो रेलगाड़ियां भी बंद।



पठानकोट-जोगेंद्रनगर रेलमार्ग के विकास की प्रतीक्षा में प्रदेशवासी। फाइल

इस मार्ग को ब्राडगेज करके मंदिरों से जोड़ा जा सकता है, पर्यटन स्थलों से जोड़ा जा सकता है, मंडी तक पहुंचा दें तो रणनीतिक लाभ भी होगा। मंदिर दर्शन के अलावा साहसिक पर्यटन के इच्छुक आते हैं, दलाईलामा का अलग आकर्षण है, चाय पर्यटन है, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच हैं, वेलनेस के लिए लोग कांगड़ा घाटी का रुख कर रहे हैं... क्या रेलवे इन्हें संभावनाएं नहीं मानता? सब बिंदु कांगड़ा से लोकसभा सदस्य डा. राजीव भारद्वाज संसद में रख चुके हैं। यह रहस्य नहीं कि इस मार्ग पर कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां ट्रेन ही सुविधाजनक है। शानन परियोजना से आर्थिक लाभ कांगड़ा घाटी रेलवे को क्यों न मिले। शानन की लीज भी समाप्त है...। वर्ष 2025 में तत्कालीन राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी को रेलमंत्री ने बताया था कि गेज बदलने से संबंधित परियोजना रपट बन रही है, उसे राज्य सरकार को भी भेजेंगे। वर्ष 2026 में डा. राजीव भारद्वाज के प्रश्न संख्या 612 के लिखित उत्तर में बताया गया कि डीपीआर के लिए स्वीकृति दे दी गई है। और यदि गेज परिवर्तन पर्यावरण की कीमत पर होना हो तो इस मार्ग को अपना समझ कर इसी में प्राण फूंके जाने चाहिए। बैजनाथ पपरोला स्टेशन का सुंदरीकरण केंद्रीय योजना के अंतर्गत हुआ है, लेकिन ट्रेन ही न चले तो यह वैसा ही है, जैसे किसी खंडहर को आबाद कर दो, पहुंचना भूल जाओ। समझना होगा कि कांगड़ा घाटी रेलवे केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि हिमाचल की पहचान, धरोहर और गौरव भी है। इसे पूरे भाव के साथ विकसित किया जाना चाहिए। विश्व धरोहर के लिए यूनेस्को के संभावित स्थलों में इस रेलमार्ग के प्रविष्ट होने पर दृष्टि है तो भी धरोहर पर जमी धूल को तो झाड़ना ही पड़ेगा न।

कांगड़ा घाटी रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा कहते हैं कि डलहौजी रोड रेलवे स्टेशन पर 21 करोड़ रुपये खर्च करने से बेहतर है कि पठानकोट शहर में अंडरपास या फ्लाईओवर बनाने पर खर्च किए जाएं, ताकि पठानकोट भी न ठिठके और हिमाचल की गाड़ी भी चलती रहे। वर्तमान में तो अग्रज शायर दुष्यंत कुमार से क्षमायाचना करते हुए यही कहा जा सकता है :

तुम कहां रेल सी गुजरती हो
मैं भी कब पुल सा थरथराता हूं।

### एनटीपीसी ने 3,394 करोड़ रुपये का लाभांश दिया

**नई दिल्ली:** सरकारी कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने शेयरधारकों को 3,393.83 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष के लिए कंपनी की ओर से दिया गया कुल लाभांश 8,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो 10 रुपये अंकित मूल्य वाले हर इक्विटी शेयर पर नौ रुपये के बराबर है। बिजली मंत्रालय के तहत एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी है। (प्रेट्र)

कंपनी को पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी सत्र में बिक्री में दोहरे अंक में बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसकी वजह ग्राहकों का बेहतर भरोसा, जीएसटी की वजह से किफायती दाम और त्योहारी सत्र का लंबा समय है।

– संजय चित्कारा, सह मुख्य बिक्री अधिकारी, एलजी इंडिया



| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,828.25 | ▲ 299.17 |
| निफ्टी | 23,446.80 | ▲ 117.80 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,54,000 | ▼ ₹ 900 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,42,000 | बदलाव नहीं |
| डालर | ₹ 95.73 | ▲ ₹ 0.11 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 99.60 | |

# भारत की इकोनमी पर सभी रेटिंग एजेंसियों ने जताया भरोसा

## मूडीज के बाद अब फिच रेटिंग, एसएंडपी ग्लोबल और एशियन डेवलपमेंट बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाया

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को देखते हुए तमाम वैश्विक रेटिंग एजेंसियां अब भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाने लगी हैं। मूडीज के बाद अब फिच रेटिंग, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास के अपने अनुमान को बढ़ाते हुए सात प्रतिशत कर दिया है। सिर्फ फिच रेटिंग ने पूर्व के अपने 6.4 प्रतिशत के अनुमान को 6.9 प्रतिशत रखा है। मूडीज ने अपने अनुमान को छह प्रतिशत से सात प्रतिशत, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने 6.6 प्रतिशत से सात प्रतिशत तो एडीबी ने भी अपने 6.6 प्रतिशत के अनुमान को सात प्रतिशत कर दिया है। आरबीआइ ने भी चालू वित्त वर्ष में विकास दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

खास बात यह है कि विकास दर में बढ़ोतरी के साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने महंगाई दर में भी इजाफे का अनुमान लगाया है। इसे देखते हुए इन रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि आरबीआइ अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक में बैंक दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। अगर ऐसा होता है कि लोन लेना महंगा हो जाएगा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भी आटो बिक्री, जीएसटी कलेक्शन, प्रत्यक्ष कर संग्रह, बिजली व पेट्रोल-डीजल की खपत, निर्यात के सकारात्मक सूचकांक को देखते हुए एसबीआइ ने सात प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे खर्च की बदौलत अर्थव्यवस्था बढ़ रही आगे:** एडीबी के भारत स्थित निदेशक मियो ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सप्लाई में बाधा और जिंसों की ऊंची कीमत के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था इन्फ्रास्ट्रक्चर में हो रहे खर्च और विकास को समर्थन देने वाली नीतियों की बदौलत लगातार मजबूती दिखा रही हैं। हालांकि एडीबी के साथ एसएंडपी और फिच ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई दर को पांच प्रतिशत के स्तर को पार करने का अनुमान लगाया है। गत वित्त वर्ष 2025-26 में खुदरा महंगाई दर तीन प्रतिशत से कम थी। अगस्त में खुदरा महंगाई दर 4.84 तक पहुंच गया है।

**तेल कंपनियों पर दाम बढ़ाने का दबाव:** कच्चे तेल की कीमत पिछले 15-20 दिनों से 100 डालर प्रति बैरल के पार चल रही है। इससे तेल कंपनियों पर फिर से पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम में बढ़ोतरी का दबाव बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि महंगाई पर लगाम के लिए आरबीआइ अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में 0.25 आधार अंक तक रेपो रेट बढ़ा सकती है।

- विकास दर में बढ़ोतरी के साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने महंगाई दर में भी इजाफे का अनुमान लगाया
- रेटिंग एजेंसियों ने कहा-आरबीआइ अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक बैंक दरों में कर सकता है बढ़ोतरी



### रेटिंग एजेंसियां क्यों बढ़ा रहीं जीडीपी वृद्धि का अनुमान

| रेटिंग एजेंसी | वजह | जोखिम |
|---|---|---|
| एसएंडपी ग्लोबल 7% (पूर्व अनुमान 6.6%) | वित्त वर्ष 2028 में 7.2% और वित्त वर्ष 2029 में सात प्रतिशत की मजबूत मांग से इकोनमी को मिलेगी मदद। | सामान्य से कम बारिश होने, महंगाई के पांच प्रतिशत से ऊपर जाने और ब्याज दरें बढ़ने से जीडीपी की रफ्तार कमजोर पड़ सकती है। |
| फिच रेटिंग्स 6.9% (पूर्व अनुमान- 6.4%) | आत्मनिर्भरता और जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर जीडीपी की मजबूती की प्रमुख वजह। | अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने, पीएमआइ मैन्युफैक्चरिंग कमजोर होने और मानसून सामान्य से कम रहना अर्थव्यवस्था के सामने प्रमुख जोखिम। |
**लोकसत्ता विशेष प्रतिनिधी**

**नवी दिल्ली :** केंद्रीय मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांनी घटनात्मक संस्थेचे कामकाज 'हुकुमशाही पद्धतीने' चालवल्याचा आरोप करत, काँग्रेसने बुधवारी त्यांच्या तातडीच्या राजीनाम्याची मागणी केली. निवडणूक आयोगातील दोन निवडणूक आयुक्तांनी विविध निर्णयांवर नोंदवलेल्या आक्षेपांच्या पार्श्वभूमीवर काँग्रेसने आयोगाच्या अंतर्गत कामकाजावर तसेच, ज्ञानेश कुमार यांच्या कार्यपद्धतीवर घणाघाती हल्लाबोल केला.

काँग्रेसचे कार्यकारिणी सदस्य, खासदार व ज्येष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी यांनी बुधवारी पत्रकार परिषदेत ज्ञानेश कुमार यांच्यावर जोरदार टीका केली. "मुख्य निवडणूक आयुक्तांना क्षणभर देखील पदावर राहण्याचा अधिकार नाही. त्यांनी तातडीने राजीनामा द्यावा," अशी मागणी सिंघवी यांनी केली. केंद्रीय निवडणूक आयोग ही बहुसदस्यीय घटनात्मक संस्था असून केंद्रीय मुख्य निवडणूक आयुक्त 'समानांमधील प्रथम' आहेत, त्यांच्याकडे सर्वोच्च अधिकार नाहीत. इतर आयुक्तांना तितकेच अधिकार आहेत, असे सिंघवी म्हणाले. त्यासंदर्भात सिंघवी यांनी सर्वोच्च न्यायालयाच्या १९९५च्या निकालाचा संदर्भ दिला.

**'विशेष अधिवेशन झाल्यास महाभियोग प्रस्ताव'**

"संसदेचे पावसाळी अधिवेशन संपण्याची प्रक्रिया अद्याप पूर्ण झालेली नाही. संसदेचे विशेष अधिवेशन बोलावले गेले तर विरोधी पक्षांचे खासदार ज्ञानेश कुमार यांच्याविरोधात पुन्हा महाभियोग प्रस्ताव आणतील," असे काँग्रेसचे सरचिटणीस जयराम रमेश म्हणाले. ज्ञानेश कुमार हे केंद्रीय गृहमंत्र्यांसाठी 'हॅचेट मॅन' म्हणून काम करत असल्याची गंभीर आरोप रमेश यांनी केला.

केंद्रीय मुख्य निवडणूक आयुक्तांचे निर्णय पंतप्रधान नरेंद्र मोदी आणि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह यांच्या पाठिंब्यानेच घेतले गेले आहेत. 'ज्ञानेशगेट'ची संपूर्ण पटकथा 'जी-२'ने (मोदी-शहा) लिहिल्याची टीकाही रमेश यांनी केली.

भाजपने लोकशाहीच्या हत्येसाठी स्वतंत्र कार्यालयच (निवडणूक आयोग) उघडले आहे. दोन बुलडोझर घेऊन लोकशाहीची हत्या केली जात आहे. त्यासाठी एका बाजूला केंद्रीय मुख्य निवडणूक आयुक्तांना उभे केले आहे, तर दुसऱ्या बाजूला केंद्रीय गृहमंत्रालय आहे. आता निवडणूक आयोगाच्या आतही एक 'बुलडोझर' कार्यरत असल्याचे दोन आयुक्तांच्या आक्षेपामुळे उघड झाले आहे.
- **अभिषेक मनु सिंघवी,** सदस्य, काँग्रेस कार्यकारिणी

## 'महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिळनाडूत पुन्हा निवडणुका घ्या'

**लोकसत्ता विशेष प्रतिनिधी**

**मुंबई :** मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांच्यावरील आक्षेपांमुळे निवडणूक प्रक्रियेबाबतच संशय निर्माण झाला असल्याने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व तमिळनाडूतील विधानसभा निवडणुका पुन्हा मतपत्रिकेवर घ्याव्यात, अशी मागणी शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे यांनी बुधवारी केली. तसेच ज्ञानेश कुमार यांनी राजीनामा द्यावा असे ते म्हणाले.

उद्धव ठाकरे यांनी मातोश्री या निवासस्थानी पत्रकार परिषद घेऊन निवडणूक आयोगाच्या या मनमानी कारभाराचा समाचार घेतला. "तीनपैकी दोन आयुक्तांनीच काही निर्णयांवर आक्षेप घेतले असल्याचे समोर आल्याने आयोगाच्या कारभाराबाबत गंभीर प्रश्न निर्माण झाले आहेत. आम्ही विरोधी पक्ष सातत्याने निवडणूक आयोगाच्या मनमानी कारभाराविरोधात बोलत होतो. त्यांना पुराव्याची जोड मिळाली आहे," असा दावा ठाकरे यांनी केला. त्यामुळे महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल आणि तमिळनाडूतील निवडणूक प्रक्रियेत झालेल्या कथित गैरप्रकारांची चौकशी करून या निवडणुका रद्द करा आणि तेथे पुन्हा मतपत्रिकेवर निवडणूक घ्या, असे ते म्हणाले.

राज्याच्या मतदारयादीतील बदलांवरूनही ठाकरे यांनी निवडणूक आयोगाला लक्ष्य केले. लोकसभा निवडणुकीत महाविकास आघाडीला चांगले यश मिळाले, पण पुढे सहा महिन्यांत झालेल्या महाराष्ट्र विधानसभा निवडणुकीत ४५ लाख नावे घुसवली गेली. त्यातलीच ४० लाख नावांवर आक्षेप घेऊन एसआयआरमधून वगळण्यात आली आहे, असे उद्धव ठाकरे म्हणाले.

**आयुक्तांची निवड निवडणुकीने का नाही?**

निवडणूक आयोगाकडून राजकीय पक्षांच्या अंतर्गत लोकशाहीची तपासणी केली जाते; मात्र आयोगातील आयुक्त कुणाच्या मर्जीने नेमला जातो, त्या पदासाठी निवडणूक का होत नाही, असे प्रश्न ठाकरे यांनी विचारले. आयुक्तांच्या नियुक्ती प्रक्रियेवरही पुनर्विचार झाला पाहिजे, अशी भूमिका त्यांनी मांडली.



सत्तेची हाव आणि त्यासाठी लोकशाहीचा खून केला जातो आहे. त्यामुळे ज्ञानेश कुमारांना तुरुंगात टाकून निवडणूक आयोगाचे चुकीचे निर्णय रद्द केले पाहिजेत.
- **उद्धव ठाकरे,** पक्षप्रमुख, शिवसेना

ठाकरेंचा कारभार म्हणजे 'जखम कपाळाला आणि पट्टी गुडघ्याला' असा सुरू आहे. निवडणुकीत आपला पराभव का झाला याचे आत्मपरीक्षण करण्याऐवजी ठाकरे केवळ निवडणूक आयोगावर खापर फोडण्याचे काम करत आहेत.
- **देवेंद्र फडणवीस,** मुख्यमंत्री

## माजी मुख्य आयुक्तांचे 'एसआयआर'वर प्रश्नचिन्ह

**नवी दिल्ली :** 'द इंडियन एक्स्प्रेस'चे वृत्त प्रसिद्ध झाल्यानंतर माजी मुख्य निवडणूक आयुक्त एस. वाय. कुरेशी आणि ओ. पी. रावत यांनी 'एसआयआर'वर प्रश्नचिन्ह उपस्थित केले. कुरेशी यांनी यापूर्वी 'एसआयआर'च्या प्रक्रियेवर अनेक वेळा शंका उपस्थित केल्या आहेत. 'एसआयआर'मध्ये चुका झाल्या असतील तर जुन्या मतदारयाद्या पुन्हा वापरता येण्याची कायदेशीर शक्यता आहे, असे त्यांनी सांगितले. कायद्याच्या दृष्टीने सदोष पुनरावलोकन पद्धतीने तयार केलेल्या मतदारयाद्यांच्या निवडणुका घेता येऊ शकतात का असा प्रश्न कुरेशी यांनी विचारला. तर, रावत यांनी 'एसआयआर'चा उल्लेख मतदारांच्या मनामध्ये भीती निर्माण केलेला 'फ्रँकेन्स्टाइन' असा केला. नव्या मतदारांच्या नोंदणीसाठी आवश्यक असलेल्या 'फॉर्म-६'मध्ये केलेले बदल अगदी चुकीचे आणि बेकायदा होते, असे २०१८मध्ये मुख्य निवडणूक आयुक्त असलेले रावत म्हणाले.

'पीटीआय व्हिडिओज'शी बोलताना रावत म्हणाले की, "ही दुर्दैवी परिस्थिती आहे. निवडणूक आयोगात अशी गोष्ट क्वचितच घडली असेल. मी मुख्य आयुक्त असताना निर्णय एकमताने घेतले जातील, याची नेहमीच खबरदारी घेतली. 'एसआयआर'मुळे सर्वत्र मतदारांच्या मनात भीती निर्माण झाली आहे. ही चांगली बाब नाही. हे आपल्या लोकशाहीसाठी अतिशय दुर्दैवी आहे."

दुसरीकडे, "जर निवडणूक आयोगाचे निर्णय बहुमताने घेतले गेले नाहीत तर ते मूलभूतरित्या बेकायदा आहेत," असे एस.वाय. कुरेशी यांनी 'एएनआय'शी बोलताना स्पष्ट केले. एसआयआर वादावर सार्वजनिक पारदर्शकता असली पाहिजे, असे ते म्हणाले. गेल्या दीड वर्षात घेतल्या गेलेल्या सर्व निर्णयांची संपूर्ण यादी केली पाहिजे आणि त्याचे तपशील सार्वजनिक केले पाहिजेत, असे आवाहनही कुरेशी यांनी केले. कुरेशी २०१० ते २०१२ या कालावधी मुख्य निवडणूक आयुक्त होते.

## 'ट्रम्प यांची धमकी ही आंतरराष्ट्रीय गुन्ह्यांची कबुलीच!'

**संयुक्त राष्ट्रे :** अमेरिकेचे अध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांनी संयुक्त राष्ट्रांच्या आमसभेत इराणचा सर्वनाश करणारी दिलेली धमकी म्हणजे आंतरराष्ट्रीय गुन्हे केल्याची कबुली असल्याचे म्हटले आहे.

"इराणबरोबर शांतता करार झाला नाही, तर इराणचा सर्वनाश करेन," असा इशारा ट्रम्प यांनी आमसभेतील भाषणात दिला. त्यावर इराणच्या परराष्ट्र मंत्रालयाचे प्रवक्ते इस्माईल बघेई यांनी ट्रम्प यांच्यावर टीका केली. ते म्हणाले, "अमेरिकेच्या अध्यक्षांनी केलेली टिप्पणी म्हणजे त्यांनी पुन्हा पुन्हा इराणवर केलेले तेच ते आरोप होते. त्यांची विधाने हताश भावनेतून आली आहेत." लष्करी कारवाईसारखी कृती करण्याची धमकी देताना आमसभेचे व्यासपीठ वापरण्यावरही बघेई यांनी आक्षेप घेतला.

ट्रम्प यांनी आमसभेत इराणविरोधात टिप्पणी करताना इराणचे शिष्टमंडळ तेथून हलले नाहीत. त्याचे स्पष्टीकरण देताना बघेई म्हणाले, "इराणचे शिष्टमंडळ परराष्ट्रमंत्र्यांच्या स्तरावरील होते. एक राजनैतिक अधिकारी कायम आमसभेच्या सत्रात उपस्थित असे. एखादयाच्या टिप्पणीमुळे आम्ही तिथून उठून गेलो, तर 'यूएन'मधील आम्ही आमचे कर्तव्य बजावू शकलो नाही, असे होईल."

आमसभेसारख्या ठिकाणी जगातील अनेक देश एकत्र येतात. अशा व्यासपीठाचा अशा धमक्यांसाठी वापर करणे हे बेकायदा आणि आंतरराष्ट्रीय कायद्याच्या विरोधात आहे. हे सामर्थ्याचे लक्षण नक्कीच नाही.
- **इस्माईल बघेई,** प्रवक्ते, इराणचे परराष्ट्र मंत्रालय

## विजयी कर्णधाराच्या पंचाचा निर्णय संशयास्पदच!

### निवडणूक आयुक्तांच्या निवडीतील कार्यपद्धतीवर न्या. दीपंकर दत्ता यांची टिप्पणी

**पीटीआय, नवी दिल्ली**

"**क्रिकेटमध्ये जर** एखाद्या विजयी संघाच्या कर्णधाराने पंचांची निवड केली असेल, तर त्याने घेतलेला प्रत्येक निर्णय कितीही अचूक असला तरी त्यावर नेहमी संशयाची सूई राहिल," असे उदाहरण देत सर्वोच्च न्यायालयाचे न्यायमूर्ती दीपंकर दत्ता यांनी मुख्य निवडणूक आयुक्त आणि निवडणूक आयुक्तांच्या निवडीमध्ये सरकारचा प्रभाव कसा असेल, याकडे बुधवारी लक्ष वेधले.

पंतप्रधान, विरोधी पक्षनेते आणि केंद्रीय मंत्री यांचा समावेश असलेल्या त्रिसदस्यीय समितीद्वारे मुख्य निवडणूक आयुक्त आणि निवडणूक आयुक्तांच्या निवडण करण्याच्या पद्धतीवर टिप्पणी करताना न्यायमूर्ती दत्ता यांनी क्रिकेटमधील रूपकाचा वापर केला. मुक्त आणि निष्पक्ष निवडणुका सुनिश्चित करायच्या असतील, तर निवडणूक आयोग केवळ एक स्वतंत्र संस्था असून चालणार नाही, तर ती संस्था स्वतंत्रपणे काम करत असल्याचेही दिसून आले पाहिजे, हे तत्त्व त्यांनी अधोरेखित केले.

स्वातंत्र्य आणि तटस्थतेच्या मुद्द्यावर भाष्य करताना, न्यायमूर्ती दत्ता यांनी याचिकाकर्त्यांच्या युक्तिवादाची दखल घेतली. निवड समितीमध्ये मंत्र्याचा समावेश केल्याने त्या समितीची 'संस्थात्मक तटस्थता' संपुष्टात येते, असे यासंदर्भातील याचिकेत म्हटले होते. "जर ही निवड समिती कार्यरत राहिली, तर निर्णय अपरिहार्यपणे २:१ अशा फरकाने कार्यकारी मंडळाच्या (सरकारच्या) बाजूने आणि प्रत्यक्षात सत्तेत असलेल्या पक्षाच्या बाजूने घेतला जाईल. निवड समितीमध्ये कार्यकारी मंडळाचे दोन सदस्य असल्याने, सरकारकडे प्रभावी नकाराधिकार असतो, असे ते म्हणाले.

### निवडीवर पंतप्रधानांच्या प्रभावाची शक्यता अधिक

सुनावणीदरम्यान झालेल्या चर्चेचा संदर्भ देत न्या. दत्ता म्हणाले की, पंतप्रधान आणि विरोधी पक्षनेते यांच्यात मतभेद झाल्यास, मंत्र्याने पंतप्रधानांच्या विरोधात भूमिका घेण्याची शक्यता अत्यंत कमी आहे. आधीच्या कायद्यानुसार, निवडणूक आयुक्तांच्या निवड समितीमध्ये पंतप्रधान, विरोधी पक्षनेते आणि सरन्यायाधीशांचा समावेश होता. २०२३च्या त्यात बदल करण्यात आला. नव्या तरतुदीनुसार, सरन्यायाधीशांना वगळून पंतप्रधानांनी निवडलेल्या केंद्रीय मंत्र्याचा समावेश करण्यात आला.

## ज्ञानेश कुमार गोत्यात

(पान १ वरून)

दिल्याचे आयोगाच्या निवेदनावरून स्पष्ट होते.

'इंडियन एक्स्प्रेस'च्या वृत्तानंतर विरोधी पक्षांनी मुख्य केंद्रीय निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांच्याविरोधात बुधवारी टीकेची झोड उठवली. ज्ञानेश कुमार यांनी घटनात्मक संस्थेचे कामकाज 'हुकूमशाही पद्धतीने' चालवल्याचा आरोप करत, काँग्रेसने बुधवारी त्यांच्या तातडीच्या राजीनाम्याची मागणी केली. तर निवडणूक आयुक्तांमधील भिन्न मते पाहता यातून खऱ्या लोकशाहीचे प्रत्यंतर येते अशी प्रतिक्रिया भाजपने दिली आहे. लोकशाही वाचविण्यासाठी ज्ञानेश कुमार यांच्यावर महाभियोग चालवून त्यांना अटक करावी अशी मागणी विरोधकांनी केली. शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे व 'आप'चे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल यांनी ज्ञानेश कुमार यांना पदावरून हटवून अटक करावी अशी मागणी केली. राज्यसभेतील विरोधी पक्षाच्या ७३ सदस्यांनी ज्ञानेश कुमार यांना हटविण्यासाठी २४ एप्रिल २०२६ रोजी नोटीस दिल्याचे काँग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यांनी स्पष्ट केले. संसदेचे अधिवेशन अजून संपलेले नाही त्यामुळे राज्यसभेच्या अध्यक्षांनी निर्णय घ्यावा. याबाबत पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्याकडून देशातील जनतेला उत्तराची अपेक्षा असल्याचे खरगे यांनी नमूद केले. देशभरातून विविध पक्षाच्या नेत्यांनी ज्ञानेश कुमार यांच्या हकालपट्टीचा आग्रह धरला आहे.

**कायदा काय सांगतो?** 'मुख्य निवडणूक आयुक्त आणि इतर निवडणूक आयुक्त (नियुक्ती, कार्यालयीन सेवेच्या अटी आणि शर्ती) कायदा, २०२३'चे कलम १८अंतर्गत असे नमूद करण्यात आले आहे की, आयोगाचे सर्व कामकाज शक्य तितक्या प्रमाणात एकमताने केले जावे. एखाद्या मुद्द्यावर मुख्य निवडणूक आयुक्त आणि अन्य दोन निवडणूक आयुक्तांदरम्यान मतभेद झाल्यास त्यावर बहुमताने निर्णय घेतला जाईल. याच कलमानुसार, आयोगाला स्वतःची कार्यपद्धती ठरवण्याचे आणि कामाची विभागणी करण्याची अनुमती आहे, पण ते एकमताने निर्णय घेऊन केले जावे, अशी अट आहे.

## जागतिक संकटात आघाडीवर; निर्णयप्रक्रियेत मागे

### 'ग्लोबल साउथ'कडे पुरेसे अधिकार नसल्याची जयशंकर यांची खंत

**वृत्तसंस्था, संयुक्त राष्ट्रे**

**जागतिक संघर्ष,** भू-राजकीय तणाव, पुरवठा साखळीतील अडथळे, वाढते व्यापार निर्बंध आणि हवामानातील बदलांच्या संकटाचा सर्वाधिक परिणाम 'ग्लोबल साउथ'मधील विकसनशील देशांवर होत असताना, जागतिक निर्णयप्रक्रियेत मात्र या देशांना पुरेसे स्थान मिळत नाही, अशी खंत परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकर यांनी बुधवारी व्यक्त केली. जागतिक संकटांच्या काळात 'ग्लोबल साउथ'ने अधिक एकजुटीने काम करण्याची गरज असून, संयुक्त राष्ट्रांसह बहुपक्षीय संस्थांमध्ये या देशांना निर्णय घेण्याच्या प्रक्रियेत स्थान मिळाले पाहिजे, असे आवाहन त्यांनी केले.

संयुक्त राष्ट्रांच्या ८१व्या आमसभेच्या पार्श्वभूमीवर मंगळवारी झालेल्या 'समविचारी ग्लोबल साउथ देश आणि मित्र' या उच्चस्तरीय बैठकीत जयशंकर बोलत होते. सध्या जग मोठ्या अनिश्चिततेतून जात आहे. संघर्ष आणि भू-राजकीय तणाव, पुरवठा साखळीतील व्यत्यय, वाढते व्यापार निर्बंध, गुंतवणुकीच्या प्रवाहातील विस्कळितपणा आणि हवामानाचे धक्के यामुळे परिस्थिती अधिक गुंतागुंतीची झाली आहे, असे जयशंकर यांनी सांगितले.

## भाजपमध्ये संघटनात्मक फेरबदल

### नव्या प्रभारींची घोषणा; राज्याची जबाबदारी पांडा यांच्याकडे

**लोकसत्ता विशेष प्रतिनिधी**

**नवी दिल्ली :** भारतीय जनता पक्षाने संघटनात्मक पातळीवर मोठा फेरबदल करत बुधवारी २८ राज्ये आणि आठ केंद्रशासित प्रदेशांसाठी प्रभारी आणि सहप्रभारींच्या नियुक्त्या जाहीर केल्या. आगामी विधानसभा निवडणुकांच्या पार्श्वभूमीवर हे बदल महत्त्वाचे मानले जात आहेत. महाराष्ट्राच्या प्रभारीपदी वैजयंत जय पांडा यांची नियुक्ती करण्यात आली असून अमित मालवीय, सदानंद शेट तानवडे व कमलजीत सेहरावत यांची सहप्रभारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आली आहे.



वैजयंत पांडा

२०२७मध्ये उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, गोवा आदी राज्यांमध्ये विधानसभेची निवडणूक होत आहे. त्यादृष्टीनेही हे बदल महत्त्वाचे असून तमिळनाडू, पश्चिम बंगाल, हरियाणा आदी राज्यांमध्ये संघटना मजबूत करण्याच्या दृष्टीने भाजपने पावले टाकली आहेत. या फेरबदलात काही वरिष्ठ नेत्यांकडे एकापेक्षा अधिक राज्यांची जबाबदारी देण्यात आली.

**राज्ये प्रभारी** ▮**उत्तर प्रदेश** विनोद तावडे, (जगदीश पटेल, मेधा कुलकर्णी, प्रदीप वर्मा आणि अनंत ओझा हे सहप्रभारी) ▮**दिल्ली** विनय सहस्रबुद्धे ▮**गोवा** भारती पवार ▮**मिझोराम** भागवत कराड ▮**हरियाणा** स्मृती इराणी ▮**छत्तीसगड** स्मृती इराणी ▮**उत्तराखंड** राम माधव ▮**तमिळनाडू** राम माधव ▮**पश्चिम बंगाल** सुनील बन्सल ▮**तेलंगण** सुनील बन्सल ▮**पंजाब** सतीश पुनिया ▮**जम्मू-काश्मीर** सतीश पुनिया ▮**बिहार** हरीश द्विवेदी ▮**राजस्थान** संजय भाटिया ▮**गुजरात** तरुण चुग ▮**मध्य प्रदेश** बिप्लब कुमार देब ▮**केरळ** एम. नागराज (पूर्वी प्रकाश जावडेकर) ▮**पुद्दुचेरी** के. सुरेंद्रन ▮**नागालँड** अनिल अँटनी

**५ मराठी नेते प्रभारी-सहप्रभारी**

महाराष्ट्रातील विनोद तावडे, मेधा कुलकर्णी, विनय सहस्त्रबुद्धे, भारती पवार आणि भागवत कराड या राज्यातील पाच नेत्यांकडे प्रभारी व सहप्रभारी पद देण्यात आले आहे. उत्तर प्रदेशच्या महत्त्वाच्या राज्यात विधानसभेची निवडणूक असून तिथे तावडे व मेधा कुलकर्णी यांची नियुक्ती प्रतिष्ठेची म्हणता येऊ शकते.

## मुस्लीम महिलांच्या वारसा हक्कांबाबत केंद्राला निर्देश

**पीटीआय, नवी दिल्ली**

**मुस्लीम वैयक्तिक** कायद्यानुसार महिलांच्या असमान वारसा हक्कांमधील संहिताबाह्य नियमांच्या घटनात्मक वैधतेला आव्हान देणाऱ्या जनहित याचिकेवर सर्वोच्च न्यायालयाने बुधवारी केंद्र सरकारला भूमिका मांडण्याचे निर्देश दिले. लिंगभेद लादणाऱ्या या नियमांमुळे महिलांना वडिलोपार्जित संपत्तीमध्ये पुरूषांपेक्षा अर्धा वाटा मिळत असल्याचा दावा याचिकाकर्ते इम्तियाझ हुसेन शहाबुद्दीन मुल्ला यांनी केला आहे.

सरन्यायाधीश सूर्य कांत, न्या. जॉयमाल्या बागची आणि न्या. व्ही. मोहना यांच्यासमोर या याचिकेवर बुधवारी सुनावणी झाली. यावेळी याचिकाकर्त्यांच्या वतीने युक्तिवाद करताना ॲड. एम. सिंग आणि ॲड. अनिल सी. निशानी यांनी या नियमांमुळे राज्यघटनेचे अनुच्छेद १४ (समातेचा अधिकार), अनुच्छेद १५ (भेदभाव प्रतिबंध) आणि अनुच्छेद २१ (जीवन व वैयक्तिक स्वातंत्र्याचा अधिकार) यांचे उल्लंघन होत असल्याचे न्यायालयाला सांगितले.

अशा विशिष्ट वैयक्तिक कायद्यामुळे मनमानी होत असल्यास त्याला घटनात्मक संरक्षण मिळू शकत नाही, असा निकाल यापूर्वीच शायरा बानो प्रकरणात देण्यात आला आहे, याकडेही त्यांनी लक्ष वेधले. त्यामुळे मुस्लीम महिलांना वडिलोपार्जित आणि कौटुंबिक मालमत्तेसह वारसाहक्कामध्ये समान अधिकार मिळणे सुनिश्चित करण्यासाठी सर्वोच्च न्यायालयाने निर्देश द्यावेत, अशी मागणी यावेळी करण्यात आली.

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 24 सितंबर, 2026

**कल्पमेधा**

*जीवन का अर्थ ज्ञान नहीं, बल्कि ज्ञान की पिपासा है, क्योंकि इससे उसके चिंतन को बल मिलता है।*
*- जेम्स जीन्स*

## पारदर्शिता का प्रश्न

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह एक संवैधानिक और स्वायत्त संस्था है। इसकी जिम्मेदारी मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन से लेकर निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव कराने की होती है। ऐसे में यदि आयोग के भीतर ही मतभेद पैदा हो जाएं और उनकी चर्चा मतदाता सूची तथा चुनाव प्रक्रिया जैसे मूल विषयों तक पहुंचे, तो उसकी संस्थागत विश्वसनीयता और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। मुख्य चुनाव आयुक्त और दो आयुक्तों के बीच मतभेदों को लेकर बुधवार को जिस तरह की खबरें सामने आईं, उससे एक नया विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतंत्र पर प्रहार बताया है, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा का तर्क है कि विचार-विमर्श के दौरान निर्वाचन आयुक्तों की ओर से अलग-अलग विचार व्यक्त करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। मगर यहां सवाल वैचारिक मतभेदों का नहीं, बल्कि नियम-कानूनों से जुड़े प्रावधानों का है। अगर चुनाव आयोग के भीतर कोई प्रश्न उठता है, तो क्या उसके कानूनी पहलुओं पर बारीकी से गौर कर आम सहमति बनाना जरूरी नहीं है?

खबरों में कहा गया है कि दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस माह में निर्वाचन आयोग के फैसलों पर चौदह बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इनमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और प्रक्रियागत बदलावों को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। आयोग में मतभेदों की ये खबरें ऐसे समय में आई हैं, जब विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसकी शुरुआत बिहार से हुई थी और पश्चिम बंगाल के बाद अब दिल्ली में भी लाखों मतदाताओं के मसविदा सूची से बाहर हो जाने पर चिंता जताई जा रही है। इसकी गंभीरता इस आंकड़े में दिखती है कि देश भर में अब तक पुनरीक्षण के तहत तेरह करोड़ से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए दिए गए हैं। ऐसे में चुनाव आयोग में मतभेदों के दावे ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। हालांकि, आयोग के हवाले से कहा गया है कि दो चुनाव आयुक्तों ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण के दौरान नाम हटाए जाने सहित कई मुद्दे उठाए थे, लेकिन एसआइआर से जुड़े सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

यह पहली बार नहीं है, जब चुनाव आयोग के भीतर असहमति सार्वजनिक हुई है। इससे पहले वर्ष 2019 में तत्कालीन चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा से अलग विचार व्यक्त कर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े आदेशों में असहमति या अल्पमत की राय भी दर्ज करने की मांग की थी। इससे पूर्व वर्ष 2009 में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एन गोपालस्वामी ने राष्ट्रपति को चुनाव आयुक्त नवीन चावला को पद से हटाने की सिफारिश भेजी थी। तब इस सिफारिश की वैधता, समय और औचित्य को लेकर सवाल उठे थे। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रश्न उसकी संस्थागत स्वतंत्रता और निर्णय प्रक्रिया का है। जब आयोग के भीतर अलग-अलग मत सामने आते हैं, तो जरूरी है कि असहमति के कारणों और निर्णय लेने की प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता बरती जाए, ताकि मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम पैदा न हो। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी सिर्फ मतदाता सूची का अद्यतन ही नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना भी है।

## लापरवाही का तंत्र

सार्वजनिक सुरक्षा के मामले में व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह हर समय सतर्क रहने के बजाय आपराधिक घटनाओं का इंतजार करती है। जब कोई बड़ी वारदात होती है, तो शासन-प्रशसन और सुरक्षा एजंसियों की ओर से कुछ दिनों तक सक्रियता दिखाई जाती है। जांच के आदेश होते हैं, सुरक्षा की कमियां खोजी जाती हैं और फिर व्यवस्था धीरे-धीरे पुराने ढर्रे पर लौट आती है। सवाल है कि सुरक्षा को लेकर यह सतर्कता हमेशा किसी अपराध के बाद ही क्यों नजर आती है? दिल्ली के कालकाजी इलाके में हाल ही में एक किशोरी से सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद सरकारी तंत्र में जिस तरह की स्फूर्ति आई है, वह देखने लायक है। उपराज्यपाल ने शहर के सभी पार्कों का व्यापक सुरक्षा आडिट कराने का निर्देश दिया है। पार्कों में पर्याप्त रोशनी और आसपास महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती करने को कहा गया है। जाहिर है कि ये कदम जरूरी हैं, लेकिन यह प्रश्न भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि ऐसी व्यवस्थाएं पहले क्यों नहीं की गईं?

गौरतलब है कि कालकाजी मंदिर के पास बीते सोमवार शाम को कुछ लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक किशोरी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया और उसे आस्था कुंज पार्क के अंदर एक सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। हालांकि, पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस वारदात का असर पास के एक शिक्षण संस्थान तक पहुंच गया। लेडी श्रीराम कालेज (एलएसआर) ने छात्राओं की सुरक्षा चिंताओं के कारण मंगलवार को कक्षाएं रद्द कर आनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था लागू कर दी। इसके बाद बुधवार को पुलिस अधिकारियों ने कालेज जाकर छात्राओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के मामले में पुलिस और स्थानीय निकायों के बीच नियमित समन्वय और निगरानी जरूरी है। पार्कों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का फैसला तभी सार्थक होगा, जब उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। कड़ी कानून व्यवस्था किसी आपराधिक घटना के बाद की तत्परता में नहीं, बल्कि इससे पहले की सतर्कता में नजर आती है।

# विकास की रफ्तार में समृद्धि का पैमाना



**भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। मगर विकास के आंकड़ों का एक पहलू यह भी है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश अभी काफी पीछे है।**

**देवेंद्रराज सुथार**

भारत की गिनती आज भले ही सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में की जा रही है, लेकिन विकास के व्यापक पैमाने की कसौटी पर परखने से तस्वीर कुछ और ही नजर आती है। कई बार वास्तविक आंकड़े कुछ ऐसी सच्चाई सामने रखते हैं, जिसे कभी-कभी नीति निर्माता छिपाना चाहते हैं। वर्ष 1960 में दक्षिण कोरिया की प्रति व्यक्ति आय मात्र 79 डालर थी, जो उस समय उत्तर कोरिया से भी कम थी। आज वही दक्षिण कोरिया 36 हजार डालर से अधिक प्रति व्यक्ति आय के साथ विश्व की उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। सिंगापुर की कहानी और भी चौंकाने वाली है। वर्ष 1965 में मलेशिया से अलग होकर स्वतंत्र हुए इस देश की प्रति व्यक्ति आय लगभग 500 डालर थी, जो उस समय के मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बराबर थी। न प्राकृतिक संसाधन, न पीने का पर्याप्त पानी, फिर भी आज सिंगापुर की प्रति व्यक्ति आय पचास हजार डालर से अधिक है और वह अमेरिका तथा ब्रिटेन जैसे देशों से भी आगे निकल चुका है। दूसरी ओर भारत की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 1960 में 312 डालर थी और 2024 तक यह केवल 2,396 डालर तक पहुंच पाई है। यह आंकड़ा बताता है कि देश में वास्तविक विकास और समृद्धि की रफ्तार के बीच कितना अंतर है।

स्वतंत्रता के बाद लगभग साढ़े चार दशकों तक भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 3.5 फीसद के आसपास सिमटी रही, जबकि दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे देश दोहरे अंकों की वृद्धि दर हासिल कर रहे थे। इसका मूल कारण था लाइसेंस राज की वह प्रणाली, जिसमें उद्योग स्थापित करने से लेकर उत्पादन बढ़ाने तक की अनुमति पाने के लिए जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। वर्ष 1980 के दशक के अंत तक भारत में पूंजीगत वस्तुओं पर 115 फीसद और उपभोक्ता वस्तुओं पर 129 फीसद तक का आयात शुल्क लगाया जाता था। निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का करीब पांच फीसद तक सीमित था। परिणाम यह हुआ कि वर्ष 1991 में देश को भुगतान संतुलन के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा, जब विदेशी मुद्रा भंडार दो सप्ताह के आयात के लायक शेष रह गया था।

इसी क्रम में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियां लागू हुईं। नब्बे के दशक में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद प्रतिवर्ष लगभग छह फीसद की दर से बढ़ा और निर्यात 17 फीसद वार्षिक दर से बढ़ने लगा। साफ्टवेयर और सेवा क्षेत्र में देश ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। मगर प्रश्न यह है कि यह सुधार 44 वर्ष पहले क्यों नहीं हो सका, जब दक्षिण कोरिया और सिंगापुर पहले ही खुले बाजार और निर्यात आधारित औद्योगीकरण की राह पकड़ चुके थे। सिंगापुर के संस्थापक नेता ने जहां शुरू से ही मुक्त व्यापार और न्यूनतम आयात शुल्क की नीति अपनाई, वहीं भारत में संरक्षणवाद और आत्मनिर्भरता के नाम पर आयात प्रतिस्थापन का माडल दशकों तक जारी रहा, जिसने भारतीय उद्योगों को प्रतिस्पर्धा से दूर रखा और वे कमजोर होते गए। दूसरी बड़ी कमी विनिर्माण क्षेत्र की उपेक्षा में दिखी। सिंगापुर में 1965 से 1975 के बीच ही विनिर्माण का सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा चौदह फीसद से बढ़कर बाईस फीसद तक पहुंच गया था। भारत



में यह हिस्सा आज भी 16 से 17 फीसद के बीच ही अटका हुआ है।

वर्ष 2014 में जब 'मेक इन इंडिया' अभियान आरंभ हुआ, तब विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा सोलह फीसद था और सरकार का लक्ष्य इसे 2022 तक पच्चीस फीसद तक ले जाने का था। यह लक्ष्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। विनिर्माण

> **वर्ष 2014 में जब 'मेक इन इंडिया' अभियान शुरू हुआ, तब विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा सोलह फीसद था और सरकार का लक्ष्य इसे 2022 तक पच्चीस फीसद तक ले जाने का था। यह लक्ष्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि उदारीकरण के बाद के पच्चीस वर्षों में भी इस हिस्से में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई। विनिर्माण के अभाव का प्रभाव रोजगार सृजन पर पड़ता है, क्योंकि यह क्षेत्र बड़ी संख्या में श्रमशक्ति को समाहित कर सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी देश की प्रगति अपेक्षा से धीमी रही। वर्ष 2024 में देश की साक्षरता दर लगभग 78 फीसद थी, जबकि विश्व की औसत 86 फीसद के आसपास है। देश के उद्योग जगत को कुशल श्रमशक्ति की जरूरत है, जबकि लाखों स्नातक बेरोजगार हैं।**

के अभाव का सीधा प्रभाव रोजगार सृजन पर पड़ता है, क्योंकि यही वह क्षेत्र है जो बड़ी संख्या में श्रमशक्ति को समाहित कर सकता है। जब कोई राष्ट्र युवा शक्ति को उत्पादक कार्य में नहीं लगा पाता, तब आबादी वरदान के बजाय चुनौती बन जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी भारत की प्रगति अपेक्षा से धीमी रही। वर्ष 2024 के आंकड़ों के मुताबिक, देश की साक्षरता दर लगभग 78 फीसद है, जबकि विश्व की औसत 86 फीसद के आसपास है।

दक्षिण कोरिया की बात की जाए, तो उसने स्वतंत्रता के तुरंत बाद ही सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाया था और तकनीकी शिक्षा में भारी निवेश किया। इसके परिणामस्वरूप वहां का मानव पूंजी सूचकांक विश्व में अग्रणी बना। भारत में शिक्षा नीति लंबे समय तक उच्च शिक्षा और सरकारी नौकरियों के इर्द-गिर्द केंद्रित रही, जिससे कौशल आधारित व्यावसायिक शिक्षा की नींव कमजोर हुई। परिणामस्वरूप आज भी उद्योग जगत कुशल श्रमशक्ति की कमी की शिकायत करता है, जबकि लाखों स्नातक बेरोजगार हैं। सिंगापुर ने शुरू से ही भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई और प्रशासनिक दक्षता को सर्वोच्च बनाया। जबकि भारत में भ्रष्टाचार, अवसर की राजनीति और अल्पकालिक चुनावी लाभ की सोच ने दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को बार-बार भटकाया। देश में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ नीतियां भी बदलती रहीं, जिससे निरंतरता का अभाव रहा और हर सरकार को पिछली नींव पर नहीं, बल्कि नई शुरुआत से चलना पड़ा।

आत्मनिर्भरता और स्वदेशी सोच के वास्तविक स्वरूप को समझना भी जरूरी है। जिन देशों ने तीव्र विकास किया, उन्होंने पहले अपने घरेलू उद्योग और तकनीक को प्रतिस्पर्धी बनाया, फिर वैश्विक बाजार में साहसपूर्वक कदम रखा। भारत में ऐसा नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय उत्पादों और क्षमता पर भरोसा करने में झिझक बनी रही। हालांकि, यह भी सच है कि भारत की चुनौतियां कई देशों की अपेक्षा विशाल और जटिल थीं। इतनी बड़ी जनसंख्या, सामाजिक विविधता, अनेक भाषाएं, धर्म और क्षेत्रीय असमानताओं के बीच लोकतंत्र को जीवित रखते हुए विकास करना, किसी छोटे और अपेक्षाकृत सजातीय समाज वाले देश की तुलना में कठिन है। दक्षिण कोरिया और सिंगापुर ने प्रारंभिक दशकों में सत्तावादी शासन के सहारे तेजी से निर्णय लिए, जबकि भारत ने प्रारंभ से ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संघीय ढांचे को अपनाया। जापान और जर्मनी ने भी लोकतांत्रिक ढांचे में रहते हुए युद्धोत्तर पुनर्निर्माण किया और सिद्ध किया कि अनुशासित लोकतंत्र भी तेज प्रगति का मार्ग बन सकता है।

अब समय आ गया है कि भारत अपनी कमियों से सीखते हुए नई दिशा तय करे। विनिर्माण को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां, कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली, नवाचार को बढ़ावा, अवसंरचना में निवेश और आत्मनिर्भर भारत की सोच, ये सभी उस दिशा के संकेत हैं, जिसकी आवश्यकता दशकों पहले महसूस की जानी चाहिए थी। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अत्यंत गरीबी की दर नब्बे के दशक के प्रारंभ में पैंतालीस फीसद से अधिक थी, जो वर्ष 2022 तक घटकर लगभग पांच फीसद रह गई है। विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय आत्मगौरव की पुनर्स्थापना है, जो पराधीनता ने छीन लिया था। जिस भारत ने कभी विश्व की एक चौथाई अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व किया था, वह फिर से अपनी उस पहचान को पाने की राह पर है। अगर संकल्पशक्ति, अनुशासन और स्पष्ट दिशा हो, तो लक्ष्य को हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होता है।

## सफलता की नींव

**अनंतपद्मनाभन**

**दुनिया मेरे आगे**

तुरंत सफलता का भ्रम हमें यह विश्वास दिलाता है कि जीवन में आगे बढ़ना एक सीधी राह पर लगातार चलते जाने का नाम है। मानो हर कदम हमें मंजिल के करीब ले जाता हो। मगर वास्तविक जीवन शायद ही कभी इतनी सरल रेखा में आगे बढ़ता है। निराशाएं, योजनाओं का विफल होना, अवसरों का हाथ से निकल जाना और भविष्य को लेकर अनिश्चितता- ये सब जीवन-यात्रा का स्वाभाविक हिस्सा हैं। विडंबना यह है कि जिन परिस्थितियों को हम अपनी प्रगति में बाधा समझते हैं, वही आगे चलकर हमारे व्यक्तित्व को मजबूत और धैर्यवान बना सकती हैं। कई बार जीवन हमें सफलता का रास्ता दिखाने से पहले असफलता से गुजरना सिखाता है।

अचानक लगा कोई बड़ा झटका व्यक्ति को भीतर तक हिला सकता है। नौकरी चली जाना, परीक्षा में अपेक्षित परिणाम न मिलना, कारोबार बंद हो जाना या कोई प्रिय अवसर हाथ से निकल जाना- इनमें से कोई भी घटना भविष्य को धुंधला कर सकती है। उस क्षण लग सकता है कि देखा गया सपना पूरा नहीं होगा, लेकिन असफलता शायद ही कभी स्थायी होती है। वह पूर्ण विराम नहीं, एक पड़ाव है। वह व्यक्ति को सोचने का अवसर देती है कि क्या गलत हुआ और आगे की राह कैसे बेहतर बनाई जाए।

ऐसे उदाहरण हमें आए दिन मिल जाएंगे, जिनमें किसी व्यक्ति को अपने जीवन में कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ा। बल्कि उसकी वजह से उसने न केवल अपनी मंजिल के बारे में कुछ समय तक सोचना छोड़ दिया, बल्कि खुद को रास्ते से भी बाहर हो गया मानने लगा। मगर उसके भीतर के बचे हुए हौसले ने एक बार फिर धक्का दिया और वह पहले की नाकामी को पीछे छोड़ आगे की ओर बढ़ चला। उसके बाद मिली कामयाबी ने न केवल यह साबित किया कि हारना विकल्प नहीं है, बल्कि हार कर बैठ जाना कैसे व्यक्ति को उसके सपनों से दूर कर देता है। जीवन के हर क्षेत्र में असफलता भी कुछ सिखाती है।

> **कभी-कभी असफलता का सबसे बड़ा सबक यह होता है कि हमें अपने डर से आगे बढ़ना सीखना चाहिए। असफल होने के डर से यदि हम प्रयास ही न करें, तो संभावनाओं के कई दरवाजे हमारे लिए कभी खुलेंगे ही नहीं। हर ठोकर हमें अधिक सजग बनाती है। हर प्रतीक्षा हमारे भीतर विश्वास जगाती है।**

खेल के मैदान में चोट से लौटने वाला खिलाड़ी मन को भी मजबूत बनाता है। चोट उसे अपनी सीमाएं समझने और धैर्य रखने का अवसर देती है। इसी तरह परीक्षा में असफल विद्यार्थी अपनी कमियां पहचानकर अगली कोशिश को अधिक व्यवस्थित बना सकता है। कभी-कभी असफलता हमें वह सिखाती है, जो सफलता नहीं सिखा सकती। सफलता आत्मविश्वास देती है, लेकिन असफलता आत्ममंथन का अवसर देती है। सफलता क्षमताओं पर विश्वास करना सिखाती है, जबकि असफलता कमजोरियों को पहचानने का साहस देती है। त्वरित सफलता की कहानियां यह भ्रम पैदा करती हैं कि सफलता शीघ्र मिलनी चाहिए, लेकिन उपलब्धियां समय, निरंतर प्रयास और छोटे सुधारों से बनती हैं। दैनिक अनुशासन और धैर्य का प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई देता है, लेकिन वही स्थायी परिवर्तन की नींव रखते हैं। नदी को चट्टान काटने के लिए असाधारण शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। उसका निरंतर बहाव रास्ता बनाता है। जीवन में भी निरंतरता प्रतिभा से अधिक महत्त्वपूर्ण होती है।

हर दिन का छोटा प्रयास भविष्य की दिशा बदल सकता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हर असफलता के तुरंत बाद सफलता मिल जाएगी। कभी-कभी लंबा इंतजार करना पड़ता है, कुछ दरवाजे बंद हो जाते हैं और कुछ सपने बदलने पड़ते हैं। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि जीवन समाप्त हो गया। कई बार बंद हुआ दरवाजा ऐसी राह खोल देता है, जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की होती है। वास्तविक लचीलापन यही है कि व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से बचने के बजाय उनका सामना करने की क्षमता विकसित करे। गिरना कमजोरी नहीं है। गिरने के बाद उठने की इच्छा ही मनुष्य की वास्तविक शक्ति है।

हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है। किसी की सफलता जल्दी दिखाई देती है, किसी की देर से। इसलिए अपनी यात्रा की तुलना दूसरों से करना उचित नहीं। दिखाई देने वाली सफलता के पीछे अक्सर ऐसे संघर्ष छिपे होते हैं, जिन्हें दुनिया नहीं देखती। कभी-कभी असफलता का सबसे बड़ा सबक यह होता है कि हमें अपने डर से आगे बढ़ना सीखना चाहिए। असफल होने के डर से यदि हम प्रयास ही न करें, तो संभावनाओं के कई दरवाजे हमारे लिए कभी खुलेंगे ही नहीं।

जोखिम उठाने का अर्थ लापरवाही नहीं, बल्कि यह स्वीकार करना है कि हर प्रयास का परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं होगा। फिर भी प्रयास करते रहना जरूरी है, क्योंकि अवसर अक्सर उन्हीं लोगों के सामने आते हैं, जो असफल होने की आशंका के बावजूद आगे बढ़ने का साहस रखते हैं। जीवन आसान राह का वादा नहीं करता। मगर हमारे पास एक विकल्प हमेशा रहता है- हम परिस्थिति को अपने ऊपर हावी होने दें या उससे सीखकर आगे बढ़ें।

जब हम असफलता को अंत नहीं, पड़ाव मानते हैं, निराशा को ठहराव नहीं, आत्ममंथन का अवसर बनाते हैं और बाधाओं को दीवार नहीं, सीढ़ी की तरह देखते हैं, तब जीवन का अर्थ बदलने लगता है। हर ठोकर हमें अधिक सजग बनाती है। हर प्रतीक्षा हमारे भीतर विश्वास जगाती है। हर पुनःप्रयास हमारी इच्छाशक्ति को और दृढ़ करता है। धैर्य, साहस और निरंतर प्रयास के साथ देखी जाएं, तो असफलताएं रास्ता रोकने वाली दीवारें नहीं रह जातीं। वे वही सीढ़ियां बनती हैं, जिन पर कदम रखकर हम अपने भीतर की उस शक्ति तक पहुंचते हैं, जिसका हमें पहले अंदाजा भी नहीं था। यही असफलता से सफलता की सच्ची और सार्थक यात्रा है।

### संप्रभुता का सम्मान




भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमेशा यह स्पष्ट किया है कि उसकी विदेश और आर्थिक नीतियां किसी दूसरे देश के निर्देशों से तय नहीं होंगी। पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर भारत ने न केवल अपनी विशाल आबादी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि घरेलू स्तर पर महंगाई को भी नियंत्रित रखा। यदि भारत ने उस समय रूस से तेल न खरीदा होता, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छूने लगतीं, जिससे लोगों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो जाता। अमेरिका खुद अपनी सहूलियत के हिसाब से नियम तय करता है, जबकि भारत के लिए उसके 140 करोड़ नागरिकों का हित सर्वोपरि है। उसका यह दो टूक जवाब उसकी स्वतंत्र विदेश नीति, संप्रभुता और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को मजबूती से रेखांकित करता है। आज का भारत किसी भी वैश्विक महाशक्ति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीदने पर भारत पर दबाव बनाना और सौ फीसद तक शुल्क लगाने की धमकी देना स्पष्ट तौर पर उसके दोहरे रवैये को दर्शाता है।

*- भगवानदास छारिया, इंदौर*

### स्वदेशी को प्रोत्साहन

देश में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में यूपीआइ ने क्रांतिकारी बदलाव किया है। आज छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े कारोबारी तक यूपीआइ का सहजता से उपयोग कर रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में यूपीआइ की हिस्सेदारी 84 फीसद तक पहुंच चुकी है। ऐसे में सरकार द्वारा दो हजार रुपए से अधिक के व्यवसायिक भुगतान पर 0.4 फीसद शुल्क लगाना चिंताजनक है। यूपीआइ लेन-देन पर किसी भी प्रकार का शुल्क डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। भुगतान प्रणाली संचालित करने वाली कंपनियों और बैंकों की लागत का प्रश्न भी महत्त्वपूर्ण है। इस लागत की भरपाई के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि स्थायी समाधान नहीं हो सकती। फोनपे और गूगलपे मिल कर अस्सी फीसद यूपीआइ लेन-देन संभालते हैं। यूपीआइ को सस्ता और सुलभ बनाए रखने के लिए स्वदेशी 'फिनटेक कंपनियों' को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

*- हिमांशु शेखर, गयाजी*

### आतंकवाद की कीमत

'आतंक की जड़' (संपादकीय, 21 सितंबर) पाकिस्तान में आतंकवाद की समस्या पर एक गंभीर प्रश्न उठाता है। आखिर जिस आतंकवाद को कभी रणनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल किया गया, वही अब पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है? निस्संदेह आतंकवाद को केवल सीमा पार की समस्या मानने के बजाय उसके घरेलू कारणों और नीतिगत पृष्ठभूमि पर भी ध्यान देना होगा। आतंकवादी संगठनों के बीच भेद करने की नीति अंततः सुरक्षा के लिए भारी पड़ सकती है, क्योंकि हिंसा का रास्ता एक बार खुलने के बाद उसके लक्ष्य और सीमाएं तय करना कठिन हो जाता है। आखिर पाकिस्तान ने जो बीज बोए हैं, अब उसी की फसल उसे काटनी पड़ रही है। कोहाट में आतंकी हमले की घटना इसी खतरे का उदाहरण है। इससे स्पष्ट है कि आतंकवाद अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता के लिए भी गंभीर संकट है।

*- ओपी चौधरी, रतलाम, मप्र*

### शिक्षा में बदलाव

शिक्षा अब तकनीक की अंगुली थाम कर एक नए युग में प्रवेश कर रही है। कभी यह मनुष्य के भीतर छिपे विवेक को जगाने वाली वह धीमी लौ थी, जिसकी रोशनी में समाज अपने अंधविश्वासों और असमानताओं को पहचानता था। मगर समय के बदलते व्याकरण में शिक्षा का चरित्र भी बदल गया है। विद्यार्थी जो कभी जिज्ञासा का पर्याय था, आज कई बार 'पैकेज' और 'प्लेसमेंट' का पर्याय बना हुआ प्रतीत होता है। विद्यालयों की दीवारों पर नैतिक शिक्षा संबंधी विचार अब भी मुस्कराते हैं, लेकिन उनके नीचे भारी-भरकम फीस की सूची दिखाई देती है। तकनीक ने शिक्षा के क्षितिज को विस्तृत किया है, लेकिन सबसे गंभीर प्रश्न शिक्षा के उद्देश्य का है। शिक्षा का नया चेहरा आधुनिक अवश्य है, लेकिन उसकी आंखों में पुरानी सामाजिक विषमताएं अब भी दिखाई देती हैं।

*- प्रबल मिश्रा, दिल्ली*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

### एक शिक्षक और शून्य-नामांकन वाले विद्यालयों में कमी

**तथ्य**

यूडीआइएसईप्लस रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में केवल एक शिक्षक के भरोसे चलने वाले स्कूलों की संख्या में लगभग 3 फीसद की कमी आई और यह घटकर 1,00,843 रह गई, जबकि पिछले वर्ष (2024-25) की तुलना में शून्य-नामांकन वाले स्कूलों में 29 फीसद की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई और इनकी संख्या घटकर 5,663 हो गई। ये सुधार शिक्षकों के आवंटन को तर्कसंगत बनाने, उनके बेहतर पदस्थापन और देश भर में छात्रों की जरूरतों के अनुसार शैक्षणिक संसाधनों को अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों को दर्शाते हैं।



### स्कूलों में कुल नामांकन में लड़कियों की हिस्सेदारी 48.4 फीसद

यूडीआइएसइप्लस 2025-26 की रिपोर्ट के मुताबिक, स्कूलों में कुल नामांकन में लड़कियों की हिस्सेदारी 48.4 फीसद रही, जो स्कूलों में एक संतुलित लैंगिक वितरण को दर्शाती है। इसके अलावा, शिक्षकों में भी महिलाओं का फीसद 54.9 है जो शिक्षा के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को बताता है। कुल दाखिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 44.9 फीसद है, इसके बाद सामान्य वर्ग (27.5%), अनुसूचित जाति (17.7%) और अनुसूचित जनजाति (10%) का स्थान रहा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को मिलाकर कुल दाखिलों में इनकी हिस्सेदारी 27.7% रही, जो स्कूली शिक्षा तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लगातार प्रयासों को दर्शाता है।



# सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार

*विशेषज्ञ की कलम*



भारत का सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र इस समय देश के सबसे तेजी से बढ़ते 'सनराइजिंग सेक्टर्स' में से एक बन चुका है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा हो रहे हैं। हाल ही में आयोजित हुए सेमीकान इंडिया 2026 में सरकार ने सेमीकान 2.0 नीति को 1.27 लाख करोड़ रुपए के भारी-भरकम बजट के साथ हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स और आइटी मंत्रालय के अनुसार, इस नए अभियान और बढ़ते निवेश से इस पूरे इकोसिस्टम में 1 लाख से अधिक नई नौकरियों के अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

इसी को देखते हुए प्रशिक्षित कर्मियों की जरूरतें पूरी करने की भी तैयारियां तेज हो गई है। सेमीकंक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन, चिप निर्माण, सिस्टम डिजाइन, उपकरण सहित पहलुओं पर युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए संस्थाएं इस पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा के तौर पर आगे आने लगी हैं। अगले छह साल में एक लाख युवाओं को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। प्रणाली और उपकरणों की जरूरत के लिए प्रशिक्षित और दक्ष कर्मियों की मदद से कम लागत में गुणवत्ता से चिप विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इससे आयात पर निर्भरता धीरे धीरे कम होगी और आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ेंगे।

> केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स और आइटी मंत्रालय के अनुसार, इस नए अभियान और बढ़ते निवेश से इस पूरे इकोसिस्टम में 1 लाख से अधिक नई नौकरियों के अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

सेमीकान इंडिया 2026 के दौरान सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए भारत में निवेश संभावनाएं बढ़ाने के लिए कई कंपनियों से साझेदारी भी की गई है।

सेमीकंडक्टर विनिर्माण के कई हिस्से हैं। किसी भी उपकरण या प्रणाली की जरूरत के मुताबिक चिप तैयार किए जाते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए चिप डिजाइन, रसायन, गैस और फैब समेत अलग अलग प्रणालियों की जरूरत के लिए तैयार किए जाने वाले उकपरणों की गुणवत्ता बेहद अहम है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ), इंजीनियरिंग सहित विभिन्न स्तर के कर्मियों की जरूरतें पूरी की जाएंगी।

### वेतन

**फ्रेशर्स** : 4 लाख से 8 लाख रुपए प्रति वर्ष (शीर्ष संस्थानों जैसे आइआइटी से पास होने वालों के लिए यह 20 लाख रुपए तक भी हो सकती है।

**2 से 5 वर्ष का अनुभव**: 8 लाख से 15 लाख रुपए प्रति वर्ष।

**I5 से 10 वर्ष का अनुभव**: 15 लाख से 30 लाख रुपए प्रति वर्ष।

**सीनियर इंजीनियर और विशेषज्ञ** : 30 लाख से 60 लाख रुपए प्रति वर्ष या अधिक।

### प्रमुख संस्थान व पाठ्यक्रम

**आइआइएससी बैंगलोर (भारतीय विज्ञान संस्थान)**: यहां सेमीकंडक्टर रिसर्च के लिए विशेष 'सेंसे' लैब है। आइआइएससी द्वारा ताइवानी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर टेक्नोलाजी में ज्वाइंट एमटेक कोर्स भी चलाया जा रहा है।

**आइआइटी मुंबई आइआइटी दिल्ली, आइआइटी मद्रास और आइआइटी खड़गपुर**: ये संस्थान सेमीकंडक्टर डिवाइसेज, नैनोइलेक्ट्रानिक्स और वीएलएसआइ डिजाइन के लिए देश के सबसे प्रमुख केंद्र हैं। आइआइटी दिल्ली इसके लिए एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम भी कराता है।

**आइआइटी भुवनेश्वर**: यह संस्थान एमओएसर्ट लैब्स के साथ साझेदारी में सेमीकंडक्टर टेक्नोलाजी व चिप डिजाइन में प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्स आफर करता है।

**आइआइटी हैदराबाद और एनआइटी त्रिची और एनआइटी सुरथकल)**: यहां एडवांस हार्डवेयर-साफ्टवेयर को-डिजाइन और चिप आर्किटेक्चर के विशेष ट्रैक्स उपलब्ध हैं।

**विशिष्ट स्किल्स और डिप्लोमा संस्थान, गांधीनगर**: यह संस्थान आइआइटी गांधीनगर और सिंगापुर के सहयोग से सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, पैकेजिंग और टेस्टिंग में इंटरनेशनल प्रोफेशनल टेक्नोलाजिस्ट प्रोग्राम कराता है।

**मनोज चौधरी**, *गति शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति*

*जानें-सीखें*

## यूपीआइ : फोन में इंटरनेट न होने पर भी हो सकेगा भुगतान

यूपीआइ से भुगतान करने के तरीके में बड़ा बदलाव होने वाला है। अब कुछ परिस्थितियों में फोन में मोबाइल इंटरनेट न होने पर भी भुगतान किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यानी एनपीसीआइ ने यूपीआइ टैप एंड पे और माययूपीआइ नाम के दो नए फीचर पेश किए हैं। इनमें एक सुविधा एनएफसी के जरिए भुगतान आसान करेगी, जबकि दूसरी एआइ की मदद से यूपीआइ से जुड़ी कई समस्याओं और सेवाओं को एक जगह लाने की कोशिश है। ये दोनों सुविधाएं हाल ही में मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने लान्च की हैं।

यूपीआइ टैप एंड पे की सबसे खास बात यह है कि भुगतान के समय फोन में मोबाइल इंटरनेट कनेक्शन जरूरी नहीं होगा। इसके लिए यूजर के स्मार्टफोन में एनएफसी सपोर्ट होना चाहिए और जिस भुगतान मशीन पर पेमेंट किया जा रहा है, उसमें भी एनएफसी की सुविधा मौजूद होनी चाहिए। भुगतान करने के लिए यूजर को फोन अनलाक करके एनएफसी सपोर्ट वाली पाइंट आफ सेल मशीन पर टैप करना होगा। इसके बाद लेनदेन के लिए मशीन का इंटरनेट कनेक्शन इस्तेमाल होगा। यानी फोन का मोबाइल डेटा बंद होने पर भी भुगतान किया जा सकेगा। यूपीआइ टैप एंड पे में अलग-अलग तरह के यूपीआइ खाते इस्तेमाल किए जा सकेंगे। इसमें यूपीआइ से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड का विकल्प भी शामिल है। 5,000 रुपए तक के भुगतान बिना यूपीआइ पिन के किए जा सकेंगे। इससे ज्यादा रकम के लेनदेन के लिए पॉइंट आफ सेल मशीन पर यूपीआइ पिन दर्ज करना होगा। इससे छोटे भुगतान को तेज बनाने के साथ बड़े भुगतान के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बनाए रखने की कोशिश की गई है।



एनपीसीआइ ने इसके साथ माययूपीआइ भी पेश किया है। यह एआइ पर आधारित सेवा है, जो एनपीसीआइ के फाइनेंस माडल फार इंडिया यानी फाइमी नाम के विशेष भाषा माडल पर तैयार की गई है। फाइमी को भारतीय भुगतान व्यवस्था को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है और यह पहले से यूपीआइ हेल्प असिस्टेंट को सपोर्ट कर रहा है। माययूपीआइ का मकसद यूजर को अलग-अलग बैंकों और यूपीआइ एप में मौजूद लेनदेन और आटोपे मैंडेट की जानकारी एक जगह उपलब्ध कराना है। इससे यूजर को अपनी यूपीआइ गतिविधियों पर नजर रखना आसान हो सकता है। माययूपीआइ में सेफ्टी स्विच भी दिया जाएगा। अगर किसी यूजर को लगता है कि उसका बैंक खाता या यूपीआइ एक्सेस किसी खतरे में है, तो वह आने वाले यूपीआइ डेबिट लेनदेन को रोकने का अनुरोध कर सकेगा।

**युवा शक्ति डेस्क**

### सेवा संकल्प अभियान



**प्रयागराज** : 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत छात्रों ने बुधवार को भारत के नक्शे के आकार में मानव शृंखला बनाई।

# नौकरी के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक शिक्षण भी जरूरी

*परामर्श*

व्यावहारिक शिक्षण और केस स्टडी के माध्यम से रोजगार क्षमता बढ़ानाआज के प्रतिस्पर्धी समय में नियोक्ता ऐसे उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं जिनके पास न केवल अकादमिक ज्ञान हो, बल्कि पेशेवर वातावरण में सफल होने के लिए व्यावहारिक कौशल का अनुभव भी हो। कार्यस्थल की गतिशील मांगों के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए पारंपरिक कक्षा शिक्षण अब पर्याप्त नहीं है। इसके लिए व्यावहारिक शिक्षा भी जरूरी है।

शैक्षणिक कार्यक्रमों में व्यावहारिक शिक्षण अनुभव को शामिल करने से छात्रों को वास्तविक व्यावसायिक परिदृश्यों में महत्वपूर्ण आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और निर्णय लेने के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। व्यावहारिक शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को ऐसे प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है जो उनके करियर में आने वाली चुनौतियों और अवसरों का अनुकरण करते हैं। इंटर्नशिप, वास्तविक परियोजनाओं या उद्योग भ्रमण के माध्यम से, यह शिक्षण छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के संदर्भों में लागू करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, छात्र व्यावसायिक सिमुलेशन में अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, उद्योग जगत के पेशेवरों के साथ सहयोग कर सकते हैं, या कंपनियों के साथ मिलकर परियोजनाओं पर काम कर सकते हैं। व्यावसायिक जगत की रोजमर्रा की वास्तविकताओं का अनुभव करके, छात्र उन कौशलों के साथ कार्यबल में प्रवेश करने के लिए बेहतर रूप से तैयार होते हैं जिन्हें नियोक्ता सबसे अधिक महत्व देते हैं। व्यावहारिक शिक्षा छात्रों को उद्योग की कार्यप्रणाली से परिचित कराती है, जिससे उन्हें यह समझने में मदद मिलती है कि कंपनियां कैसे काम करती हैं और नियोक्ता अपने कर्मचारियों से क्या अपेक्षा रखते हैं।

# अब जेईई, नीट का प्रतिरूप स्कोरकार्ड निकलवा सकेंगे

*जरूरी जानकारी*

नेशनल टेस्टिंग एजंसी (एनटीए) ने स्कोरकार्ड की प्रतिरूप कापी लेने की प्रक्रिया जारी की है। यह सुविधा उन अभ्यर्थियों के लिए है, जिनका मूल स्कोरकार्ड खो गया है, चोरी हो गया है, खराब हो गया है या किसी वजह से नष्ट हो गया है। यह नियम जेईई मेन, नीट यूजी, सीयूईटी पीजी समेत एनटीए की ओर से आयोजित अन्य परीक्षाओं के स्कोरकार्ड पर भी लागू होता है। एनटीए ने जारी सूचना में प्रतिरूप स्कोरकार्ड पाने का तरीका बताया है।

अभ्यर्थियों के पास इसके लिए दो विकल्प हैं। अगर आपका स्कोरकार्ड डिजीलाकर पर उपलब्ध है, तो उसे वहीं से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए अलग से प्रतिरूप स्कोरकार्ड का आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। अगर डिजीलाकर पर स्कोरकार्ड नहीं मिल रहा है, तभी एनटीए की तय प्रक्रिया के तहत डुप्लीकेट स्कोरकार्ड के लिए आवेदन करना होगा।

यह आवेदन पत्र एनटीए की सूचना में अनुलग्नक-1 (एनेक्सचर-1) के रूप में दिया गया है। एनटीए इसके लिए एक आनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराएगा। जब तक वह पोर्टल शुरू नहीं होता, तब तक अभ्यर्थी एनटीए की ओर से बताए गए दूसरे तरीकों से आवेदन भेज सकते हैं। एक तरीका है कि पूरा आवेदन और जरूरी दस्तावेज पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से एनटीए के निदेशक (परीक्षा) को भेजें। अभ्यर्थी सभी जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कापी एक पीडीएफ फाइल में बनाकर ईमेल भी कर सकते हैं। हालांकि, केवल ईमेल भेजना पर्याप्त नहीं होगा।



> यह सुविधा उन अभ्यर्थियों के लिए है, जिनका मूल स्कोरकार्ड खो गया है, चोरी हो गया है, खराब हो गया है या किसी वजह से नष्ट हो गया है।

ईमेल भेजने के बाद 15 दिनों के भीतर दस्तावेजों की हार्ड कापी पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजनी होगी। डुप्लीकेट स्कोरकार्ड की फीस इस बात पर निर्भर करेगी कि परीक्षा का परिणाम जारी हुए कितना समय बीत चुका है। यह 1,500 रुपए से लेकर 2,500 रुपए के बीच होगी।

## आवेदन के साथ ये दस्तावेज देने होंगे

-डुप्लीकेट स्कोरकार्ड के लिए आवेदन करते समय एनटीए के तय प्रारूप में भरा और हस्ताक्षर किया हुआ आवेदन पत्र।

-अनुलग्नक-2 में दिए प्रारूप के अनुसार तैयार हलफनामा।

-स्कोरकार्ड खोने या चोरी होने से जुड़ी पुलिस रिपोर्ट, जैसे एफआइआर, डीडीआर, एनसीआर या खोई वस्तु की रिपोर्ट।

-दो हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो। एक आवेदन पत्र और दूसरी हलफनामे के साथ लगानी होगी।

-परीक्षा का प्रवेश पत्र या पंजीकरण पर्ची की स्वप्रमाणित प्रति, यदि उपलब्ध हो। यह अनिवार्य नहीं है। डुप्लीकेट स्कोरकार्ड की फीस जमा करने का प्रमाण।

-वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र की स्वप्रमाणित प्रति। पहचान पत्र के तौर पर आधार, पैन, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस दिया जा सकता है।

-जहां जरूरी हो, निर्धारित तरीके से छिपे अंकों वाला आधार कार्ड की प्रति देनी होगी।

-भारत से बाहर रहने वाले अभ्यर्थी जरूरी पासपोर्ट की प्रति दे सकते हैं।

-एनटीए के अनुलग्नक-3 में दिए प्रारूप के अनुसार क्षतिपूर्ति सह वचनपत्र भी देना होगा।

*सूचनापट्ट*

### स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय

*शाहजहांपुर* के स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को राहत देते हुए पंजीकरण और प्रवेश की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 24 सितंबर तक संबंधित संस्थान में प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित और संबद्ध महाविद्यालयों के अनुरोध को देखते हुए यह निर्णय किया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 19 सितंबर से शुरू हो चुकी है। इसके लिए 200 रुपए प्रति छात्र की दर से शुल्क जमा करना होगा। पंजीकरण कराने के बाद संबंधित संस्थान में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 24 सितंबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में पंजीकरण और प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एलएलएम प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए भी प्रवेश की अंतिम तिथि 24 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, प्राचार्यों और संबद्ध महाविद्यालयों को निर्धारित तिथि के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विद्यार्थियों को प्रवेश की विस्तारित तिथि की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।



**आवेदन की अंतिम तिथि : 24 सितंबर**

### यूनिसेफ

*संयुक्त* राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) वेंचर फंड इंटर्नशिप-2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। यूनिसेफ के स्टाकहोम स्थित नवाचार कार्यालय में यह छह महीने की पार्ट-टाइम इंटर्नशिप है। इस इंटर्नशिप के लिए दुनिया भर के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

इसके प्रमुख क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लाकचेन, यूएवी, इंटरनेट आफ थिंग्स, डाटा साइंस और सहायक तकनीक आदि शामिल हैं। इंटर्न के तौर पर आपको एक ऐसी नई टेक्नोलाजी वाली कंपनियों/आइडियाज को ढूंढना होगा, जो समाज की किसी समस्या को हल करने में मदद कर सकें। यह अवसर तकनीक, नवाचार और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने के लिए उपयोगी हो सकता है। चयनित इंटर्न को अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ यूनिसेफ वेंचर फंड की टीम के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। वे स्टार्टअप की खोज और जांच-पड़ताल, बाजार अनुसंधान और आवेदनों की समीक्षा, तथा मूल्यांकन नोट्स और शोध सामग्री तैयार करने में मदद करेंगे। इसके अलावा, वे संसाधन जुटाने के लिए सामग्री व केस स्टडी तैयार करेंगे, पोर्टफोलियो और जानकारी से जुड़े रिकार्ड संभालेंगे।

**आवेदन की अंतिम तिथि : 25 सितंबर**

### जामिया

*जामिया* मिल्लिया इस्लामिया ने आड सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी कर दी है। नियमित और पार्ट टाइम पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे छात्रों के लिए परीक्षा फार्म 25 सितंबर से 20 अक्तूबर तक आनलाइन उपलब्ध रहेंगे। बैकलाग पेपर वाले छात्रों को भी इसमें शामिल किया गया है। वहीं पीएचडी कोर्स वर्क के छात्रों के लिए भी आनलाइन परीक्षा फार्म इसी अवधि में भरे जाएंगे। इसमें सत्र 2025-26 के सेमेस्टर-2 और सत्र 2026-27 के सेमेस्टर-1 के शोधार्थी शामिल हैं। इसके अलावा बिना विलंब शुल्क के फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 20 अक्तूबर है। इसके बाद 30 अक्तूबर तक एक हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा कर सकेंगे। फार्म में सुधार या संशोधन एक से पांच नवंबर तक हो सकेगा।



**अंतिम तिथि : 30 अक्तूबर**

### आइसीएआर

*भारतीय* कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) ने कृषि और संबद्ध विज्ञान में मास्टर डिग्री धारकों से नेताजी सुभाष (एनएस)-आइसीएआर इंटरनेशनल फेलोशिप-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह फेलोशिप कृषि क्षेत्र की उभरती और महत्वपूर्ण तकनीकों से जुड़े आइसीएआर के प्राथमिकता वाले शोध क्षेत्रों में पीएचडी करने का अवसर देती है। इसके तहत उम्मीदवार कृषि विश्वविद्यालयों में शोध कर सकेंगे। एनएस-आइसीएआर इंटरनेशनल फेलोशिप के तहत पीएचडी के लिए 30 फेलोशिप दी जाएगी। इसकी अवधि तीन साल होगी। इसका उद्देश्य कृषि और संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में नई तकनीकों पर शोध के लिए विशेषज्ञ तैयार करना और भारतीय कृषि अनुसंधान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करना है। इसके लिए आवेदक के पास कृषि या संबद्ध विज्ञान में मास्टर डिग्री होनी चाहिए। विदेश में पीएचडी करने वाले चयनित भारतीय फेलो को हर महीने 2,000 अमेरिकी डालर और एक वर्ष में 1,000 अमेरिकी डालर की अतिरिक्त आकस्मिक राशि दी जाएगी। भारत में अध्ययन करने वाले विदेशी फेलो को 40,000 रुपऐ प्रतिमाह और 25,000 रुपये प्रतिवर्ष आकस्मिक और तैयारी संबंधित खर्च के लिए राशि मिलेगी।

**अंतिम तिथि : 25 सितंबर**

## प्रेरणा

जीवन का लक्ष्य है अपने स्वभाव को पूरी तरह से जानना, इसी प्रयोजन से हम इस दुनिया में हैं। -ऑस्कर वाइल्ड

## संपादकीय

# श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान तो जातिवाद से ग्रस्त ना हों

देश की प्रथम पांच आईआईटी में से दूसरी आईआईटी-बॉम्बे में एक दलित छात्र की आत्महत्या पर उसके परिवार द्वारा आरोप लगाया गया कि डीन/प्रोफेसर ने उस पर जातिवादी टिप्पणी की थी। इसके बाद उन्हें डीन पद से हटा दिया गया। प्रतिक्रिया में डीन के पक्ष में भी छात्रों/फैकल्टी का एक वर्ग उठ खड़ा हुआ। एक अन्य घटना में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज एनएलयू के एचओडी-वार्डन को सभी प्रशासनिक पदों से मुक्त करने के आदेश दिए। उन पर भी दलित छात्रों के खिलाफ जातिवादी पूर्वग्रह का आरोप था। सवाल इन प्राध्यापकों की अपराध-लिप्तता से बड़ा है। चिंता इन संस्थाओं के वातावरण में जातिवादी जहर घुलने की है, जो शैक्षणिक माहौल को और कलुषित ही करेगा। भारत ही नहीं, दुनिया के सभी समुन्नत देशों में अकादमिक संस्थाओं का प्रशासन भी प्रोफेसर ही सम्भालते हैं, ताकि शैक्षिक स्वायत्तता बनी रहे। लेकिन अगर छात्रों का एक वर्ग जातिवादी आरोप के समर्थन में प्रोफेसर के खिलाफ है और दूसरा प्रोफेसर के साथ, तो आने वाले दिनों में परिसर में क्या कोई खुद्दार प्राध्यापक प्रशासनिक पद स्वीकार करेगा? क्या कोई डीन या वार्डन बनाना चाहेगा? इससे भी बड़ा मसला है जातिवाद या साम्प्रदायिकता जैसी कुरीतियों के प्रसार का, जो समय के साथ बढ़ती ही गई हैं। दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक जेईई से आए बच्चे या इन विषयों में महारत हासिल किए प्राध्यापकों को तो जातिवाद या साम्प्रदायिकता के मर्ज से अछूता ही रहना चाहिए।

## जीने की राह




पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com


# जब भी संकल्प लें, सबसे पहले मन को नियंत्रित करें

कुछ अभियानों की कोई फिनिशिंग लाइन नहीं होती। आपको दौड़ना भी पड़ेगा, वक्त आने पर छलांग भी लगानी पड़ेगी। अब आज छोटे-मोटे काम, सामान्य सफलताएं बहुत अर्थ नहीं रखतीं। नई पीढ़ी कुछ अनूठा करने में माहिर है। उनकी तैयारी में उत्साह और सक्रियता तो है, पर संकल्प-शक्ति की कमी है। और इसके बिना वे आधे रास्ते में थक जाते हैं। जब भी कोई संकल्प लें, ध्यान रखें कि संकल्प सात्विक होना चाहिए, वरना हिंसा में बदल सकता है। संयम के साथ संकल्प लें। लोग समझते हैं संकल्प मन में लिया जाता है। दरअसल संकल्प आत्मा, हृदय और मस्तिष्क का विषय है। मन तो उस संकल्प को तोड़ने का काम करता है। आपने संकल्प लिया कि प्रातःकाल उठेंगे, सैर करने जाएंगे। अलार्म लगाया। जिनके पास दो मोबाइल हैं, वो दो में लगाते हैं। और जब वह अलार्म बजता है तो कौन है, जो भीतर से हाथ निकालकर उसको बंद करके आपको समझाता है कि आज नहीं, कल से करेंगे? यह काम मन का है। तो जब भी संकल्प लें, पहले मन को नियंत्रित करें। लिया गया संकल्प शत-प्रतिशत सफल होगा। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### झुकी हुई औरतें

औरतें झुकी रहती हैं उम्र भर
कभी शारीरिक कभी मानसिक रूप से
झुक के धुलती जाती हैं, जल्दी जल्दी बर्तन
खंगाल लेती हैं, सबके छोड़े कपड़े
दाल उतार के चावल चढ़ाती हैं झुके झुके
खेतों में धान बोती जाती हैं

झुककर खींचती थीं पानी, परोसती थीं खाना
झुककर ही था, उसका हर जगह आना जाना
झुकके उठाती हैं बिखरे सामान
टूटे से रिश्ते और कई खानदान...

फिर धीरे धीरे वो झुककर चढ़ने लगती हैं सीढ़ियां
चलती भी हैं, अब झुक कर ही
वो झुककर उठाना चाहती थीं अपना कद

पर अब उनकी मुड़ गई है रीढ़,
निकलने लगे हैं कूल्हे
उन्हें अब याद दिलाना पड़ता है
कि वह सीधी भी चल सकती हैं
औरतें जीवन भर झुकते झुकते झुक जाती हैं।

-मनीषा पांडेय, कानपुर (यूपी)
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### यूपीआई शुल्क की राशि बढ़ाई जाए

डिजिटल पेमेंट सिस्टम का मुख्य उद्देश्य जनता की सुविधा और भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है। इस पर कोई भी शुल्क लगाने का भार तो आम जनता पर ही पड़ता है। शुल्क लेना ही है तो दो हजार नहीं, एक लाख रुपए से अधिक की राशि से शुरुआत हो।
-प्रतिभा शाह, इन्दौर, मध्यप्रदेश

### बढ़ती बरोजगारी देश के लिए चुनौती

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा हाल ही जारी सर्वे के नतीजे बताते हैं कि देश के युवाओं में बेरोजगारी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जितनी यह दिख रही है, स्थिति उससे कहीं ज्यादा भयावह है। आगे चलकर इससे देश में अस्थिरता का नया दौर शुरू हो सकता है।
-जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, झारखंड

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

### पेट्स का साथ एंग्जायटी भी घटाता है

पालतू जानवरों के साथ बिताए चंद पल ही टीनएजर्स के मूड में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के एक शोध में यह सामने आया। शोध में 61 किशोरों ने मिनिएचर हॉर्स और अन्य जानवरों को महज 3 मिनट सहलाया। उन्होंने माना कि इससे उनकी एंग्जायटी और अकेलेपन के भाव में कमी आई है। शोधकर्ताओं ने सोशल मीडिया जनित तनाव से ग्रस्त किशोरों को शामिल किया था।

## सुर्खियों से आगे • ये आततायी क्या खाकर बड़े हुए होंगे, जो इनके भीतर निर्दयता का इतना भंडार है?

# अपने ही वजूद की आंच में खुद को सानती वो...

## देशकाल




नवनीत गुर्जर

navneet@dbcorp.in


एक सुंदर कविता है-

*वो रोटी बेलती है जैसे पृथ्वी*
*जैसे ज्वालामुखी बेलते हैं पहाड़*
*जैसे भूचाल बेलते हैं घर*
*सन्नाटे शब्द बेलते हैं, भाटे समंदर।*
*रोज सुबह सूरज में एक नई उचकन लगाकर*
*एक नई धाह फेंककर।*
*वो रोटी बेलती है जैसे पृथ्वी।*
*पृथ्वी जो खुद लोई है, सूरज के हाथों में*
*रख दी गई है पूरी की पूरी सामने*
*कि लो, इसे बेलो, पकाओ*
*जैसे मधुमक्खियां पकाती हैं शहद*
*अपने पंखों की छांह में...।*
*तब भी, जब सारा शहर सो चुका हो!*
*धुल चुके हों सारे बरतन*
*बुझ चुकी हो आखिरी चूल्हे की राख भी*
*...और वो? अपने ही वजूद की आंच के आगे*
*औचक हड़बड़ी में, खुद को ही सानती*
*खुद को ही गूंधती बार-बार*
*खुश है कि रोटी बेलती है जैसे पृथ्वी...!*

महिलाएं आज बहुत आगे बढ़ चुकी हैं। हर क्षेत्र में। उनमें भी जिन्हें पुरुष कभी अपना एकाधिकार या आधिपत्य मानते थे! लेकिन जमाना इन महिलाओं की राह में आज भी रोड़ा बना हुआ है।

इसी महीने दिल्ली में एक किशोरी के साथ गैंगरेप, एक और किशोरी की हत्या और जमुई में युवती के साथ छेड़छाड़ तथा मारपीट वाली घटनाएं हाड़ कंपा देने वाली हैं।

एक बच्ची पर अत्याचार और यह अत्याचार करते वक्त उसकी चीख सुनकर पसीजना, भागना तो दूर, ऊपर से चीखों का वीडियो बनाते रहना! इस तरह की वैमनस्यता आखिर कहां से और कैसे आती होगी?

सही है- पूरा पुरुष समाज ऐसा नहीं है। केवल कुछ नरभक्षी, आततायी ही यह सब कर रहे हैं। उन्हें किसी समाज, किसी सरकार का खौफ नहीं। किसी दण्ड का भय नहीं। जंगल के चीतों से भी जालिम हैं ये। जमाने भर से तेज हैं नाखून इनके। इनकी ये शैतानी भूख आखिर कब मिटेगी?

जाने कितने दिन और कितनी रातें निगल जाएंगे ये इसी तरह!

कभी कोई तो ये समझे, कि महिलाएं आज अपनी हरियाली को खुद ही अपने लहू से सींच रही हैं।

किसी बाहरी हवा और किसी तरह की बारिश का जरा-सा भी कर्ज नहीं है उन पर। वे जब चाहें खिल सकती हैं। जब चाहें बड़ी, बहुत बड़ी हो सकती हैं।

लेकिन क्या करें! उनकी शारीरिक संरचना ही ऐसी है कि भीतर एक पतली, सुंदर बेल पल रही होती है। यह बेल जब कभी बहुत तेज आंधी हो, किसी मजबूत पेड़ से लिपटना चाहती है।

सिवाय इसके वो हर तरह से मजबूत है। निडर है। बेखौफ भी। माना कि वो हिरनी हैं जन्म से ही। मगर अब शेरनी बनना चाहती हैं।

तो बनने दो।




### उस समाज का क्या करें?

**हर जगह, नुक्कड़ और गांव-गली में सरकार तो नहीं हो सकती, लेकिन उस समाज का क्या किया जाए, जो इस तरह की घटनाओं पर अपने होंठ सी लेता है, जैसे होंठ न हुए, जेल के बंद दरवाजे हों। सबसे पहले हमारे समाज को संभलना, समझना होगा, जो अभी भी कई दर्द भरी चीखें सुनकर जाग नहीं पाता या नींद में गाफिल होने का प्रहसन करता रहता है!**

इन आततायी पुरुषों को आखिर हर्ज ही क्या है?

दरअसल महिलाओं पर अत्याचार के लिए केवल सरकार जिम्मेदार नहीं है। सरकार अगर सख्त से सख्त कानून बनाए तो कुछ हद तक यह सब सीमित हो सकता है, लेकिन सरकारें तो चाहे जिस दल या पार्टी की हों, उनका स्वभाव एक जैसा ही होता है।

चुनाव-जिताऊ घोषणाओं को राज्य या देश के प्रति कर्तव्य बताकर राज करना ही उनका उद्देश्य रहा है।

खैर, हर जगह, नुक्कड़ और गांव-गली में सरकार तो नहीं हो सकती, लेकिन उस समाज का क्या किया जाए, जो इस तरह की घटनाओं पर अपने होंठ सी लेता है, जैसे होंठ न हुए, जेल के बंद दरवाजे हों।

सबसे पहले हमारे समाज को संभलना, समझना होगा, जो अभी भी कई दर्द भरी चीखें सुनकर जाग नहीं पाता या नींद में गाफिल होने का प्रहसन करता रहता है!

समझना होगा कि वो अपने बच्चों को शुरू से ही महिलाओं या अन्य किसी के भी सम्मान की शिक्षा किस तरह दे।

किस तरह उन्हें सत का मार्ग दिखाए। गलत रास्तों पर जाने से रोके!

हमें समझना होगा कि बेशक, पत्थरों को हथौड़े से कूटने पर किसी तरह का खून नहीं बहता लेकिन दर्द तो उन्हें भी होता ही होगा! फिर हम सब तो मनुष्य हैं।

कितना दर्द होना चाहिए। क्यों नहीं होता?

आखिर ये आततायी पुरुष क्या खाकर बड़े हुए होंगे, इनके भीतर निर्दयता का आखिर कितना बड़ा भंडार इकट्ठा है, जो आज के युग में भी महिलाओं, स्त्रियों, बच्चियों को चीज समझ रहे हैं? उन पर अत्याचार कर रहे हैं। उन्हें लूट रहे हैं!

आखिर क्यों? क्यों?...

और क्यों?

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## दूरदृष्टि • दोनों महाशक्तियों में वर्चस्व की जंग

# ट्रम्प और शी की मुलाकात में बहुत कुछ दांव पर लगा है

## भू-राजनीति




सैयद अता हसनैन

बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर


शी जिनपिंग की अमेरिका यात्रा दुनिया के कूटनीतिक रंगमंच की बड़ी घटना है। खुद ट्रम्प उन्हें निजी तौर पर रिसीव करने पहुंच सकते हैं, जो कि एक दुर्लभ बात होगी। लेकिन रेड कार्पेट, व्हाइट हाउस डिनर और सुनियोजित ढंग से हाथ मिलाने के दृश्यों के पीछे एक अजीब विरोधाभास भी छिपा है : दो महाशक्तियां- जो एक-दूसरे प्रतिद्वंद्विता में गहराई तक उलझी हुई हैं- घरेलू दबावों और बिखरती विश्व-व्यवस्था के बीच रास्ता तलाशते हुए स्थिरता का बाहरी आवरण पेश करने की कोशिश कर रही हैं। यह शिखर सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति के एक निर्णायक मोड़ पर हो रहा है और इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा है।

हकीकत यह है कि आज का वैश्विक परिदृश्य सहयोग नहीं, गुटों और समूहों में ध्रुवीकरण से तय हो रहा है। कुछ ही सप्ताह पहले हुई ब्रिक्स समिट और उससे पहले शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों में चीन ने सैन्य गठबंधनों के बिना आगे बढ़ने वाले दृष्टिकोण को सामने रखा था और अमेरिका पर परोक्ष हमले किए थे। लेकिन यह भी सच है कि बड़ी शक्तियों के बीच सहयोग के अभाव ने दुनिया भर में जारी संघर्षों को खतरनाक ढंग से अनियंत्रित छोड़ दिया है।

ट्रम्प प्रशासन ईरान में महंगी साबित हो रही लड़ाई और होर्मुज में लगातार जारी व्यवधानों में बुरी तरह उलझा हुआ है। यह ऐसा भू-राजनीतिक दलदल है, जिसने ट्रम्प की अप्रूवल-रेटिंग को निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। अमेरिका को लगता है कि चीन के पास तेहरान पर आर्थिक दबाव डालने की क्षमता है। लेकिन चीन ने अपने हितों की कीमत पर किसी की राह में रोड़ा बनने की बहुत कम इच्छा दिखाई है और प्रतिबंधों से बचने के उपायों के जरिए ईरान से अपने व्यापारिक संबंधों को भी लगातार मजबूत बनाए रखा है।

ट्रम्प-शी मुलाकात का बुनियादी प्रयोजन लेन-देन पर आधारित व्यापार है। 10 नवंबर की वह डेडलाइन निकट आती जा रही है, जब अमेरिका-चीन टैरिफ 'युद्धविराम' की अवधि समाप्त होनी है। दक्षिण कोरिया के बुसान में हुए समझौते के तहत इस युद्धविराम ने चीनी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ को 20 प्रतिशत पर सीमित रखने में सफलता हासिल की और उस आर्थिक तबाही को टाल दिया, जिसकी आशंका तब पैदा हो गई थी, जब जवाबी शुल्कों की होड़ के चलते टैरिफ के तीन अंकों तक पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था। समिट से पहले न्यूयॉर्क में इस बात की बुनियाद तैयार कर दी गई है कि कम टैरिफ के दायरे में लाए जा सकने वाले गैर-रणनीतिक उपभोक्ता सामानों की पहचान की जा सके। लेकिन इसके बदले में ट्रम्प चीन से अमेरिकी कृषि उत्पादों की बड़े पैमाने पर खरीद और 500 तक बोइंग विमानों की खरीद की मांग कर रहे हैं।

मुख्य टकराव के मुद्दे एआई और महत्वपूर्ण खनिज भी हैं। ट्रम्प ने साफ शब्दों में कहा है कि जो भी एआई की दौड़ जीतेगा, वही विजेता होगा। अमेरिका रेयर-अर्थ और महत्वपूर्ण खनिजों पर चीन के एकाधिकार को तोड़ने के लिए भी आक्रामक प्रयास कर रहा है।

एक अन्य आयाम दोनों नेताओं की शारीरिक क्षमताओं का भी है। 12 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स के एक प्रमुख रात्रिभोज में शी जिनपिंग के शामिल न होने के बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर अफवाहें चरम पर पहुंच गई थीं। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन अफवाहों को गलत करार दिया और बाद में सामने आए वीडियो में शी को बिना किसी की मदद के अपने विमान में सवार होते हुए देखा गया। 80 वर्षीय ट्रम्प की सेहत को लेकर भी चर्चाएं चलती रहती हैं। हाल के कई सर्वेक्षणों में अनेक मतदाताओं ने लम्बे समय तक काम कर पाने की ट्रम्प की क्षमता को लेकर सवाल उठाए हैं।

**वॉशिंगटन समिट की असली प्राथमिकता कोई बड़ा भू-राजनीतिक समझौता हासिल करना नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच बनी अनिश्चित स्थिति को मैनेज करना है। शी और ट्रम्प दोनों जानते हैं कि आपसी रिश्तों का पूरी तरह टूट जाना आर्थिक रूप से विनाशकारी होगा।**

वॉशिंगटन समिट की असली प्राथमिकता कोई बड़ा भू-राजनीतिक समझौता हासिल करना नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच बनी अनिश्चित स्थिति को मैनेज करना है। शी और ट्रम्प दोनों जानते हैं कि आपसी रिश्तों का पूरी तरह टूट जाना आर्थिक रूप से विनाशकारी होगा। आज की विभाजित विश्व-व्यवस्था में, अच्छी तरह से मैनेज किया गया वैसा कोई गतिरोध ही शायद इन दोनों महाशक्तियों के बीच शांति की सबसे करीबी स्थिति हो सकती हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## विश्लेषण • क्योंकि ये एक-दूसरे की पूरक होती हैं

# कोर्ट की निगरानी और सरकार की कार्रवाई साथ में ही असरदार

## ज्यूडिशियरी






अर्घ्य सेनगुप्ता
स्वप्निल त्रिपाठी
विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में पदाधिकारी


पिछले सप्ताह प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में सुधार की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक असामान्य टिप्पणी की। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि वह नई दिल्ली स्थित एनटीए के नए मुख्यालय का दौरा कर सकती है। मकसद यह देखना है कि एनटीए ने कर्मचारियों और बुनियादी ढांचे को लेकर कोर्ट के सामने जो दावे किए हैं, वे जमीन पर कितने सही हैं और क्या वह परीक्षाएं ठीक से कराने में सक्षम है।

आम तौर पर न्यायाधीश अदालत के भीतर उनके समक्ष पेश किए गए साक्ष्यों और दलीलों के आधार पर फैसला करते हैं। लेकिन स्थल निरीक्षण के भी इतिहास में कई उदाहरण मिलते हैं। 1978 में सुनील बत्रा ने तिहाड़ जेल में कैदियों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई कर रही तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एम.एच. बेग और जस्टिस कृष्ण अय्यर तथा कैलासम की पीठ स्वयं तिहाड़ पहुंची और वहां जेल तथा कैदियों की स्थिति देखी। उस समय कोर्ट के सामने एक अन्य कैदी चार्ल्स शोभराज भी था, जिसने लंबे समय तक बेड़ियों में रखे जाने के नियम को चुनौती दी थी। न्यायाधीशों ने निरीक्षण के दौरान जो देखा, उसे अदालती रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया। अंततः शोभराज की बेड़ियां हटाने और उसे विचाराधीन कैदियों को मिलने वाली अन्य स्वतंत्रताएं देने का आदेश दिया।

ऐसा ही एक मामला 2017 में गुजरात हाई कोर्ट के सामने आया। जस्टिस हर्षा देवानी और ए.एस. सुपेहिया 2002 के गुजरात दंगों के दौरान हुए नरोदा पाटिया नरसंहार में दोषसिद्धि के खिलाफ अपीलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों न्यायाधीश स्वयं नरोदा पाटिया गए, ताकि घटनास्थल और उसकी भौगोलिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकें। दोनों पक्षों के वकीलों ने उनसे ऐसा करने का अनुरोध किया था।

जमीनी हकीकत जानने के लिए इस तरह के निरीक्षण का इस्तेमाल विशेष रूप से जनहित याचिकाओं में होता रहा है। जनहित याचिका में कोई व्यक्ति दूसरों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का मामला भी कोर्ट के सामने उठा सकता है। कुछ दुर्लभ मामलों में न्यायाधीश स्वयं मौके पर गए हैं। लेकिन ज्यादातर मामलों में अदालतें अपनी ओर से कमिश्नर या न्यायमित्र नियुक्त करती रही हैं। इसका एक उदाहरण विधि विशेषज्ञ प्रो. उपेंद्र बक्षी द्वारा आगरा के सरकारी संरक्षण गृहों में रह रही महिलाओं की खराब स्थिति को लेकर दायर मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने वहां रहने वाली लड़कियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे और आगरा के जिला न्यायाधीश को संरक्षण गृह का निरीक्षण करने को कहा था।

यही सिद्धांत एनटीए से जुड़े मौजूदा मामले पर भी लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट इस पर विचार कर रहा है कि एनटीए के ढांचे में क्या बदलाव जरूरी हैं। क्या उसके पास पर्याप्त स्थायी कर्मचारी हैं? क्या अलग-अलग जिम्मेदारियों के लिए विशेष विभाग हैं? क्या उसके पास देशभर में इतनी बड़ी परीक्षाएं ठीक से कराने के लिए जरूरी सुविधाएं हैं? ऐसे में एनटीए मुख्यालय जाकर देखने से न्यायाधीश समझ सकते हैं कि एक सक्षम परीक्षा एजेंसी के लिए जरूरी बुनियादी व्यवस्थाएं केवल कागज पर हैं या वास्तव में भी हैं।

**अदालतें सरकार से सवाल पूछ सकती हैं, उसकी जवाबदेही तय कर सकती हैं और जरूरत पड़ने पर उसे कार्रवाई करने का निर्देश भी दे सकती हैं। लेकिन किसी जटिल प्रशासनिक व्यवस्था को तैयार करने और चलाने की जिम्मेदारी अंततः कार्यपालिका की ही है।**

लेकिन केवल एक अच्छा मुख्यालय किसी परीक्षा को पेपर लीक से सुरक्षित नहीं बना सकता। परीक्षा कराने की प्रक्रिया काफी लंबी है। प्रश्नपत्र तैयार करने और उसे सुरक्षित रखने से लेकर उसकी छपाई या डिजिटल माध्यम से भेजे जाने, परिवहन, सुरक्षित अभिरक्षा और अंत में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और बांटने तक कई चरण होते हैं। इनमें से किसी भी चरण में हुई एक चूक पूरी परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर सकती है। इसलिए सरकार को पूरी व्यवस्था को बार-बार परखना होगा।

लेकिन कोर्ट को भी ध्यान रखना होगा कि ऐसी व्यवस्था तैयार करना और चलाना कार्यपालिका की जिम्मेदारी है। ऐसे उदाहरण भी हैं, जब अच्छे उद्देश्य से शुरू हुआ अदालती हस्तक्षेप धीरे-धीरे प्रशासन के रोजमर्रा के फैसलों तक पहुंच गया था। 2000 के दशक की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली की बसों को सीएनजी में बदलने को लेकर दिखलाई सक्रियता इसी की मिसाल है।

(ये लेखकों के अपने विचार हैं)

## डिफ्रेंट एंगल • रोजर हों या सचिन, वास्तविक रोल मॉडल वे ही हैं, जो परिवार में भी मनुष्यता के नायक हों...

# चैम्पियन माइंडसेट क्या है? जीवन में जीतना, पर सही उसूलों के साथ

## फैमिली फर्स्ट




नन्दितेश निलय

वक्ता, एथिक्स प्रशिक्षक एवं लेखक

nanditeshnilay@gmail.com


किसी भी क्षेत्र में चैम्पियन तो बना जा सकता है, पर रोल मॉडल बने रहना तभी संभव है, जब समय आपका आकलन जीवन-मूल्यों से करे। क्या आप भी इस बात से राजी नहीं हैं कि एक रोल मॉडल बनने का अर्थ परिवार की ओर मुड़कर फिर से अपने जीवन-मूल्यों को याद करना और संभाले रहना होता है? इस बात को थोड़ा और समझने के लिए हमें मिरका फेडरर के उस भाषण से गुजरना होगा, जो उन्होंने 29 अगस्त 2026 को हॉल ऑफ फेम में आधिकारिक रूप से शामिल होने के लिए अपने पति, टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर का परिचय देने के लिए मंच संभालते हुए दिया था। मिरका ने कहा..., मेरा यकीन मानिए, मैंने उनकी मेहनत, उनकी घंटों की प्रैक्टिस, उनका अनुशासन और समर्पण देखा है। मैंने वह सब देखा है, जिससे यह सब इतना आसान लगता है। और उनके हजार से ज्यादा मैच देखने के बाद भी मैं हमेशा हैरान रह जाती थी। लेकिन इसके पीछे का इंसान और भी कमाल का है। ...उनके माता-पिता उन्हें एक प्यारे बेटे के तौर पर जानते हैं। उनकी बहन उन्हें एक बेहतरीन भाई मानती है। और उनके दोस्त उन्हें ऐसे इंसान के तौर पर जानते हैं, जिनके पास हमेशा उनके लिए समय होता है, चाहे उनकी जिंदगी कितनी भी व्यस्त क्यों न हो जाए। और ये खूबियां अचानक नहीं आईं। उन्होंने ये बातें अपने माता-पिता से सीखीं। उन्होंने उन्हें विनम्रता, आभार और दयालुता सिखाई। और उन्होंने उन्हें सिखाया कि सबके साथ एक जैसा सम्मानजनक व्यवहार करें।

आगे उन्होंने कहा, दुनिया रोजर फेडरर को जानती, उससे बहुत पहले ही, रॉबी और लिनेट (रोजर के पैरेंट्स) ने मुझे एक ऐसा इंसान दिया, जिसकी मैं और भी ज्यादा तारीफ करती हूं : मेरा साथी रोजर, दोस्त रोजर और आखिर में एक पति और पिता रोजर।

जिस दौर में सबकुछ टूट रहा हो, इंसानियत या इंसान बने रहने का भाव अनावश्यक और कुछ बोझिल-सा महसूस हो रहा हो, जहां परिवार में सभी के साथ रहना और माता-पिता को सुनना-समझना कठिन होता जा रहा हो, जहां दाम्पत्य जीवन और पैरेंटिंग के नित-नए सूत्र ढूंढे जा रहे हों, वहां स्विट्जरलैंड के हीरो रोजर फेडरर के परिवार की जड़ों को अटूट देखना बहुत सुखद लगता है और इससे यह विश्वास भी प्रबल होता है कि वास्तविक चैम्पियन सबसे पहले और आखिर तक एक बहुत अच्छा इंसान ही होता है।

वहीं, रोजर फेडरर भी मानते हैं कि अगर मिरका न होतीं तो वे इतने बेफिक्र होकर लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाते। रोजर से रोजर फेडरर बनने में भी उनके परिवार की ही सबसे बड़ी भूमिका रही। जब वे जूनियर खिलाड़ी के तौर पर गुस्सा करते थे या रैकेट फेंकते थे, तब भी उनके माता-पिता उन्हें शांत रहकर खेल का सम्मान करना सिखाते थे। उनके शब्दों में, आज मैं जो कुछ भी हूं, अपने माता-पिता के बिना शर्त प्यार और समर्थन की वजह से हूं।

टेनिस में रोजर फेडरर की ही तरह क्रिकेट की दुनिया की किंवदंती सचिन तेंदुलकर ने भी हाल ही में शिक्षक दिवस के अवसर अपने पिता को याद करते हुए एक फेलोशिप की घोषणा की और इस अवसर पर बहुत कुछ कह गए। उनके पिता उन्हें हमेशा याद दिलाते थे कि असफलता ठीक है, लेकिन शॉर्टकट ठीक नहीं। खेल में या कहीं भी धोखा देना ठीक नहीं है। लोग उनके शतकों को भूल जाएंगे, लेकिन वे कितने अच्छे इंसान रहे और समाज के लिए क्या किया, यह याद रखा जाएगा।

यानी रोजर हों या सचिन, चैम्पियंस तभी वास्तविक चैम्पियन और रोल मॉडल बनते हैं, जब वे अपने परिवार में भी इंसानियत के चैम्पियन हों। इसलिए जहां दुनिया उनको चैम्पियन और रोल मॉडल के रूप में याद करती है, वहीं वे परिवार द्वारा सिखाए जीवन-मूल्यों को नहीं भूलते। और यह न भूलिए कि सफलता और शोहरत जब सिर चढ़कर बोलती है तो कृतज्ञता, सादगी, विनम्रता और अच्छाइयों को अपने व्यवहार में संभाले रखना आसान नहीं होता। लगातार अच्छा इंसान बने रहना ही सही मायनों में चैम्पियन माइंडसेट होता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**हुरुन लिस्ट** • दस साल पहले 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा संपत्ति वालों की संख्या सिर्फ दो थी, अब 23 हुई, रिकॉर्ड 70% सेल्फ मेड, 5 साल पहले ऐसे 55% थे

# घरेलू सामान के कारोबारियों की दौलत घटी, डिफेंस में 69% बढ़ी; नए एआई अमीरों की औसत संपत्ति 5 गुना

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश में दौलत बनाने वाले कारोबार की तस्वीर बदल रही है। घरेलू खरीदारी से जुड़े कई सेक्टर के अमीरों की संपत्ति घटी है, जबकि डिफेंस, इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स और रिन्युएबल एनर्जी से जुड़े कारोबारियों की दौलत तेजी से बढ़ी है। एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2026 के मुताबिक, टिकाऊ उपभोक्ता सामान सेक्टर में संपत्ति 21% घटी। इसके उलट विमानन-अंतरिक्ष और डिफेंस सेक्टर में 69% बढ़ी। एआई जैसी नई तकनीक में भी संपत्ति बन रही है। पहली बार इस लिस्ट में जुड़े एआई सेक्टर में 19 लोग हैं, औसत संपत्ति 12,100 करोड़ है। यह इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स के नए एंट्रेंट की औसत संपत्ति से 5 गुना है।

### उद्योगों में निवेश से जुड़े सेक्टर पैसे बनाने में आगे

| सेक्टर | संपत्ति में बदलाव |
|---|---|
| विमानन-अंतरिक्ष व रक्षा | +69% |
| इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स | +31% |
| रिन्युएबल एनर्जी | +31% |
| धातु और खनन | +30% |
| फॉर्मा इंडस्ट्री | +25% |
| वित्तीय सेवाएं | +23% |
| खुदरा कारोबार | -5% |
| उपभोक्ता वस्तुएं | -8% |
| खाद्य और पेय | -9% |
| टिकाऊ उपभोक्ता सामान | -21% |

▪ हुरुन की रिपोर्ट के मुताबिक उपभोक्ता आधारित सेक्टरों में गिरावट की वजह घरेलू खर्च में सुस्ती और पहले से ऊंचे वैल्यूएशन हैं।

### एआई की बड़ी दौलत उसके बुनियादी ढांचे में; 4 के पास नए समूह की 77% संपत्ति

भारत में एआई की ग्रोथ स्टोरी उसके इस्तेमाल वाले एप्लीकेशन तक सीमित नहीं है। लिस्ट में डेटा सेंटर और चिप की टेक्नोलॉजी से जुड़े चार नए एंट्रेंट की संयुक्त संपत्ति अब 1.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। यह एआई से जुड़े सभी 15 नए नामों की संपत्ति का करीब 77 फीसदी है।

| नाम | कंपनी | संपत्ति |
|---|---|---|
| श्रीधर पिन्नापुरेड्डी | सीटीआरएलएस | 46,100 |
| दर्शन हीरानंदानी | योट्टा | 37,900 |
| जितेन्द्र मोहन | एस्टेरा लैब्स | 28,800 |
| संजय गजेंद्र | एस्टेरा लैब्स | 27,600 |
| कुल | (आंकड़े करोड़ रु. में) | 1,40,400 |



▪ 19 में से 13 एआई लिस्टर्स भारत के बाहर हैं। यह भारतीय मूल की टेक्नोलॉजी टैलेंट की वैश्विक पहुंच को दर्शाता है। मुंबई 93 डॉलर अरबपतियों का घर, कुल संपत्ति का एक तिहाई हिस्सा है।

### अदाणी की संपत्ति बढ़ी, अंबानी की घटी, पर मित्तल की दोगुना बढ़ी टॉप 10 में अदाणी-अंबानी की कुल संपत्ति 59% से 46% रह गई

| रैंक | फैमिली | संपत्ति | बदलाव |
|---|---|---|---|
| 1 (+1) | गौतम अदाणी | 9,22,800 | ▲ 13% |
| 2 (-1) | मुकेश अंबानी | 8,63,400 | ▼ 10% |
| 3 (नए) | एलएन मित्तल | 3,39,300 | ▲ 93% |
| 4 (–) | साइरस पूनावाला | 3,03,400 | ▲ 23% |
| 5 (-2) | रोशनी नाडार | 2,78,500 | ▼ 2% |
| 6 (-1) | के एम बिड़ला | 2,68,700 | ▲ 15% |
| 7 (–) | दिलीप संघवी | 2,64,600 | ▲ 15% |
| 8 (–) | अजीम प्रेमजी | 2,62,800 | ▲ 19% |
| 9 (नए) | अनिल अग्रवाल | 2,08,300 | ▲ 87% |
| 10 (नए) | समीर मेहता | 1,89,400 | ▲ 52% |

नोट: संपत्ति करोड़ रुपए में, (–) कोई बदलाव नहीं।

▪ इस साल भारत में 76 नए डॉलर अरबपति बने, जिनमें 51 भारत में रहते हैं। हैदराबाद के श्रीधर पिन्नापुरेड्डी एंड फैमिली (46,100 करोड़) भारत-निवासी नए अरबपतियों में टॉप पर रहे।

▪ 2022 में टॉप-10 की कुल संपत्ति में अदाणी-अंबानी की संयुक्त संपत्ति 18.89 लाख करोड़ थी और हिस्सेदारी 59% थी। टॉप-10 के बाकी 8 की संपत्ति 13 लाख करोड़ से ₹5.84 लाख करोड़ ज्यादा थी।
▪ 2026 में अदाणी-अंबानी की संपत्ति घटकर 17.86 लाख करोड़ रह गई, जबकि बाकी 8 की 21.15 लाख करोड़ हो गई। यह अदाणी-अंबानी की कुल संपत्ति से 3.3 लाख करोड़ ज्यादा हैं।
▪ टॉप-10 में दोनों की हिस्सेदारी घटकर 46% रह गई है।

### छोटे शहरों के उद्यमी दे रहे नई पहचान, तो 70% ने खुद बनाई संपत्ति, दो तिहाई नई पीढ़ी को देंगे कुर्सी

▪ एआई कैटेगरी के 68% नाम और शीर्ष 10 नए प्रवेशकों में से 8 अमीर विदेश में रहते हैं; अमेरिका और यूएई में इनकी संख्या बढ़ी है।
▪ एक लाख करोड़ से अधिक संपत्ति वाले 23 महाअमीरों के पास 54 लाख करोड़ है। इसके विपरीत, 1,000 से 5,000 करोड़ के दायरे वाले 1,157 नामों की संयुक्त संपत्ति 26.70 लाख करोड़ है। यानी संख्या के लिहाज से सूची के महज 1.3% नामों के पास ही कुल संपत्ति का 28.9% हिस्सा केंद्रित है।
▪ सूची में 9 नए कस्बे और शहर जुड़े हैं, जहां बागलकोट, सोलन, मंडी गोबिंदगढ़ और मिर्जापुर के उद्यमी जैव ऊर्जा, विशेष धातुओं और इंजीनियरिंग सेक्टर से उभरे हैं।
▪ देश में अपने दम पर संपत्ति बनाने वाले कारोबारियों की हिस्सेदारी पिछले पांच सालों में 55% से बढ़कर 70% हो गई है। सूची में ऐसे 1,266 नाम शामिल हैं जिन्होंने खुद अपनी दौलत खड़ी की है, जबकि विरासत में संपत्ति पाने वाले कुल 544 लोग हैं। इस अमीर सूची के लोगों की औसत उम्र 64 साल है।
▪ दो-तिहाई अब नई पीढ़ी को कुर्सी देने के करीब हैं, जिसके चलते आने वाले समय में उत्तराधिकार और पेशेवर प्रबंधन कारोबार की दिशा तय करने में अहम होंगे।

## बिजनेस ब्रीफ

### जोहो ने पेश किया एआई टूल जिया चैट, ये लागत घटाएगा

**चेन्नई** | घरेलू सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो ने बुधवार को कंपनियों के लिए एआई टूल जिया चैट पेश किया। इसके साथ ही जोहो ने रिटेल, ऑटोमोटिव और बैंकिंग समेत 7 अलग-अलग उद्योगों के लिए नए सॉफ्टवेयर भी उतारे हैं। सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने बताया कि जिया चैट काम की लागत घटाएगा। साल 2025 में जोहो का कारोबार 47% बढ़ा है। कंपनी के पास 19 हजार कर्मचारी हैं।

### यूएस बैंक जेपी मॉर्गन गिफ्ट सिटी बिजनेस दोगुना करेगा

**अहमदाबाद** | अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन गुजरात के गिफ्ट सिटी में बिजनेस दोगुना करने जा रहा है। अभी इस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र में बैंक का बिजनेस करीब ₹9,574 करोड़ का है। इसे अगले कुछ वर्षों में बढ़ाकर ₹19,148 करोड़ तक पहुंचाया जाएगा। मार्च 2026 तक यहां की बैंकिंग संपत्तियां ₹10.6 लाख करोड़ हो गई हैं। सीईओ जेमी डिमन के अनुसार 7.8% ग्रोथ के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

### मास्टरकार्ड ने पाइन लैब्स में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली** | ग्लोबल पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड ने बीएसई पर ब्लॉक डील के जरिए पाइन लैब्स में अपनी पूरी 4.31% हिस्सेदारी बेच दी। यह डील ₹933 करोड़ में 13 अलग चरणों में हुई। इसमें 4.97 करोड़ शेयर ₹187.75 के भाव पर बिके। ये हिस्सेदारी कोटक महिंद्रा, एडलवाइस, फ्रैंकलिन टेम्पलटन और कई विदेशी निवेशकों ने मिलकर खरीदी। बीएसई पर बुधवार को पाइन लैब्स के शेयर 4.6% गिरकर 188.40 पर बंद हुए।

### ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का नाम बदला

**मुंबई** | आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 22 सितंबर से अपना नाम बदलकर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड कर लिया है। इसके लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से मंजूरी और नया सर्टिफिकेट मिल गया है। शेयरधारकों से मंजूरी मिलने के बाद कंपनी के मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में भी संशोधन कर दिया गया है।

### भारत: 89 करोड़ योग्य लोगों में से सिर्फ 28% लोन ले रहे

**नई दिल्ली** | देश की कुल आबादी में लोन लेने योग्य 89 करोड़ लोगों में से सिर्फ 28% ही कर्ज ले रहे हैं। करीब 60 करोड़ लोगों के पास अपना कोई पुराना क्रेडिट रिकॉर्ड नहीं है। डेटा सूत्रम की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक देश में कर्ज लेने वालों का दायरा बहुत सीमित है। बैंकिंग व्यवस्था से दूर इन करोड़ों लोगों तक पहुंचना ही वित्तीय कंपनियों के लिए बड़ा मौका है।

**टाटा ग्रुप** • होल्डिंग कंपनी के बोर्ड में विवाद के बीच नए खुलासे से बढ़ा टकराव

# जिन वेणु के वोट से 'चंद्रा' को एक्सटेंशन, उन्हीं के ग्रुप से परिवार का बिजनेस लिंक

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

टाटा ग्रुप में मौजूदा खींचतान के बीच एक नया विवाद सामने आया है। होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन (चंद्रा) के परिवार का टीवीएस मोटर से कारोबारी रिश्ता सामने आया है। टीवीएस के चेयरमैन एमेरिटस वेणु श्रीनिवासन ने टाटा संस के बोर्ड में चंद्रशेखरन को तीसरा कार्यकाल देने के पक्ष में निर्णायक वोट डाला था।



एन. चंद्रशेखरन | वेणु श्रीनिवासन | नोएल टाटा

दूसरी तरफ कंपनी में करीब 66% हिस्सेदारी वाले टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा बोर्ड के इस फैसल के खिलाफ हैं। दस्तावेजों के मुताबिक, चंद्रशेखरन के बेटे प्रणव और पत्नी ललिता, हैन्रो वन वेयरहाउसिंग नाम की कंपनी में डायरेक्टर हैं। इसे टीवीएस मोटर ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में 17 एकड़ जमीन लीज पर दी हुई है। इसके दम पर एचडीएफसी बैंक से कंपनी को 60 करोड़ रुपए का लोन भी मिला। इसकी जानकारी कथित तौर पर बोर्ड को नहीं दी गई थी। यह खुलासा टाटा संस के बोर्ड में नोएल टाटा और चंद्रशेखरन गुट के बीच पहले से जारी खींचतान बढ़ा सकता है।

**मामला गंभीर क्यों...** हितों के टकराव का डिस्क्लोजर नहीं करने का आरोप, श्रीनिवासन उस कमेटी के सदस्य, जो चंद्रशेखरन के काम की समीक्षा करती है

टाटा संस की कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, 'कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' (हितों का टकराव) तब माना जाता है जब कोई अधिकारी किसी डील को प्रभावित करके खुद, परिवार या करीबी को फायदा पहुंचाए। नियम कहता है कि एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर को ऐसे संभावित टकराव की जानकारी बोर्ड को पहले से देनी होती है। यहां सबसे बड़ा पेंच ये है कि श्रीनिवासन नॉमिनेशन एंड रेम्युनरेशन कमेटी के सदस्य हैं, जो चंद्रशेखरन के परफॉर्मेंस की समीक्षा करती है। यही वजह है कि डिस्क्लोजर न होना गंभीर माना जा रहा है।

**टर्निंग पॉइंट: नोएल टाटा को मिल सकता है चंद्रशेखरन के खिलाफ मौका...** टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा पहले ही चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल और टाटा संस की लिस्टिंग का विरोध कर चुके हैं। श्रीनिवासन का वोट उनके खिलाफ गया था। अब पारिवारिक कारोबारी रिश्ते की बात सामने आने से नोएल टाटा गुट को यह तर्क देने का नया आधार मिल सकता है कि निर्णायक वोट निष्पक्ष नहीं था।

**असर: चंद्रशेखरन का एक्सटेंशन और लिस्टिंग, दोनों के प्रस्ताव अब कमजोर पड़ सकते हैं**
अगर बोर्ड या ट्रस्ट इसे गंभीर कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट मानते हैं, तो श्रीनिवासन के वोट की वैधता पर सवाल उठ सकते हैं, जिससे चंद्रशेखरन की नियुक्ति और लिस्टिंग प्रस्ताव, दोनों कमजोर पड़ सकते हैं। हालांकि अभी तक टाटा संस, टाटा ट्रस्ट्स, टीवीएस मोटर या एन चंद्रशेखरन में से किसी ने इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**बोर्ड पर जांच शुरू करने का दबाव बढ़ेगा**
▪ यह नया मामला सामने आने के बाद टाटा संस के बोर्ड पर जांच शुरू करने का दबाव बन सकता है, जैसा पिछले साल कंपनी सेक्रेटरी सुप्रकाश मुखोपाध्याय के मामले में हुआ था।
▪ रिपोर्ट आने के एक हफ्ते के भीतर जांच बिठाई गई थी। कॉर्पोरेट गवर्नेंस विशेषज्ञ श्रीनाथ श्रीधरन के मुताबिक, चूंकि श्रीनिवासन खुद नॉमिनेशन कमेटी में हैं, इसलिए पूरा खुलासा जरूरी था।

**भास्कर नॉलेज**

### कौन हैं वेणु श्रीनिवासन?

वेणु श्रीनिवासन टीवीएस ग्रुप के संस्थापक टीवी सुंदरम अयंगर के पोते हैं। उन्होंने 1980 के दशक में तत्कालीन सुंदरम-क्लेटन के दोपहिया कारोबार की कमान संभाली।
▪ टीवीएस मोटर को देश के प्रमुख दोपहिया-तिपहिया निर्माताओं में शामिल कराने का श्रेय उन्हें दिया जाता है।
▪ पिछले साल इन्होंने बेटे सुदर्शन वेणु को टीवीएस मोटर की कमान सौंपी थी। श्रीनिवासन टीवीएस मोटर के मानद चेयरमैन हैं।
▪ 2016 से टाटा संस के बोर्ड में हैं और सर रतन टाटा ट्रस्ट के वाइस-चेयरमैन हैं।
▪ 2020 में पद्म भूषण से सम्मानित श्रीनिवासन 2022 से रिजर्व बैंक के सेंट्रल बोर्ड में नॉन-ऑफिशियल डायरेक्टर भी हैं।
▪ ये हाल में सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के निर्देश को दरकिनार करके टाटा संस के आईपीओ के पक्ष में वोट देकर सुर्खियों में आए थे।

**इक्विटी मार्केट** • ज्यादा कमाई के लालच में छोटे-मझोले शेयरों पर दांव

# बाजार चढ़ा, पर संतुलन बिगड़ रहा... लार्जकैप के मुकाबले स्मॉलकैप शेयर दोगुना महंगे हुए

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में बुधवार को हल्की तेजी रही। सेंसेक्स 299 अंक चढ़कर 74,828 पर और निफ्टी 118 अंकों की तेजी के साथ 23,447 पर बंद हुआ। लेकिन बाजार संतुलित नहीं है। लार्जकैप के मुकाबले स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर काफी महंगे हो गए हैं। मसलन, बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 अभी 19.7 के पीई पर ट्रेड कर रहा है, जबकि निफ्टी 100 स्मॉलकैप इंडेक्स का पीई लगभग दोगुना 34.4 है। निफ्टी मिडकैप 100 का पीई भी करीब 30 है। पीई यानी प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो बताता है कि किसी कंपनी का शेयर उसकी प्रति शेयर कमाई (ईपीएस) के मुकाबले कितने गुना भाव पर ट्रेड कर रहा है।



### ग्रोथ शेयरों पर निवेशकों का फोकस, छोटी कंपनियों में मौके, एनएसई की तगड़ी लिस्टिंग की उम्मीद कम

**भास्कर एक्सपर्ट**



**वीके विजयकुमार,**
मुख्य निवेश रणनीतिकार, जियोजीत इंवेस्टमेंट्स

अभी निवेशकों का फोकस ग्रोथ शेयरों पर है, इसलिए डिजिटल और नई पीढ़ी की कंपनियों को ऊंचा वैल्युएशन मिल रहा है। विदेशी निवेशक जुलाई-अगस्त में खरीदार बने पर सितंबर में फिर बिकवाल हो गए। उनकी वापसी से यह अंतर कम हो सकता है।

**इस माह 69% आईपीओ से लिस्टिंग गेन** एस इक्विटी के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में लिस्ट 16 आईपीओ में से 11 (69%) ने लिस्टिंग गेन दिया। सिर्फ 5 इश्यू प्राइस से नीचे लिस्ट हुए। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर 74% प्रीमियम पर लिस्ट होकर अब इश्यू प्राइस से 297% ऊपर है। ग्लास वॉल सिस्टम्स (70%), करमतारा इंजीनियरिंग (44%) शुरुआती बढ़त बनाए रखने में कामयाब रहे।
▪ मास्टर कैपिटल के मुताबिक, ऊपरी प्राइस बैंड पर एनएसई का वैल्युएशन वित्त वर्ष 2025-26 में कमाई का 43 गुना है। इतने बड़े इश्यू में छोटे इश्यू की तर्ज पर तगड़ी लिस्टिंग की उम्मीद कम।

**19 फीट 8 इंच लंबी यह कार दो शेवरले इम्पाला के चेसिस जोड़कर बनाई गई थी**

## बैटमैन की 'बैटमोबाइल' नीलाम होगी; 67 करोड़ तक लग सकती है बोली, इस कीमत पर यह अब तक की सबसे महंगी 'मूवी कार'



**लॉस एंजेलिस** | टिम बर्टन की 1992 की फिल्म बैटमैन रिटर्न्स में माइकल कीटन जिस बैटमोबाइल में सवार होकर गॉथम सिटी की गलियों में दौड़े थे, वो अब बिक रही है। यह कार 23 नवंबर को जूलियन्स ऑक्शन में नीलाम होगी। अनुमानित कीमत 50-70 लाख डॉलर (₹67 करोड़ तक) आंकी जा रही है। इस कीमत पर यह अब तक की सबसे महंगी 'मूवी कार' बना सकती है। 19 फीट 8 इंच लंबी यह कार दो शेवरले इम्पाला के चेसिस जोड़कर बनाई गई थी। फाइबरग्लास बॉडी पर जेट-टर्बाइन डिजाइन और विशाल 'बैट-विंग्स' इसे खास बनाते हैं। इसमें दमदार शेवरले वी8 इंजन लगा है।

**भ्रामक दावों, प्रतिबंधित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर शिकंजा**

# अमेजन, स्विगी समेत 5 प्लेटफॉर्म के खिलाफ दंडात्मक प्रक्रिया शुरू

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

ऑनलाइन बिक रहे फूड प्रोडक्ट्स की सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर भारतीय खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने सख्ती बढ़ा दी है। प्राधिकरण ने नियमों का उल्लंघन और भ्रामक दावे करने पर देश के पांच बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू की है। इसकी जद में आने वाले प्लेटफॉर्म्स में अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्विगी इंस्टामार्ट, बिगबास्केट और जेप्टो हैं। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के नियमों के तहत की जा रही है। हालांकि, सामने आई शुरुआती जानकारी में किसी जुर्माने की राशि या अंतिम आदेश का आधिकारिक ब्योरा अभी साझा नहीं किया गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ऑनलाइन बाजार और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर बिकने वाले फूड प्रोडक्ट्स की नियामकीय निगरानी तेज की जा रही है।

### हैपिलो के दावे, मिल्की मिस्ट की जानकारी, धतूरा बेचने पर सवाल

**भ्रामक दावे:** एफएसएसएआई ने 'हैपिलो प्रीमियम डेट बाइट्स-जेस्टी ऑरेंज' को लेकर किए गए दावों पर तीखी आपत्ति जताई है। नियामक के मुताबिक, ये नियमों के अनुरूप नहीं हैं। यह प्रोडक्ट पांचों प्लेटफॉर्म्स पर चल रही इस कार्रवाई का हिस्सा है।
**डेयरी उत्पाद:** प्राधिकरण ने स्विगी इंस्टामार्ट और बिगबास्केट पर 'मिल्की मिस्ट' के तीन प्रोडक्ट्स की जानकारी और दावों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। इनमें फ्रेश लो फैट क्रीम, फार्म फ्रेश कर्ड और ग्रीक योगर्ट शामिल हैं।
**प्रतिबंधित और जहरीली वस्तुएं:** बिगबास्केट, अमेजन और स्विगी इंस्टामार्ट पर धतूरे के फल और बीज बेचे जाने का गंभीर मामला भी सामने आया है। इन्हें प्रतिबंधित व जहरीली खाद्य वस्तुओं की कैटेगरी में रखा गया है।

**हाईकोर्ट से करण जौहर को राहत**

### डिलीवरी के तरीके से टैक्स तय नहीं होता, डिमांड खारिज

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने करण जौहर की दो कंपनियों धर्मा प्रोडक्शंस और धर्माटिक एंटरटेनमेंट को बड़ी राहत दी है। अदालत ने वित्त वर्ष 2017-18 से 2020-21 के बीच की 79.7 करोड़ रुपए की टैक्स मांग खारिज कर दी है।



कोर्ट ने साफ किया कि सिनेमैटोग्राफिक फिल्म आईटी सॉफ्टवेयर नहीं है। डिजिटल लिंक या हार्ड डिस्क से भेजने पर भी यह आईटी सॉफ्टवेयर नहीं बनती। सेल्स टैक्स विभाग का तर्क था कि हार्ड डिस्क या डिजिटल लिंक से भेजी जाने वाली फिल्में सॉफ्टवेयर सर्विसेज की श्रेणी में आती हैं, इसलिए इन पर 18% जीएसटी लागू होना चाहिए। जबकि कंपनियां इसे बौद्धिक संपदा अधिकार मानकर 12% टैक्स चुका रही थीं। अदालत ने स्पष्ट किया कि डिलीवरी के तरीके से टैक्स तय नहीं होता।

**सुधार** • नियामक इरडा ने जारी किया कंसल्टेशन पेपर

## इंश्योरेंस प्रीमियम 28%, पर कमीशन 125% बढ़ा, अब खर्च की सीमा तय होगी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

बीमा कंपनियां जितना प्रीमियम कमा रहीं, उससे ज्यादा तेजी से एजेंटों और डिस्ट्रीब्यूटर्स को कमीशन दे रही हैं। इसका बोझ पॉलिसीधारकों पर पड़ रहा है। इसे रोकने के लिए बीमा नियामक इरडा ने बुधवार को एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया। इसके मुताबिक, 5 साल में कंपनियों के कुल खर्च की सीमा तय की जाएगी। लाइफ इंश्योरेंस में यह 12.5% और जनरल इंश्योरेंस में 20% होगी। दरअसल 2023 से 2025 के बीच नया प्रीमियम सिर्फ 28% बढ़ा, जबकि डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन 125% उछाल के साथ ₹9,580 करोड़ से बढ़कर ₹21,600 करोड़ हो गया। जनरल इंश्योरेंस में तो ब्रोकर कमीशन 173% तक बढ़ गया। बैंकों के जरिए बिकने वाली पॉलिसियों में कमीशन 72% तक पहुंच जाता है, जबकि लोन के साथ बिकने वाले ग्रुप क्रेडिट लाइफ प्रोडक्ट में यह सिर्फ दो साल में 5% से बढ़कर 45% हो गया।

**मुंबई एयरपोर्ट: कोर्ट की सख्ती**

### ड्यूटी-फ्री दुकानें देश के कानून से बाहर नहीं

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट की ड्यूटी-फ्री दुकानों पर देश के कानून लागू होंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इन दुकानों को कानूनों से बाहर बताने वाली अदाणी समूह की दलील मंगलवार को खारिज कर दी। इस फैसले से स्पष्ट है कि यहां बिकने वाले निकोटीन पाउच पर घरेलू नियम पूरी तरह प्रभावी रहेंगे।



सरकार इन पाउच को अवैध दवा मानती है और इसे जन स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बताती है। अदाणी समूह ने अप्रैल में इनकी बिक्री पर रोक को चुनौती दी थी। समूह का तर्क था कि अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र देश के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र से परे होते हैं। कोर्ट ने इस दलील को नकारते हुए स्पष्ट किया कि सीमा शुल्क बाधा के पार होने वाले हर लेनदेन पर देश का कानून लागू रहता है।

अदाणी का यह भी कहना था कि निकोटीन पाउच नया प्रोडक्ट है और यह दवा की श्रेणी में नहीं आता है। अदालत ने इस पर स्पष्ट किया कि वह अभी इस सवाल का फैसला नहीं करेगी। इसके साथ ही कोर्ट ने समूह को अपने दस्तावेजों के साथ ड्रग नियामकों के सामने पक्ष रखने की पूरी छूट दी है।

**चिंता भी** • कमजोर मानसून से महंगाई बढ़ सकती है

# वैश्विक एजेंसियों ने भारत की ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर अब 7% किया

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर (ग्रोथ) का अनुमान बढ़ाकर 7% कर दिया है। पहले इनका अनुमान 6-6.6% था। एसएंडपी, मूडीज और फिच ने भी अपने-अपने अनुमान बढ़ाए हैं। लेकिन कमजोर मानसून और कच्चे तेल की ऊंची कीमतें महंगाई का नया खतरा बनकर उभर रही हैं। इससे रिजर्व बैंक को नीतिगत दरें बढ़ाने की जरूरत पड़ सकती हैं। एडीबी के मुताबिक, मानसूनी बारिश लंबे समय के औसत से 15% कम रही है। इससे अगस्त में रिटेल महंगाई 4.8% हो गई। एडीबी ने इस साल औसत महंगाई दर 5.2% रहने का अनुमान लगाया है।

### 2026 में भारत के लिए पांच ग्लोबल संस्थाओं का अनुमान

| संस्था | अब | पहले |
|---|---|---|
| एडीबी | 7.0% | 6.6% |
| एसएंडपी ग्लोबल | 7.0% | 6.6% |
| मूडीज रेटिंग्स | 7.0% | 6.0% |
| फिच रेटिंग्स | 6.9% | 6.4% |
| ओईसीडी | 7.1% | 6.3% |

**बिजनेस एंकर** स्नैक्स मार्केट बदल रहा, अब ब्रांड के बजाय अपनी जरूरत बताकर विकल्प खोज रहे ग्राहक

# एआई से पूछ रहे अमेरिकी- क्या खाएं; चटपटे स्नैक्स की मांग बढ़ी

भास्कर न्यूज | मुंबई

अमेरिका में हल्की भूख लगने पर क्या खाएं, इसका जवाब अब लोग एआई से भी मांग रहे हैं। ग्राहक किसी खास उत्पाद को खोजने के बजाय ज्यादा प्रोटीन या फाइबर वाले स्नैक्स के विकल्प पूछ रहे हैं। खाद्य कंपनी कोनाग्रा ब्रांड्स के मुताबिक, यह बदलाव ज्यादा प्रोटीन, चटपटे स्वाद और खास स्वास्थ्य जरूरतों के हिसाब से बने उत्पादों की मांग बढ़ाने में मदद कर रहा है।

स्लिम जिम मीट स्टिक और हंट्स केचप बनाने वाली कोनाग्रा ने शोध कंपनी सर्काना के साथ अमेरिकी स्नैक्स बाजार के 17,000 प्रोडक्ट्स से जुड़े 5.3 करोड़ से अधिक खरीदारी लेनदेन का विश्लेषण किया। इस बाजार की सालाना खुदरा बिक्री 198.2 अरब डॉलर (करीब 19 लाख करोड़ रुपए) है। इसकी बढ़ने की रफ्तार व्यापक खाद्य बाजार से करीब 1.4 गुना है। कोनाग्रा के मुताबिक, वजन घटाने वाली दवाओं के बढ़ते इस्तेमाल और व्हाइट हाउस के 'मेक अमेरिका हेल्दी अगेन' अभियान से भी स्वास्थ्य के अनुकूल भोजन में दिलचस्पी बढ़ रही है। ग्राहक सामग्री को ज्यादा ध्यान से देख रहे हैं और खरीदारी का फैसला करने में एआई की मदद ले रहे हैं। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट बॉब नोलन ने कहा, 'स्नैक्स उपभोक्ताओं की जिंदगी में बड़ी और अधिक व्यक्तिगत भूमिका निभा रहे हैं। कोई प्रोटीन चाहता है, कोई लंबे समय तक ऊर्जा और कोई पसंदीदा स्वाद से सुकून।' सेहत की चाह इस बदलाव का सिर्फ एक हिस्सा है। इस रिसर्च के मुताबिक, युवा ग्राहक, खासकर जेनरेशन जेड, ज्यादा चटपटे स्वाद की मांग बढ़ा रहे हैं। मीठे और तीखे स्वाद के मेल के साथ खट्टे व नमकीन स्वाद वाले स्नैक्स भी उनकी पसंद में हैं। नोलन के मुताबिक, पोषक तत्वों से भरपूर और खास जरूरत के लिए खाए जाने वाले स्नैक्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। वहीं, कुकीज और नमकीन स्नैक्स जैसी कुछ पारंपरिक श्रेणियां दबाव में हैं। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि कितने ग्राहक एआई से सलाह ले रहे हैं या उसकी सलाह से बिक्री कितनी बढ़ी।

**एआई ने स्नैक्स चुनने का पैमाना ही बदल दिया; प्रोटीन, एनर्जी पर फोकस बढ़ा**



अमेरिका के साथ ही दुनियाभर में खरीदारी का आधार बदल रहा है। ग्राहक अब पसंदीदा ब्रांड के साथ यह भी देख रहे हैं कि कौन-सा उत्पाद उनकी जरूरत पूरी करेगा। स्वाद के साथ पोषण और पैकेट पर किए गए दावों के साथ उसमें इस्तेमाल सामग्री पर ध्यान बढ़ रहा है। स्नैक्स चुनते समय सिर्फ कुछ खाने की इच्छा नहीं, बल्कि प्रोटीन, ऊर्जा और स्वास्थ्य की खास जरूरतें भी मायने रखने लगी हैं।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# नए सहयोग का समय

यह सुखद और स्वागतयोग्य है कि भारत दुनिया की महाशक्तियों से परे एक अलग मजबूत बहुदेशीय आवाज बनाने की कोशिश करता दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र के दौरान ही भारत, लैटिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देशों के समूह (सीईएलएसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई है। इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोटूक कहा है कि ग्लोबल साउथ को वैश्विक व्यवस्था का भविष्य तय करने में मजबूत आवाज हासिल होनी चाहिए। यह कहने में हर्ज नहीं कि ग्लोबल साउथ अर्थात दुनिया के गरीब व विकासशील देशों को परस्पर तालमेल रखते हुए साझा हित देखना ही चाहिए। आज बड़ी शक्तियां किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं। खासकर अमेरिका जिस ढंग से दुनिया के हालात बदलने की कोशिश कर रहा है, उसमें गरीब और विकासशील देशों पर सर्वाधिक मार पड़ रही है। यह मार दोहरी है। अव्वल तो आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है, विकास के लिए मिलने वाले धन में कमी आई है, तो दूसरी ओर, इन देशों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अमेरिका टैरिफ की एक ही तलवार हर तरफ भांज रहा है। साथ ही, ज्यादातर देशों में ऊर्जा संकट और महंगाई बढ़ाने में लगा है।

ऐसे में, जरूरी है कि उपेक्षित हो रहे देशों की एक संगठित आवाज बने। भारत स्वाभाविक ही सीईएलएसी को समावेशी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में एक अहम भागीदार के रूप में देख रहा है। लैटिन अमेरिकी देश हों या कैरेबियाई देश, इन सभी की पीड़ा कमोबेश भारत के समान है। ये देश एक-दूसरे से सीख सकते हैं, एक-दूसरे के सहयोगी बन सकते हैं और अगर ये मिल जाएं, तो इनकी सुनवाई के रास्ते खुलना तय है। लैटिन और कैरेबियाई देशों के इस समूह की बैठक न्यूयॉर्क में हुई है, जहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के लिए तमाम देशों के प्रतिनिधि जुटे हैं। इस समूह में 30 देश शामिल हैं और इनकी अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर और उरुग्वे के विदेश मंत्री मारियो लुबेटकिन ने की है। इस समूह में बेचैनी है, तभी इसकी बैठक में इतने देश शामिल हुए हैं। न्यूयॉर्क में जो गंभीरता दिखी है, उससे उम्मीदें बहुत बढ़ गई हैं। इन देशों को मिलकर एक ठोस रोडमैप तैयार करना चाहिए। भारत को इस दिशा में ज्यादा प्रयास करने की जरूरत है। 1950 के दशक में जब गुटनिरपेक्ष आंदोलन जोर-शोर से शुरू हुआ था, तब उसमें भारत की बड़ी भूमिका थी। बाद में गुटनिरपेक्षता में दरार पड़ी और सब देश अपनी-अपनी राह चल पड़े। बीच में एक ऐसा समय आया, जब बड़े युद्ध की कोई आशंका नहीं थी और महाशक्तियां स्वयं आगे बढ़कर गरीब व विकासशील देशों की मदद करती थीं। बीते दशक में कुछ आला वैश्विक नेताओं की वजह से मदद की वह जरूरी कड़ी टूट गई है और अब जरूरतमंद देशों को नई मजबूत कड़ी का इंतजार है।

**लैटिन अमेरिकी देश हों या कैरेबियाई देश, इन सभी की पीड़ा कमोबेश भारत के समान है। अपने साझा हित के लिए इन देशों को एक मंच पर आना ही चाहिए।**

यह इन देशों के बीच व्यापार व विकास सहयोग बढ़ाने का सही वक्त है। इस दिशा में भारत सरकार को मुस्तैदी से काम करना चाहिए। आए दिन अपना रुख बदल रही महाशक्तियों से परे भारत को अपना नया बाजार और संसार चाहिए। अब तक भारत-सीईएलएसी व्यापार प्रतिवर्ष 50 अरब डॉलर से अधिक का हो चुका है और इसके बढ़ने की पूरी संभावना है, जिसे हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। कोरोना हो या कोई अन्य आपदा, अनेक मौके आए हैं, जब भारत इन देशों की निःस्वार्थ मदद करता रहा है। उम्मीद कीजिए, नए वर्ष में ग्लोबल साउथ के देशों के बीच समानता का सशक्त स्वाभाविक संगठन बनेगा और ये देश कंधे से कंधा मिलाकर अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ेंगे।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 24 सितंबर, 1951

### हिन्दू कोड विधेयक

भारतीय संसद ने आखिर हिन्दू कोड विधेयक की धाराओं पर विचार प्रारंभ कर दिया है। इस विधेयक ने देश में जितना उग्र विवाद उत्पन किया है, उतना शायद ही और किसी विधेयक ने किया होगा। यह विधेयक काफी समय से संसद के सामने है। उस पर जनमत जान लिया गया है। हिन्दू समाज के विद्वानों और विशिष्ट व्यक्तियों से परामर्श भी किया जा चुका है। सरकार ने इस बारे में काफी समझौते की भावना का परिचय दिया है। इस विधेयक को जल्दी से जल्दी स्वीकार करवाने की उसकी इच्छा के बावजूद वह एक अथवा दूसरे कारण से टलता गया है। इसमें कोई शक नहीं कि यह विधेयक हिन्दू समाज की पुरानी मान्यताओं को चुनौती देता है और इसीलिए उसका इतना विरोध हो रहा है। आम चुनाव सिर पर है और अधिकारारूढ़ दल को इस विधेयक के कारण चुनावों में कुछ घाटा भी उठाना पड़ेगा। इसके बावजूद सरकार ने इस विधेयक को संसद के सामने विचारार्थ प्रस्तुत किया, यह उनकी दृढ़ता और साहस का ही द्योतक हो सकता है।

मौजूदा संसद का यह आखिरी अधिवेशन है और सरकार आम चुनावों की निकटता को ध्यान में रखते हुए उसे अधिक लम्बे समय तक जारी नहीं रख सकती। उसके लिए उपलब्ध समय के भीतर पूरे विधेयक को इसी अधिवेशन में स्वीकृत करवा लेना असंभव था, अतः भारत सरकार के विधि मंत्री डा. अम्बेडकर ने इस आशय की घोषणा कर दी है कि हिन्दू कोड विधेयक का विवाह और तलाक से संबंध रखने वाला भाग ही एक अलग विधेयक के रूप में संसद के इस अधिवेशन में स्वीकृत करवाया जायेगा और उत्तराधिकार और साम्पत्तिक अधिकार संबंधी धारायें आगे के लिए रखी जायेंगी। मौजूदा परिस्थितियों में यही व्यावहारिक भी था। हिन्दू समाज रूढ़परस्त रहा है। वह पुरानी व्यवस्था में कोई भी हेर-फेर करने के लिए सहज ही प्रस्तुत नहीं होता। उसने प्रत्येक वस्तु को धार्मिक रूप देने की कोशिश की है। हिन्दू समाज शास्त्रकारों के वचनों को प्रमाण मानता है। समाज को अगर प्रगति करनी है, तो उसे गतिशील बनना चाहिए। उसे बदलते हुए जमाने के अनुकूल पुरानी रीति-नीति में परिवर्तन करना चाहिए। स्थिरता जड़ता की निशानी है और कोई भी समाज जो स्थिर होगा, वह जड़ता को प्राप्त हो जायेगा।

# चुनाव आयोग की साख बचाई जाए



यहां स्कैन करें

ओपी रावत | पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

**चुनाव आयुक्तों के सच और झूठ का फैसला तो सांविधानिक प्रक्रिया के तहत होगा, लेकिन कुछ सवाल जरूर उठ रहे हैं, जिन पर ईमानदारी से चिंतन आवश्यक है।**

चुनाव आयोग के अंदर से जो खबर निकलकर सामने आई है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को लेकर दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों के बावजूद चुनाव आयोग ने इसे जारी रखा, जिसके कारण देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली पर उंगली उठने लगी है।

चुनाव आयोग के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। कानून कहता है कि इस सांविधानिक संस्था में फैसले सर्वसम्मति से होंगे या फिर बहुमत के आधार पर। खबरों की मानें, तो चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने गुजरे 10 महीनों में कम से कम 14 बार (एक दिन तो चार बार) उन फैसलों व संदेशों पर आपत्ति जताई, जो उनकी जानकारी के बिना लिए गए अथवा जारी किए गए थे। इसका सीधा अर्थ है कि एसआईआर से संबंधित प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन हुआ, क्योंकि इसे पूरे देश में कराने की जिम्मेदारी इन्हीं तीनों निर्वाचन आयुक्तों (मुख्य चुनाव आयुक्त सहित) के कंधों पर है।

इस प्रकरण के सार्वजनिक होने के बाद चुनाव आयोग ने बुधवार को मीडिया में एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग राय सामने आना सामान्य बात है। यह फैसला लेने से पहले की प्रक्रिया है और आयोग ने अपने तमाम फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से ही लिए हैं। मीडिया में खास तरह के नोट्स ही दिखाए जा रहे। चूंकि, यह बयान आयोग ने जारी किया है, इसलिए माना जाना चाहिए कि इसे तीनों चुनाव आयुक्तों की मंजूरी होगी, जिसका अर्थ है कि उनमें अब एकराय है।

इन सबको देखते हुए दो तरह की संभावनाएं प्रतीत हो रही हैं। एक, दोनों चुनाव आयुक्त सच बोल रहे होंगे, और दूसरी, मुख्य चुनाव आयुक्त की बातों में सच्चाई होगी। सच और झूठ का फैसला तो सांविधानिक प्रक्रिया के तहत होगा, लेकिन कुछ सवाल जरूर उठ रहे हैं,




जिन पर ईमानदारी से चिंतन आवश्यक है।

पहला, अगर दोनों चुनाव आयुक्त एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर संतुष्ट नहीं थे, तो क्या उन्होंने अपनी लिखित आपत्ति दर्ज की? अगर उन्होंने की, तो क्या फैसला उनकी राय के खिलाफ हुआ? यह स्पष्ट है कि अगर दोनों चुनाव आयुक्त लिखित रूप से आपत्ति जताते या अपने रुख पर अड़े रहते, तो फैसला उनके हिसाब से ही होता, क्योंकि बहुमत उनके पास था। मगर मुख्य चुनाव आयुक्त के रुख से लग रहा है कि चुनाव आयुक्तों को आपत्ति जरूर रही होगी, लेकिन उन्होंने यह काम मौखिक रूप में किया, जिनका निपटारा समय पर कर दिया गया था।

गौरतलब है, चुनाव आयोग के कामकाज में आपत्तियां मौखिक भी रहती हैं। मेरे खुद के कार्यकाल में ऐसे मौके आए, जब शेष दोनों चुनाव आयुक्त किसी सवाल पर अपनी राय देने में वक्त लगाया करते। एक बार तो सांविधानिक संकट पैदा होने की नौबत आ गई, तब मैंने उन्हें यह 'धमकी' दी कि अब भी उन्होंने अगर तत्परता नहीं दिखाई, तो मैं यह बात 'सार्वजनिक' कर दूंगा। यह सुनकर उन्होंने तुरंत अपनी राय बताई। इस तरह, हम बहुमत अथवा सर्वसम्मति से फैसले लिया करते थे। ऐसा आज भी होता होगा या किया जा सकता है। वैसे, इस सवाल को दरकिनार नहीं कर सकते कि अगर दोनों चुनाव आयुक्तों ने अपनी आपत्तियां लिखित में दर्ज कीं, तो फिर उन पर क्या कार्रवाइयां हुईं?

अगर मुख्य चुनाव आयुक्त ने वाकई अपने तईं फैसले लिए, तब उनके खिलाफ सांविधानिक कदम उठाए जा सकते हैं। कानून यही कहता है कि किसी भी चुनाव आयुक्त, यहां तक कि मुख्य चुनाव आयुक्त के पास भी व्यक्तिगत तौर पर यह अधिकार नहीं है कि वह निजी फैसला लें। इनको अधिकार आयोग के रूप में मिलता है, अधिकारी के रूप में नहीं। इसलिए अगर दोनों चुनाव आयुक्त की बातों में सच्चाई है, तो उनको राष्ट्रपति के पास इसकी शिकायत करनी चाहिए। अगर उनकी शिकायत सही पाई जाती है, तो सांविधानिक प्रक्रिया अपनाकर मुख्य चुनाव आयुक्त को दंडित किया जाना चाहिए। इसके लिए, संसद में उनके खिलाफ महाभियोग लाया जा सकता है या अदालत में उनके कामकाज को चुनौती दी जा सकती है। चुनाव आयोग की छवि से खेलने का हक किसी को नहीं है।

जाहिर है, इस पूरे मामले का पटाक्षेप आवश्यक है और जो भी दोषी साबित हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यह सीधे-सीधे सांविधानिक अधिकारों का हनन है। और तो और, इससे चुनाव आयोग की साख का धक्का लगा है, जबकि इस संस्था की निष्पक्षता की दुहाई पूरी दुनिया देती रही है। रही बात एसआईआर की, तो इसमें गड़बड़ियां हैं, जिनको दुरुस्त करने की मांग बार-बार की जाती है। यह पहला मौका है, जब चुनाव आयोग ने नागरिकता साबित करने की जवाबदेही खुद मतदाताओं के सिर पर डाल दी है। इससे हो रही परेशानी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नामचीन हस्तियों को भी चुनाव आयोग की नोटिस जा रही है, क्योंकि उनके नए व पुराने डाटा में मिलान नहीं हो पा रहे।

यहां पश्चिम बंगाल का जिक्र लाजिमी है। वहां करीब 37 लाख मतदाताओं की अपील ट्रिब्यूनल के पास है, जिनमें से करीब एक लाख मामले अब तक निपटाए गए हैं। इनमें से लगभग 93,000 मतदाताओं को उसने वैध माना है, जिसका अर्थ है कि महज सात फीसदी वोटर ही 'फर्जी' हैं। जाहिर है, वैध होने के बावजूद हजारों मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया द्वारा वोट देने के सांविधानिक अधिकार से वंचित किया गया, जो एक बड़ा अपराध है। अगर एक लाख मतदाताओं में 93 हजार वैध हैं, तो 37 लाख अपील में यह आंकड़ा 34 लाख तक हो सकता है। कल्पना कीजिए, इससे हमारी चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता कितनी संदिग्ध हो जाती है! एसआईआर में प्रक्रियागत चूक हो रही है, जिसको ठीक किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए नेकनीयत होना आवश्यक है।

लोकतंत्र और लोकतांत्रिक अधिकारों को मजाक समझने की इस मानसिकता को खत्म करना जरूरी है। सरकार को इस बाबत जरूरी कदम उठाने चाहिए। विपक्षी दलों की तरफ से राजनीतिक बयानबाजी होती रहेगी, लेकिन यह समय राजनीति करने से कहीं अधिक शुचिता बनाने का है। लोकतांत्रिक और सांविधानिक संस्थाओं में पारदर्शिता लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त है और भारत इस शर्त को हमेशा पूरी करता रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# दवाओं के बेहिसाब दाम पर लगाम लगाना जरूरी



यहां स्कैन करें

राजीव दासगुप्ता | प्रोफेसर (कम्यूनिटी हेल्थ), जेएनयू

दवाओं और मेडिकल उपकरणों की लागत और कीमत में भारी अंतर से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है, उसके गहरे निहितार्थ हैं। कोर्ट ने कहा है कि 2,700 रुपये में खरीदी गई दवा को 27,000 रुपये में बेचने की इजाजत देना 'जबरिया वसूली' या 'दिन-दहाड़े डकैती' के बराबर है।

पाठकों की आसानी के लिए बता दूं कि किसी भी वस्तु की कीमत के दो पहलू होते हैं- 'पीटीआर' और 'एमआरपी'। पीटीआर वह कीमत है, जिस पर निर्माता कंपनी रिटेलर को कोई वस्तु या दवा उपलब्ध कराती है और ग्राहकों से जो अधिकतम कीमत रिटेलर वसूलता है, वह एमआरपी कहलाती है। हमारे यहां सन् 1997 में गठित 'नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी' (एनपीपीए) दवाओं की कीमत नियंत्रित करने वाली केंद्रीय नियामक संस्था है। 'ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर' (डीपीसीओ) के जरिये वह नियमित रूप से दवाओं और उनके अधिकतम खुदरा मूल्य की सूची जारी करती है। यह सुनिश्चित करना उसकी ही जिम्मेदारी है कि दवाएं लोगों को किफायती कीमत पर मिलें। पूर्व में एनपीपीए के पास दर्ज कराई गई कुछ शिकायतों की जांच से यह पता चला कि संबंधित कॉरपोरेट अस्पतालों ने एक खास उपकरण पर 1,737 प्रतिशत का मुनाफा कमाया था! 'नेशनल एसेंशियल लिस्ट ऑफ मेडिसिन्स' (एनईएलएम) में शामिल 800 दवाओं के एक विश्लेषण में यह पाया गया था कि अस्पताल और डॉक्टर अक्सर ऐसी दवाओं के 'कॉम्बिनेशन' लिखते थे, जो कीमत-नियंत्रण के दायरे से बाहर होती हैं। अध्ययन में देखा गया कि नई दवाओं और 'फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन' की वजह से दवा निर्माता कीमत-नियंत्रण के नियमों से बाहर रह जाते थे।

**800 दवाओं के एक विश्लेषण में पाया गया था कि अस्पताल और डॉक्टर अक्सर ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो कीमत-नियंत्रण के दायरे से बाहर होती हैं।**

डीपीसीओ 2013 के तहत गैर-सूचीबद्ध दवाओं की शुरुआती कीमत तय करने के बारे में कोई नियम नहीं है। डीपीसीओ सूची में शामिल लगभग 1,000 दवाओं के लिए अधिकतम कीमत तय करता है। गैर-सूचीबद्ध दवाएं सरकार की जरूरी दवाओं की सूची या सख्त कीमत-नियंत्रण वाली सूची में शामिल नहीं होती हैं। अलबत्ता, इनमें यह शर्त अवश्य होती है कि निर्माता बाद में उस कीमत को 10 प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ा सकते। सुप्रीम कोर्ट को दी गई जानकारी के अनुसार, लगभग 82 फीसदी दवाएं गैर-सूचीबद्ध श्रेणी में आती हैं और बाजार में इनके लगभग 60,000 ब्रांड मौजूद हैं; कीमत तय करने का नियम लगभग 5,000 ब्रांड पर लागू होता है। हालांकि, आपातस्थिति में सरकार अपेक्षित अवधि तक किसी दवा का अधिकतम मूल्य तय कर सकती है।

बहरहाल, सवाल यह है कि खरीदारों और विक्रेताओं, दोनों के लिए 'सही कीमत' क्या है? 78 देशों के 1,500 मरीज समूहों के एक ग्लोबल सर्वे में सिर्फ नौ फीसदी लोगों ने माना था कि दवा कंपनियां 'सही कीमत वाली नीतियां' अपनाने में ईमानदार हैं। साल 2011 से आज तक यह धारणा 11 से 15 फीसदी के बीच ही रही है। निस्संदेह, दवाएं रोजमर्रा के सामान जैसी नहीं होतीं और इनकी कीमतें समाज की जरूरतों के हिसाब से होनी चाहिए। कीमत से जुड़े मुद्दे विक्रेताओं और खरीदारों, दोनों पर लागू होते हैं और निष्पक्षता का सिद्धांत भी दोनों पर लागू होता है।

बेचने वालों में शोध एवं विकास (आरऐंडडी) क्षेत्र के डेवलपर आते हैं। इनमें अकादमिक व सरकारी प्रयोगशालाएं, प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल करने वाली छोटी कंपनियां, नियामक मंजूरी के जरिये दवाएं बनाने वाली बड़ी कंपनियां और फॉर्मूलेशन में बदलाव करने वाली जेनेरिक कंपनियां शामिल हैं। थोक निर्माता दवा विकसित करने वाले हो भी सकते हैं और नहीं भी, जबकि वितरक निर्माता से मरीज और मेडिकल संस्थानों तक दवाएं पहुंचाते हैं। इनके अलावा बड़े ऑनलाइन और अनौपचारिक सेक्टर भी हैं। खरीदारों में परिवार, बीमा कंपनियां, मंत्रालय और क्लिनिकल संस्थान शामिल हैं।

दवाओं के कीमत-निर्धारण में शोध एवं विकास, निर्माण, वितरण लागत और उचित मुनाफे को शामिल किया जाना चाहिए। दवा की कीमत खरीदार की क्रय-क्षमता के भीतर दवा की 'वैल्यू' के हिसाब से होनी चाहिए, तभी सभी पक्षों के साथ इंसाफ हो सकेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# अध्ययन-मनन में जीवन

हमें बहुत चिंतन-मनन से जीवन जीना चाहिए। बताया जाता है कि समाजवादी चिंतक राममनोहर लोहिया एक बार आइंस्टीन से मिलने गए, तो पूछा, जो अनुसंधान आपने किया, क्या उससे संतुष्ट हैं? तब आइंस्टीन की आंखें भर गईं, उन्होंने कहा, मुझे मालूम होता कि मेरे अनुसंधान से जो प्रयोग होगा, उससे लाखों लोगों की बलि हो जाएगी, प्राण पखेरू उड़ जाएंगे, तो मैं वैज्ञानिक बनना पसंद नहीं करता। ऐसे ही कपड़े का एक टुकड़ा पहनकर हाथ में छड़ी लेकर जीवनयापन कर लेता। मैं एक मनुष्य नहीं बना सकता, एक वृक्ष विकसित नहीं कर सकता, किंतु वहां कितने लोग राख हो गए।

अभिप्राय यह कि आदमी को यह चिंतन करना चाहिए कि ये जो जीवन हम जी रहे हैं, वह कहां जा रहा है या तो पढ़ें शास्त्रों को, सुने अच्छे लोगों को, सही मार्ग वालों को सुनें। ऐसा नहीं कि जब गाड़ी स्टार्ट हुई, तो सही चलावें और बाद में छोड़ दें। कदम-कदम पर सावधानी आवश्यक है। तत्परता आवश्यक है। कई लोगों को देखकर लगता है कि देवपुरुष हैं, किंतु उनके ज्ञान की दुर्बलता ने, अभ्यास की दुर्बलता ने, उन्हें गलत आदमी बना दिया। वेदों में लिखा है कि स्वाध्याय और प्रवचन से कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए।

स्वाध्याय कहते हैं कल्याणकारी शास्त्रों को पढ़ने को। मोक्ष शास्त्र पढ़ें, अध्यात्म पढ़ें और पालन करें, मनन करें, उसके अर्थ को अपने मन से जोड़ें। निरंतरता की आवश्यकता है, भोजन निरंतर, कपड़ा निरंतर, तो श्रद्धा-प्रवचन निरंतर क्यों नहीं? जैसे हम निरंतर धन कमाना चाहते हैं, भोग कमाना चाहते हैं, ठीक उसी तरह से हमें निरंतर स्वाध्याय और प्रवचन की आवश्यकता है।

यह क्रम चलता रहना चाहिए। लोग जवानी में भी बिगड़ रहे हैं और बुढ़ापे में भी बिगड़ रहे हैं। प्रेरणा, विचार, भाव में मंदी आ गई। विचार प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए यह ध्यान में हमें रखना होगा कि जो प्रारंभिक काल में शिक्षा दी गई थी, जीवन की परम सार्थकता के लिए, वह बंद नहीं होनी है। बड़े होने पर भी उस शिक्षा को नवीन करते रहना है, अपने साथ जोड़े रखना है।

भोजन बंद नहीं, स्नान बंद नहीं, तो शिक्षा कैसे बंद हो जाए? श्रेष्ठ कर्म कभी बंद नहीं होने चाहिए। बंद हो जाएंगे, तो आदमी राक्षस ही हो जाएगा। आज इसीलिए समाज बिगड़ रहा है, क्योंकि लोग पढ़ते नहीं हैं और पढ़ते हैं, तो वेदों को नहीं पढ़ते। यदि पैसे हैं और यज्ञ में उपयोग नहीं हो रहा है, दान में नहीं हो रहा है, मानव सेवा में नहीं हो रहा है, तो वह कौन-सा पैसा? ऐसा पैसा नहीं चलेगा। पैसे का सदुपयोग हो। यदि हमारे शरीर में बल है और लोगों को सताने के लिए उसका उपयोग करते हैं, तो शरीर नहीं चलेगा। यह दुर्लभ मानव शरीर सदुपयोग के लिए मिला है और यह सत्कर्मों में ही खर्च होना चाहिए।

**भोजन निरंतर, कपड़ा निरंतर, तो श्रद्धा-प्रवचन निरंतर क्यों नहीं? जैसे हम निरंतर धन व भोग कमाना चाहते हैं, ठीक उसी तरह से हमें निरंतर स्वाध्याय और प्रवचन की आवश्यकता है।**

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

इमैनुएल मैक्रों | फ्रांसीसी राष्ट्रपति



**अगर हम गाजा के मामले में निष्क्रिय बने रहते हैं, तो हमारी विश्वसनीयता क्या रह जाएगी? क्या हमें उस मंजर को देखते रहना होगा, जो हम सबको शर्मिंदा करता है?**

# सवालों के घेरे में महिला सुरक्षा का दावा

बिहार के जमुई की घटना हो या दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास की, इन मामलों से कानून-व्यवस्था, विशेष रूप से महिला सुरक्षा को लेकर सरकारी दावों पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। ये उस व्यापक प्रवृत्ति के उदाहरण मात्र हैं, जो पिछले कुछ समय से देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार दिख रही है। सवाल यह है कि जब सरकारें बार-बार कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का दावा करती हैं, तो ऐसी घटनाएं हो क्यों रही हैं, जिनमें अपराधी बेखौफ होकर सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का साहस जुटा लेते हैं।

इस समस्या के कई आयाम हैं, जिनको व्यापकता में समझना जरूरी है। पहला आयाम पुलिस प्रशासन की सक्रियता और उसकी प्रतिक्रिया से जुड़ा है। अक्सर देखा गया है कि पुलिस तभी हरकत में आती है, जब कोई घटना सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल होती है और जन-दबाव बनता है। यह इस बात का संकेत है कि निवारक पुलिसिंग, यानी अपराध होने से पहले उसे रोकने की व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है। दूसरा महत्वपूर्ण आयाम सामाजिक मानसिकता और अपराधियों के भीतर कानून के भय की कमी है। जब बार-बार यह देखा जाता है कि अपराध करने के बाद भी सजा मिलने की प्रक्रिया धीमी है या राजनीतिक संरक्षण के चलते कई मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही, तो समाज में यही संदेश जाता है कि कानून का उल्लंघन करने पर गंभीर परिणाम नहीं भुगतने पड़ते। तीसरा आयाम राजनीतिक जवाबदेही का है। सरकारों की ओर से केवल घटना के बाद प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई होती है। राजनीतिक जवाबदेही का यह अभाव लोकतंत्र में जनता और सरकार के बीच के रिश्ते को कमजोर करता है। चौथा आयाम आंकड़ों और वास्तविकता के बीच के अंतर का है। सरकारी आंकड़े अक्सर अपराध दर में गिरावट का दावा करते हैं, पर जमीनी अनुभव इसके विपरीत होता है।

इस समस्या का एक और पहलू शिक्षा और कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ा है। आज बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों से छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए दूर-दराज के कोचिंग संस्थानों तक आते-जाते हैं, अक्सर सुनसान सड़कों से होकर। इन रास्तों पर पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी निगरानी और पुलिस गश्त जैसी सुविधाओं का अभाव उन्हें असुरक्षित बना देता है। साफ है, महिला सुरक्षा एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक प्रतिबद्धता की मांग करती है, जिसमें प्रशासनिक सुधार, त्वरित न्याय प्रक्रिया, सामाजिक जागरूकता और सबसे महत्वपूर्ण, राजनीतिक इच्छाशक्ति शामिल हैं। हमारी सरकारें इस पैमाने पर खरी नहीं उतर रहीं।

**गंगा पाण्डेय**, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### महिला सुरक्षा



# पुलिस तत्परता की सराहना होनी चाहिए

महिला सुरक्षा आज केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और नागरिक अधिकारों का प्रश्न बन चुकी है। पिछले एक दशक में केंद्र और राज्य सरकारों ने कानूनी सुधार, तकनीकी व्यवस्था, त्वरित पुलिस कार्रवाई और पीड़िता सहायता तंत्र को मजबूत करने के कई कदम उठाए हैं। चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं, लेकिन यह कहना भी उचित होगा कि महिला सुरक्षा के लिए संस्थागत प्रयास पहले की तुलना में अधिक संगठित और सक्रिय हुए हैं।

सबसे जरूरी प्रयास तो कानूनी और संस्थागत पहल के रूप में किया गया। साल 2013 के आपराधिक कानून संशोधन के बाद बलात्कार, पीछा करना (स्टॉकिंग), एसिड अटैक और यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों के लिए कठोर प्रावधान बनाए गए। इसके बाद निर्भया फंड के माध्यम से सेफ सिटी परियोजनाएं, सीसीटीवी नेटवर्क, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट और महिला हेल्प डेस्क जैसी सुविधाओं का विस्तार किया गया। गृह मंत्रालय की 112 आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली ने पुलिस, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवाओं को एकीकृत कर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित की। पुलिस की सक्रियता भी स्पष्ट रूप से बढ़ी है। अधिकांश राज्यों में महिला हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में तो पेट्रोलिंग और महिला सुरक्षा को लेकर गश्त नियमित रूप से हो रही है। सार्वजनिक स्थानों, मेट्रो स्टेशन, स्कूल-कॉलेज और बाजारों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ने से माहौल पर असर पड़ा है। तकनीक ने भी पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बना दिया है। दिल्ली पुलिस का हिम्मत एप, उत्तर प्रदेश की 1090 महिला पावर लाइन व विभिन्न राज्यों के मोबाइल सुरक्षा एप महिलाओं को एक बटन दबाते ही पुलिस तक अपनी लोकेशन भेजने की सुविधा देते हैं।

हालांकि, केवल पुलिस की सक्रियता से यह समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होगी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध की शिकायतें अब बड़ी संख्या में दर्ज होती हैं। इसका एक कारण यह भी है कि पहले की तुलना में महिलाएं शिकायत दर्ज कराने के प्रति अधिक जागरूक हुई हैं। इसलिए अपराध के आंकड़ों को केवल असुरक्षा नहीं, बल्कि बढ़ती कानूनी पहुंच के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। रही बात जमुई और दिल्ली जैसी घटनाओं की, तो समझना यह भी होगा कि हर जगह पुलिस मौजूद नहीं रह सकती। पुलिस की सक्रियता घटना के बाद की उसकी प्रतिक्रिया से पता चलती है। इस मामले में दोनों राज्यों की पुलिस ने काम किया है।

**स्वीकृति कुमारी**, टिप्पणीकार

# उत्पाद निर्माण उद्योग में ऐसे पांव जमाएं

**मैन्युफैक्चरिंग में करियर केवल नौकरी तक सीमित नहीं है। तकनीकी प्रशिक्षण और अनुभव के साथ यही राह अपना कारोबार शुरू करने तक ले जा सकती है। निर्माण का क्षेत्र चुनने से पहले योग्यता, बाजार की मांग एवं निवेश क्षमता समझें। सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता द्वारा छोटे स्तर से शुरुआत करें। नौकरी से कारोबार तक कैसे बढ़ें, बता रही हैं तृप्ति मिश्रा**



**9.65** करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकृत हैं उद्यम और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर वर्तमान में।

### उद्यमिता-1

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर रोजगार के साथ अपना कारोबार शुरू करने के भी मौके दे रहा है। कृषि के बाद इसे दूसरे नंबर का सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर कहा जाता है। मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े उद्यम माइक्रो, स्मॉल ऐंड मीडियम एंटरप्राइज (एमएसएमई) के तहत आते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, एमएसएमई का देश की जीडीपी में 31.1 फीसदी, विनिर्माण उत्पादन में 35.4 फीसदी और निर्यात में 48.58 फीसदी योगदान है।

वर्तमान में उद्यम पोर्टल पर एमएसएमई के तहत 1 करोड़ 90 लाख से अधिक इकाइयां मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित दर्ज हैं। यह आंकड़ा छोटे कारोबारों के बढ़ते दायरे और मैन्युफैक्चरिंग में कारोबार की संभावनाओं को दिखाता है। वाराणसी के अमित पाल इसका उदाहरण हैं। उन्होंने जूट बैग यूनिट में दो साल काम कर मशीन, कच्चे माल, लागत और ऑर्डर का काम सीखा। अनुभव के बाद 5 लाख रुपये से अपनी यूनिट शुरू की। उनका सफर बताता है कि मैन्युफैक्चरिंग में पहले काम सीखकर छोटे स्तर से अपना कारोबार शुरू किया जा सकता है।

### मांग के हिसाब से काम

छोटे स्तर पर जूट बैग, पैकेजिंग, फुटवियर, डिस्पोजेबल कप-प्लेट, टेक्सटाइल, एलईडी बल्ब और पेपर बॉक्स जैसे उत्पादों का निर्माण किया जा सकता है। जूट बैग की 2025-26 में घरेलू खपत 12.05 लाख टन रही, जबकि सरकारी खरीद करीब 12,000 करोड़ रुपये की थी। ई-कॉमर्स और कारोबार बढ़ने से पैकेजिंग की मांग भी बढ़ रही है। कम पूंजी में अगरबत्ती या मसालों से संबंधित काम भी किया जा सकता है। वहीं, फूड प्रोसेसिंग का विकल्प भी अच्छा है। बी2बी बाजार के लिए पैकेजिंग और स्थानीय कच्चे माल से जुड़े काम देखे जा सकते हैं।

### शुरुआती पूंजी का इंतजाम

यूनिट के आकार के हिसाब से पूंजी तय करें। पहले अपनी बचत से निवेश करें, फिर जरूरत होने पर बैंक या सरकारी योजना से मदद लें।

- **पीएमईजीपी** : 50 लाख रुपये तक के मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट पर 15-35 फीसदी तक सरकारी सहायता मिल सकती है। आवेदक को 5-10 फीसदी अपनी पूंजी लगानी होती है।
- **मुद्रा योजना** : छोटे कारोबार के लिए बिना गारंटी 20 लाख रुपये तक कर्ज मिलता है। 10 लाख से अधिक के लिए पुराना कर्ज चुकाया होना जरूरी है।
- **सीजीटीएमएसई** : यह बैंक से लिए गए कर्ज पर गारंटी देता है। पात्र कारोबार के लिए गारंटी सीमा 10 करोड़ रुपये तक है।
- **आवेदन और पात्रता** : पीएमईजीपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 18 साल से अधिक उम्र का व्यक्ति पात्र है, जबकि 10 लाख रुपये से अधिक के मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के लिए कम से कम आठवीं पास होना जरूरी है। जनसमर्थ और 'पीएसबी लोन इन 59 मिनट' भारत सरकार के डिजिटल पोर्टल हैं, जहां कारोबार के लिए कर्ज के विकल्प देखे और आवेदन किए जा सकते हैं।
- **कागजी तैयारी** : एमएसएमई के लिए उद्यम रजिस्ट्रेशन, जीएसटी रजिस्ट्रेशन और कारोबार के स्तर के अनुसार फैक्ट्री लाइसेंस प्रमुख हैं।

### साल-दर-साल बढ़ीं रोजगार संभावनाएं

एमएसएमई क्षेत्र में रोजगार का दायरा बढ़ा है। 2006-07 की चौथी एमएसएमई जनगणना में 2.61 करोड़ उद्यम दर्ज थे। इनमें करीब 6 करोड़ लोग कार्यरत थे। वहीं 2010-11 में जिला उद्योग केंद्रों में कुल 21 लाख ईकाइयां आधिकारिक रूप से पंजीकृत थीं, जिनमें 93 लाख के लगभग लोगों को रोजगार मिला था। वहीं पंजीकृत और गैर पंजीकृत इकाइयों को मिलाकर उस वित्तीय वर्ष के लिए 4.29 करोड़ कामकाजी उद्यम और 9.65 करोड़ रोजगार का आंकड़ा पाने का अनुमान लगाया गया था। वर्तमान में उद्यम और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म मिलाकर 9.65 करोड़ से अधिक कुल पंजीकरण हैं और इनसे 42.72 करोड़ लोगों के रोजगार जुड़े हैं। एक मैन्यूफैक्चरिंग स्मॉल स्केल इंडस्ट्री में आमतौर पर 10 से 50 लोगों को रोजगार मिलता है।

### रोजगार चाहने वालों के लिए

कारोबार शुरू नहीं करना चाहते, तो मैन्युफैक्चरिंग में नौकरी से शुरुआत की जा सकती है। मशीन ऑपरेटर, तकनीशियन, प्रोडक्शन ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मेंटेनेंस टेक्नीशियन और पैकेजिंग जैसे पदों पर अवसर मिलते हैं। 10वीं के बाद आईटीआई या अन्य तकनीकी प्रशिक्षण से जरूरी कौशल हासिल किया जा सकता है। अनुभव बढ़ने पर बेहतर पद और वेतन के अवसर मिलते हैं। नौकरी तलाशने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पर रिक्तियां देखी जा सकती हैं। यह पोर्टल कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता व स्वरोजगार से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराता है।

### विशेषज्ञ की राय

मैन्युफैक्चरिंग उद्यम में आने वाले युवा सिर्फ मौके देखकर फैसला न करें। पहले अपनी रुचि, तकनीकी जानकारी और सीखने की क्षमता देखें। प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर पूंजी, जगह, मशीन और मैनपावर की जरूरत समझें। तकनीकी जानकारी न हो तो किसी जानकार को साथ लें। आसपास की इकाइयों और बाजार को भी देखें। लाइसेंस -रजिस्ट्रेशन की जानकारी पहले लें। कर्ज लेने से पहले यह जरूर देखें कि बिक्री कम रहने पर भी किस्त और जरूरी खर्च निकल पाएंगे या नहीं। शुरुआत छोटी रखें। अनुभव लें। काम समझ आने पर निवेश बढ़ाएं।

**-डॉ. योगेंद्र सिंह,** मैनेजिंग डायरेक्टर, सिंगारी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

### शुरुआत से पहले तैयारी जरूरी

10वीं के बाद आईटीआई से तकनीकी प्रशिक्षण और आगे पॉलिटेक्निक से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टेक्सटाइल, फुटवियर टेक्नोलॉजी या अपने चुने क्षेत्र का डिप्लोमा किया जा सकता है। सरकार द्वारा संचालित आईटीआई-पॉलिटेक्निक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर और कौशल केंद्र प्रशिक्षण के विकल्प हैं। मशीन चलाने के साथ लागत, गुणवत्ता, पैकिंग, हिसाब-किताब और बिक्री की समझ जरूरी है। किसी चलती यूनिट में काम करने से कच्चे माल, ऑर्डर और रोजमर्रा के खर्च की व्यावहारिक जानकारी मिलती है।

- **जानकारी कहां से:** कोर्स, प्रशिक्षण व आवेदन की जानकारी स्किल इंडिया डिजिटल **(skillindiadigital.gov.in)** एवं मिनिस्ट्री ऑफ माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज टेक्नोलॉजी सेंटर्स **(msmetc.gov.in)** पर देख सकते हैं।
- **बाजार देखकर काम चुनें :** मशीन खरीदने से पहले बाजार की जरूरत और प्रतिस्पर्धा को समझें। संभावित ग्राहकों की जरूरत, बजट और उत्पाद की गुणवत्ता से अपेक्षाएं समझें। यह भी देखें कि इलाके में पहले से कितनी इकाइयां काम कर रही हैं और उनके उत्पाद की कीमत क्या है। नमूना बनाकर ग्राहकों की प्रतिक्रिया लें और बाजार को परखें।
- **निवेश और कमाई का हिसाब :** काम तय करने के बाद मशीन, जगह, बिजली, कच्चे माल, मजदूरी, पैकिंग, ढुलाई और शुरुआती खर्च का अनुमान लगाएं। ऐसी जगह चुनें, जहां कच्चा माल लाना और तैयार माल भेजना आसान हो। सभी खर्च घटाकर असली मुनाफा देखें। शुरुआत आसपास के बाजार से करें। काम बढ़ने पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और बी2बी माध्यमों से शहरों व नए बाजारों तक पहुंच बढ़ाएं।

### चुनौतियां समझें

औद्योगिक अध्ययनों और एमएसएमई मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नए विनिर्माण व्यवसाय के शुरुआती 3 से 5 साल 'डेथ वैली' का दौर माने जाते हैं। इस चरण में वर्किंग कैपिटल और मार्केट की मांग संभालना सबसे बड़ी चुनौती होती है। जो इकाइयां यह चरण पार कर लेती हैं, उनकी स्थिरता एवं वृद्धि की संभावना बढ़ती है।

## जॉब/करियर

- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इंजीनियरिंग सर्विसेज इग्जामिनेशन 2027 के लिए अधिसूचना जारी की गई है। आवेदन ऑनलाइन करना होगा।
**कुल पद:** 480
**अंतिम तिथि:** 06 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें-**upsc.gov.in**
- सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट में एमटीएस, साइंटिफिक असिस्टेंट समेत अन्य पद रिक्त हैं।
**कुल पद:** 110
**अंतिम तिथि:** 12 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। वेबसाइट है- **cpri.res.in**
- गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस), ग्रेटर नोएडा में स्टाफ नर्स के पदों पर आवेदन करने का अवसर है।
**कुल पद:** 100
**अंतिम तिथि:** 07 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन माध्यम से। संबंधित वेबसाइट **gims.ac.in** पर लॉगइन करें।
- मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कन्सल्टेंसी लिमिटेड में अकाउंटेंट, टेक्निशियन समेत अन्य पदों पर आवेदन का अवसर है।
**कुल पद :** 122
**अंतिम तिथि:** 11 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन माध्यम से। बैंक की वेबसाइट है - **mecl.co.in**
- जनपद गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे। केवल महिला उम्मीदवार आवेदन ही पात्र होंगी।
**कुल पद :** 207
**अंतिम तिथि:** 05 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। इस वेबसाइट **upanganwadibharti.in** पर जाएं।
- दिल्ली उच्च न्यायालय में सीनियर पर्सनल असिस्टेंट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पदों पर ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं।
**कुल पद :** 150
**अंतिम तिथि:** 05 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें **delhihighcourt.nic.in**
- यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर के पद रिक्त हैं। आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।
**कुल पद :** 225
**अंतिम तिथि:** 28 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है - **uiic.co.in**
- कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिल्ली पुलिस एवं सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सब-इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है।
**कुल पद:** 1871
**अंतिम तिथि:** 30 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें-**ssc.gov.in**



- नेशनल इन्फॉर्मेटिक सेंटर में साइंटिफिक/ टेक्निकल असिस्टेंट-ए के पद पर ऑनलाइन आवेदन का मौका है।
**कुल पद :** 376
**अंतिम तिथि:** 30 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है- **nic.gov.in**

(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

### भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**

# जेईई मेन और एडवांस्ड की तैयारी का तरीका समझें

### एक्सपर्ट टिप्स



डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर

**■ आईआईटी जेईई मेन और एडवांस्ड क्या हैं? इनमें क्या अंतर है और अच्छे स्कोर के साथ इन्हें क्रैक करने के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए?**
**- अमित कुमार**

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) भारत में स्नातक स्तर के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रमुख प्रवेश परीक्षा है। इसके दो चरण हैं- जेईई मेन व जेईई एडवांस्ड। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेन के माध्यम से एनआईटी, आईआईआईटी और अन्य संबद्ध संस्थानों के बीई/बीटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलता है।

यह जेईई एडवांस्ड के लिए पात्रता परीक्षा भी है। जेईई मेन साल में दो सत्रों-जनवरी और अप्रैल में आयोजित होती है। विद्यार्थी किसी एक या दोनों सत्रों में शामिल हो सकते हैं। मौजूदा नियमों के अनुसार, 12वीं पास करने के बाद उम्मीदवार लगातार तीन वर्षों तक जेईई मेन दे सकते हैं और हर वर्ष अधिकतम दो सत्रों में परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। जेईई एडवांस्ड आईआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली प्रमुख कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। पात्रता शर्तें पूरी करने वाला उम्मीदवार लगातार दो वर्षों में अधिकतम दो बार यह परीक्षा दे सकता है। जेईई मेन में एनटीए पर्सेंटाइल स्कोर जारी किया जाता है, जो परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों की तुलना में छात्र के प्रदर्शन को दर्शाता है।

वहीं, जेईई एडवांस्ड के परिणाम के आधार पर मुख्य रूप से आईआईटी में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया रैंक तय की जाती है। तैयारी की शुरुआत कक्षा 11वीं और 12वीं के भौतिकी, रसायन विज्ञान व गणित (पीसीएम) के पाठ्यक्रम की मजबूत समझ के साथ करनी चाहिए। खासकर रसायन विज्ञान के लिए एनसीईआरटी को अच्छी तरह पढ़ना चाहिए।



छात्रों को धीरे-धीरे कठिन होते सवालों का अभ्यास करना चाहिए, नियमित रूप से रिवीजन करना चाहिए और लगातार मॉक टेस्ट देते रहना चाहिए। जेईई मेन की तैयारी में तेजी, सटीकता और समय प्रबंधन पर जोर देना चाहिए, जबकि जेईई एडवांस्ड के लिए विषयों की गहरी समझ, तार्किक सोच और एक से अधिक अवधारणाओं को जोड़कर सवाल हल करने की क्षमता जरूरी है।

**■ पढ़ाई के दौरान अक्सर घबराहट रहती है कि मैं जो पढ़ रहा हूं, वह सही है या नहीं। इस कारण बार-बार टॉपिक बदल देता हूं और कोई भी टॉपिक पूरा नहीं हो पाता। इस समस्या से कैसे निकलूं?**
**- करन राजभर**

यह पढ़ाई से जुड़ी एक आम समस्या है। इसकी मुख्य वजह है कि छात्र यह तय करने में ही ज्यादा समय लगा देते हैं कि क्या पढ़ना सही रहेगा। इस असमंजस में वे बार-बार विषय बदलते रहते हैं। इससे उन्हें लगता है कि वे लगातार पढ़ रहे हैं, लेकिन कोई भी विषय पूरा नहीं कर पा रहे। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि हर समय अपनी तैयारी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त रहना संभव नहीं है। एक बार पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री और आगे की रणनीति तय कर लें, तो बार-बार बेहतर विकल्प तलाशने के बजाय उसी पर भरोसा करें और लगातार उसी के अनुसार पढ़ाई करें।

पहले से तय करें कि क्या पढ़ना है और कितनी देर पढ़ना है। दूसरे विषय पर जाने से पहले एक छोटा और स्पष्ट लक्ष्य पूरा करें, जैसे एक अध्याय पूरा करना या तय संख्या में सवाल हल करना। अपने सवालों और शंकाओं को नोट करते जाएं और उनके समाधान के लिए एक तय समय निर्धारित करें।

बेहतर होगा कि दिन के अंत में एक बार ऐसा करें। 45-60 मिनट तक एकाग्र होकर पढ़ें और फिर थोड़ा ब्रेक लें। अंत में यह लिखें कि आपने वास्तव में क्या पूरा किया, न कि तैयारी को लेकर कितनी चिंता की। हर सप्ताह के अंत में एक छोटी परीक्षा दें और उसके नतीजे से तय करें कि किन विषयों में सुधार की जरूरत है। जैसे-जैसे पढ़ाई पूरी होगी और प्रगति दिखेगी, असमंजस कम होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**(www.sanjibacharya.com)**

## हिन्दुस्तान क्विज-24

**हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...**

1. हिन्दुस्तान के किस राज्य में गारो- खासी- जयंतिया पर्वत स्थित है?
2. भारतीय परंपरा के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान किस पर्वत को मंथन के लिए देवताओं और असुरों के द्वारा इस्तेमाल किया गया था?
3. रामायण में लंकापति रावण की महारानी का क्या नाम था?
4. हिन्दुस्तान की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन का क्या नाम है?
5. हिन्दुस्तान में आधुनिक समय की औद्योगिक स्तर पर काम करने वाली तांबे की सबसे पुरानी खदान कहां है?
6. रणजी ट्रॉफी का जो स्थान क्रिकेट में है हिन्दुस्तान में फुटबॉल में किस ट्रॉफी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता का स्थान प्राप्त है?
7. किस मशहूर हिन्दुस्तानी की आत्मकथा का नाम 'गोल' है?
8. मोहन राकेश के मशहूर नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' किस साहित्यकार के जीवन पर आधारित है?
9. हिन्दुस्तान के किस राज्य में ' खीर भवानी देवी' का मंदिर स्थापित है?
10. 'जिगरठंडा' नाम का पेय हिन्दुस्तान के किस राज्य में मिलता है ?




उत्तर : 1. मेघालय 2. मंदार पर्वत 3. मंदोदरी 4. विवेक एक्सप्रेस 5. घाटशिला (झारखंड) 6. संतोष ट्रॉफी 7. ध्यानचंद 8. कालिदास 9. जम्मू और कश्मीर 10. तमिलनाडु

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। संतान की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाए रखें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। किसी पारिवारिक कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सेहत के प्रति सचेत रहें।

**कन्या :** आत्मविश्वास से तो परिपूर्ण रहेंगे, परंतु संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परंतु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। बातचीत में संतुलित रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मकर :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में सुधार होगा।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की संभावना बन रही है। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**24 सितंबर**, गुरुवार, **शक संवत्** : 02, आश्विन (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग** : 08, आश्विन मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम** : 12, रबि-उल्सानी,1448 **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी तिथि रात्रि 11.19 मिनट तक पश्चात चतुर्दशी तिथि, धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 10.35 मिनट तक पश्चात शतभिषा नक्षत्र, धृति योग अपराह्न 03.55 मिनट तक पश्चात शूल योग, चन्द्रमा कुंभ राशि में (दिन रात)।

**सूर्य दक्षिणायन।** शरद ऋतु। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। प्रदोष व्रत। पंचक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**स्वयं का नर्सरी स्कूल होने के बावजूद बच्चे बढ़ नहीं पा रहे, तो क्या करें-**

- स्कूल पूर्व मुखी है, जिसका मुख्य द्वार पूर्व से दक्षिण दिशा की ओर है। इस कारण सफलता नहीं मिल रही है। यह द्वार आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। स्कूल की पश्चिम दिशा भी नीची है। इस कारण बच्चे बढ़ नहीं पा रहे। इस दिशा का नीचा होना वास्तु अनुसार आर्थिक स्थिति को कमजोर करता है।
- स्कूल का मुख्य द्वार बदलकर पूर्व दिशा की ओर कर दें। पश्चिम दिशा की नीची जगह को ऊंचा करवाएं। मुख्य द्वार पर एक गमले में हरसिंगार का पौधा लगाएं।
- कक्षा में बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था ऐसी करें कि उनका मुख पूर्व की ओर हो।

### वर्ग पहेली : 8461

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | | | 7 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 8 | | | | | |
| 9 | | 10 | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ |
| 14 | ■ | | ■ | 15 | ■ | 16 | | |
| 17 | | | | | 18 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | 19 | | | | |
| 20 | | | | ■ | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
3. बिना विलंब किए; तत्काल; तुरंत; फौरन; शीघ्र (4)
6. क्रीड़ा उपवन; इंद्र की वाटिका (5)
8. आभा; कांति; तड़क भड़क; दीप्ति; शान (3,3)
9. एक ही तरह की सौ चीजों का संग्रह; सैकड़ा (3)
11. पांसे फेंक कर शुभ अशुभ फल जानने की विद्या (3)
12. घातक; नाशक; निवारक; प्रभाव मंदक; प्राणघाती; मर्मांतक; हिंस्र (3)
16. नामवाला; नाम से प्रसिद्ध (3)
17. ठसक; नाज नखरा; बनाव सिंगार; वेशविन्यास और हावभाव (3,3)
19. स्वार्थ सिद्ध करना; काम पूरा करना (2,3)
20. तरल धातु; सबसे भारी तरल; पारद; पारा (4)

**ऊपर से नीचे**
1. उत्तरकाल में; उसके उपरांत; बाद में (5)
2. छाल; आवरण; जिरह बख्तर (3)
4. झगड़ा करना; दावा करना; बहस करना; मुकदमा चलाना (3,3)
5. भटकना; पथभ्रष्ट होना; चूकना; आपे में न रहना (4)
7. औषर, करकच; खारी; लवण (3)
10. आमादा होना; तैयार होना; दृढ़ निश्चय करना; सन्नद्ध होना (3,3)
13. विष्णु (5)
14. नाचमहल; नृत्यशाला; नृत्यालय (4)
15. डर; भय; चिंता; दरवाजे की सिटकनी (3)
18. रमा; लक्ष्मी (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8460

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 प | ■ | 2 स | 3 ह | ले | 4 ख | क | ■ |
| 5 ता | रि | का | ■ | म | ■ | र | ■ | 6 त |
| ■ | चा | ■ | 7 पू | रा | न | प | ड़ | ना |
| 8 सा | रि | 9 का | ■ | ज | ■ | त | ■ | व |
| ■ | 10 का | म | ना | ■ | 11 से | वा | 12 ले | ■ |
| 13 प | ■ | क | ■ | 14 का | ■ | 15 रे | ह | ना |
| 16 सं | हा | र | क | र | ना | ■ | ल | ■ |
| द | ■ | वा | ■ | ग | ■ | 17 मु | हा | ना |
| ■ | 18 म | ना | क | र | ना | ■ | ना | ■ |

### सुडोकू : 8415

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | | | 2 | | | 7 |
| | | 7 | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | 3 | | 1 |
| | | | 6 | | 9 | 7 | | |
| 4 | | | | | | | | 8 |
| | | 9 | 8 | | 3 | | | |
| 7 | | 5 | | | | | 1 | |
| | 2 | | | | | 4 | | |
| 8 | | | 3 | | | 5 | 6 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 2 | 7 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

## संपादकीय

# 'अ'धर्माचे विसर्जन व्हावे

